


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों जरूरी हो जाती है इच्छामृत्यु व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -240, पृष्ठ -16+4, मूल्य-5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आज का मौसम: 38.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 39 सूर्यास्त 18 : 36

कानपुर, रविवार, 21 अप्रैल 2024

सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज...-15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

## यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का दबदबा, हाईस्कूल के 89.55%, इंटरमीडिएट के 82.60% विद्यार्थी उत्तीर्ण

# 10वीं में प्राची, 12वीं में शुभम टॉपर

- हाईस्कूल में प्राची को मिले 98.50%, फतेहपुर की दीपिका दूसरे व सीतापुर की नव्या को तीसरा स्थान
- इंटरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा को मिले 97.8% बागपत के विशु दूसरे व अमरोहा की काजल को तीसरा स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दसवीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए। शनिवार को घोषित परिणामों के अनुसार, दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी है। हाईस्कूल में जहां छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों के मुकाबले 7.35 ज्यादा रहा वहीं इंटरमीडिएट में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 10.64 अधिक रहा। हाईस्कूल में 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी जबकि इंटमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए। 10वीं के परीक्षाफल में जहां टॉप 3 में छात्राओं ने बाजी मारी वहीं 12वीं में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 अंक के साथ टॉप किया।

दरअसल, इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में सीतापुर के ही परीक्षार्थियों ने उप्र. में टॉप किया है। हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है, जबकि फतेहपुर की दीपिका सोनकर (98.33 प्रतिशत) दूसरे और सीतापुर की ही नव्या सिंह (98 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इंटरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बागपत के विशु चौधरी (97.60 प्रतिशत) दूसरे और अमरोहा की काजल सिंह (97.60 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं।



कानपुर के अर्रा स्थित शिवा जी इंटर कॉलेज में परीक्षाफल घोषित होने के बाद छात्र-छात्राएं खुशी जाहिर करते हुए। ● अमृत विचार

हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक और 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। इस परीक्षा में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 जबकि, बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। कुल परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इंटरमीडिएट में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक और 9,82,778 बालिकाएं हैं। इसमें बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। कुल परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है।

हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 29,36,353 संस्थागत एवं 11,982 व्यक्तिगत समेत कुल 29,47,335 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें 27,38,999 संस्थागत और 10,365 व्यक्तिगत यानी कुल 27,49,384 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इन परीक्षार्थियों में से 14,39,243 बालक जबकि 13,10,121 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें 24,55,041 संस्थागत और 6.985 व्यक्तिगत समेत कुल 24,62,026 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.63 और व्यक्तिगत का उत्तीर्ण प्रतिशत 67.39 है। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 22.24 अधिक है। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 94802 परीक्षकों द्वारा संपन्न किया गया। शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डॉ. महेन्द्र देव और माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकान्त शुक्ल ने बताया कि इस साल यूपी बोर्ड ने पहली बार रिकॉर्ड 12 कार्य दिवसों में परीक्षा संपन्न कराई है और साथ ही रिकार्ड 12 कार्य दिवसों में ही परिणाम जारी किया।

### हाईस्कूल टॉपर



प्राची निगम



दीपिका



नव्या

### इंटरमीडिएट टॉपर



शुभम वर्मा



विशु



काजल

### आदित्य को तीसरा व अनिकेत को पांचवा स्थान



अदित्य यादव



अनिकेत साहू

**कानपुर।** शिवाजी इंटर कॉलेज अर्रा के इंटरमीडिएट के छात्र आदित्य कुमार यादव ने 97 .4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। आदित्य के पिता शिव प्रकाश यादव पेशे से किसान है। आदित्य एनडीए की तैयारी कर सेना में अधिकारी बन कर देश की सेवा करना चाहते हैं। इसी विद्यालय के अनिकेत साहू ने इंटर में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पांचवा स्थान हासिल किया। अनिकेत आईएएस अफसर बनना चाहते है।

### इंटरमीडिएट में फर्स्ट डिवीजन छात्र बढ़े

**लखनऊ।** इंटरमीडिएट में 24,25,426 संस्थागत और 15,25,581 व्यक्तिगत समेत कुल 25,78,007 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। 23,16,910 संस्थागत और 1,35,920 व्यक्तिगत समेत कुल 24,52,830 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इन परीक्षार्थियों में 13,41,356 बालक और 11,11 .474 बालिकाएं रहीं। वहीं 19,08,647 संस्थागत तथा 1,17,420 व्यक्तिगत समेत कुल 20,26,067 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82 .38 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86 .39 रहा। वर्ष 2023 की तुलना में इण्टरमीडिएट के कुल परीक्षार्थियों की संख्या में 1,90,173 की कमी हुई है।

## एक नजर

### अभिनेता पंकज त्रिपाठी के जीजा की हादसे में मौत

**धनबाद।** बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी के जीजा राकेश तिवारी की शनिवार को एक सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि त्रिपाठी की बहन सबिता तिवारी इस हादसे में घायल हुई हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे दिल्ली-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 पर निरसा बाजार में तब हुआ जब तिवारी दंपती की कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि दंपती बिहार के गोपालगंज जिले से पश्चिम बंगाल जा रहा था।

### जोमैटो को 11.82 करोड़ का कर नोटिस

**नई दिल्ली।** जोमैटो को जीएसटी प्राधिकरण से 11.82 करोड़ रुपये की कर मांग और जुर्माना देने का आदेश मिला है। कंपनी के जुलाई 2017 से मार्च 2021 के बीच भारत के बाहर स्थित उसकी सहायक कंपनियों को दी गई निर्यात सेवाओं के संबंध में यह नोटिस मिला। यह आदेश अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, गुरुग्राम ने जारी किया। इसमें 5,90,94,889 रुपये की जीएसटी मांग के अलावा 5,90,94,889 रुपये का ब्याज और जुर्माना शामिल है। जोमैटो ने शुक्रवार देर शाम शेयर बाजार को बताया कि कंपनी उचित प्राधिकारी के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी।

### पालतू कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर किया घायल

**नोएडा :** गौतमबुद्ध नगर जिले के एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में पालतू कुत्ते द्वारा एक बच्चे पर कथित तौर पर हमला कर उसे घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना एक्सप्रेसवे की प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि अन्नपूर्णा सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह सेक्टर 168 स्थित एक सोसाइटी में रहती हैं और शुक्रवार की शाम को उनका बेटा अर्थव सिंह लिफ्ट से जा रहा था कि इसी दौरान सोसाइटी में रहने अनुज वाही का बेटे अपने पालतू कुत्ते के साथ लिफ्ट में आया और तभी कुत्ते ने अर्थव पर हमला कर दिया।

### लॉरेंस बिश्नोई व उसका भाई वांछित आरोपी घोषित

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी की घटना मामले में वांछित आरोपी घोषित किया है। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि मामले में गिरफ्तार विक्की गुप्ता और सागर पाल को कथित तौर पर बिश्नोई बंधुओं से निर्देश मिल रहे थे। अधिकारी ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई एक अन्य मामले में गुजरात की साबरमती केंद्रीय जेल में बंद है, लेकिन माना जाता है कि उसका भाई कनाडा या अमेरिका में है।

## मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का निधन



**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद व मुरादाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का शनिवार को दिल्ली में निधन हो गया। उनका कैंसर का इलाज चल रहा था।

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मुरादाबाद सीट से उन्हें चौथी बार प्रत्याशी बनाया था। वह 2009 से लगातार लोकसभा चुनाव में भाजपा से प्रत्याशी रहे। जिसमें 2014 में वह इस सीट से चुनाव जीत कर सांसद बने। जबकि 2019 में वह सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन से हार गए। 2024 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें फिर से प्रत्याशी बनाया। वह 12 अप्रैल को मुरादाबाद में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा में मंच पर आए थे। उनके निधन की सूचना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शोक जताया और कहा कि कुंवर सर्वेश का निधन भारतीय जनता पार्टी और उनके लिए व्यक्तिगत आघात है। वह पार्टी के स्तंभ थे। एक बार सांसद व पांच बार पार्टी के विधायक रहे।

## भाजपा ने अमीरों को पैसा बांटा, हम गरीबों को देंगे



अमरोहा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी दानिश अली और विधायक महबूब अली। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मिनी स्टेडियम में जनसभा को किया संबोधित
- सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले- युवाओं को बेरोजगार रखना चाहती है भाजपा

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने जितना पैसा अमीरों को दिया, हम गरीबों को देंगे। केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो उद्योगपतियों को दिया गया पैसा किसानों और गरीबों को दिया जाएगा।

युवाओं के लिए पहली नौकरी पक्की नाम से योजना लागू होगी। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएट युवाओं को अप्रेंटिस का हक दिया जाएगा। अग्निवीर योजना को रद कर दिया जाएगा। युवाओं को रोजगार के नाम पर भाजपा ने ठगा है। पहले युवाओं को सेना में रोजगार और पेंशन मिलती थी। शहीद होने का दर्जा मिलता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह सब बंद कर दिया। अग्निवीर को शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। इसके बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा युवाओं को बेरोजगार रखना चाहती है। जितनी भी परीक्षाएं हुईं, सबका पेपर लीक हुआ है। भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है।

## स्वामी प्रसाद को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**लखनऊ।** कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी कराने व मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या को राहत देने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि स्वामी प्रसाद के विरुद्ध प्रथम दृष्टया आरोप हैं, जिन पर ट्रायल कोर्ट में ही विचार हो सकता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने परिवाद की कार्यवाही व गैर जमानती वारंट को निरस्त किए जाने की मांग वाली स्वामी की याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया। सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया कि संघमित्रा का तलाक़ हो गया है लिहाज़ा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से शादी कर ली, हालांकि बाद में जब उसे पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

## केजरीवाल ने गिरफ्तारी से महीनों पहले इंसुलिन लेना बंद कर दिया था

नई दिल्ली, एजेंसी

**अमृत विचार:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी से महीनों पहले इंसुलिन का इंजेक्शन लगवाना बंद कर दिया था। वह साधारण मधुमेह रोधी दवा ले रहे थे। अधिकारियों ने तिहाड़ जेल प्रशासन की ओर से उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेजी गई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए शनिवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने इसके जवाब में कहा कि रिपोर्ट ने भाजपा की 'साजिश' का 'पर्दाफाश' कर दिया है। उन्होंने पूछा, ''भाजपा के इशारे पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है। मुख्यमंत्री 12 साल से इंसुलिन ले रहे हैं, तिहाड़ प्रशासन को उन्हें इंसुलिन देने में क्या दिक्कत है?'' दिल्ली की मंत्री ने यह भी दावा किया कि जेल जाने से पहले केजरीवाल रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन लेते थे। अधिकारियों ने तिहाड़ प्रशासन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि केजरीवाल ने कुछ महीने पहले इंसुलिन का इंजेक्शन लगवाना बंद कर दिया था और अपनी गिरफ्तारी

तिहाड़ प्रशासन की रिपोर्ट



के समय, वह 'मेटफॉर्मिन' नामक एक साधारण मधुमेह रोधी गोली का सेवन कर रहे थे। केजरीवाल तेलंगाना के एक निजी चिकित्सक से मधुमेह का उपचार करा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि तिहाड़ जेल में अपनी स्वास्थ्य जांच के दौरान केजरीवाल ने चिकित्सकों को बताया कि वह ''पिछले कुछ वर्षों से इंसुलिन ले रहे थे और कुछ महीने पहले इसे लेना बंद कर दिया था।'' केजरीवाल को दिल्ली सरकार की रद्द हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड के अनुसार, केजरीवाल को ''न तो किसी इंसुलिन की सलाह दी गई थी और न ही इंसुलिन की कोई आवश्यकता बताई गई थी।''

## माध्यमिक संस्कृत शिक्षा बोर्ड का परिणाम जारी

**अमृत विचार, लखनऊः** माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का परिणाम शनिवार को जारी कर दिया गया। राजधानी के पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय परिषद के सचिव शिवलाल ने परिणाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल(पूर्व मध्यमा) में इस बार 87.42 फ़ीसदी छात्र पास हुए है। जबकि उत्तर मध्यमा 11वीं और 12वीं को जोड़कर कुल 86.83 परीक्षार्थी पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व मध्यमा परीक्षा में कुल 19232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें 16816 छात्रों ने परीक्षा दिया।

14701 छात्र इस परीक्षा में पास हुए है। पास होने वालों में बालकों की संख्या 10703 और बालिकाओं की संख्या 3998 है। उत्तर मध्यमा में कुल 13784 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें 11873 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। पास होने वालों में लड़कों की संख्या 8523 और लड़कियों की संख्या 3350 है। इस बार संस्कृत बोर्ड की परीक्षा 23 फरवरी से 20 मार्च तक चली थी।

## ट्रैक्टर ट्रॉली में ट्रक ने मारी टक्कर, 4 महिलाओं की मौत

छिबरामऊ-कन्नौज

**अमृत विचार:** मैनपुरी क्षेत्र में भोगांव के एनएच 34 कट पर शनिवार सुबह खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में ट्रक ने टक्कर मार दी। चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि करीब 24 लोग घायल हो गए।

कोतवाली छिबरामऊ क्षेत्र की चौकी करनौली के गांव कुंवरपुर लोधपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री मैनपुरी के थाना बिछवां के गांव बेलधारा में ब्याही है। पुत्री ने 10 दिन पहले बेटे को जन्म दिया था। शुक्रवार को उसका नामकरण संस्कार होना था। वीरेंद्र परिजनों के साथ ट्रैक्टर ट्राली से गांव बेलधारा गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर ट्राली से ही घर लौट रहे थे। भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुरी के पास पहुंचने पर ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई। चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और लाइट ठीक करने लगा। बताते हैं कि तभी पीछे से आए ट्रक ने ट्राली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर समेत ट्राली पलट गई। हादसा होते ही चीखपुकार मच गई। ट्राली में सवार फूलमती (48) पत्नी अवधेश, रमाकांति (45) पत्नी दफेदार, संजय देवी (42) पत्नी राजेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि 25 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां द्रोपदी देवी (56) पत्नी विशुन दयाल ने भी दम तोड़ दिया। सभी मृतक और घायल गांव कुंवरपुर लोधपुर छिबरामऊ के निवासी हैं। गंभीर रूप से 11 घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

रहस्य-रोमांच | बैंगनी बैक्टीरिया में कई प्रकार की परिस्थितियों में पनप सकता है जीवन

## बैगनी रंग के ग्रहों में छिपा हो सकता एलियंस का जीवन

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** एलियंस की तलाश पृथ्वी के हरे रंग के विपरित बैगनी रंग के ग्रहों में करनी होगी। बैंगनी वह रंग है, जिसमें बैक्टीरिया कई प्रकार की परिस्थितियों में जीवन पनपाने में सक्षम है। एलियंस की तलाश में जुटे वैज्ञानिकों को यह सुझाव कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने दिया है।

दरअसल कई दशक बीत जाने के बावजूद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश अभी भी अधूरी है। एलियंस की खोज की दिशा में दुनिया के कई संस्थाओं के वैज्ञानिक जुटे हुए हैं। मगर कोई सुराग आजतक हाथ नही लग सका है। अब एक नया सुझाव सामने आया है। जिसमें पृथ्वी के हरे रंग की विशेषता बताई गई है और किस प्रकार से अन्य ग्रहों पर बैगनी मे जीवन हो सकता है, इस संदर्भ में बताया गया है। कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार जब हम अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखते हैं तो पृथ्वी हरे रंग में रंगी नजर आती है। हरे रंग का अर्थ जीवन होता है। यह पेड़, घास, फसलों और क्लोरोफिल की मदद से उगने वाली हर चीज़ का प्रतिनिधित्व करता है। क्लोरोफिल एक वर्णक है, जो लगभग सभी पौधों में पाया जाता है जो सूर्य से ऊर्जा को अवशोषित करने और प्रकाश को ईंधन में बदलने के लिए प्रकाश संश्लेषण का उपयोग करता हैं। क्लोरोफिल पौधों को हरा रंग भी देता है, लेकिन सूर्य के प्रकाश या ऑक्सीजन के बिना पृथ्वी के वातावरणों में जीवन ऊर्जा के लिए अवरक्त विकिरण का उपयोग करता है। इनके अलावा कई बैक्टीरिया बैंगनी रंग के होते हैं। अब सोचने वाली बात है कि क्या किसी अन्य ग्रह की दुनिया में जीवन सूर्य के प्रकाश के बजाय अवरक्त विकिरण का उपयोग करता है। इस सोच की वजह से हमें बैंगनी ग्रहों की तलाश करनी होगी।

### रासायनिक तकनीक आधारित दूरबीनों का निर्माण हो

**नैनीताल :** तकनीकी रूप से बैंगनी बैक्टीरिया के कई रंग होते हैं , जिनमें पीला, नारंगी, भूरा और लाल रंग शामिल हैं। ये सभी बैक्टीरिया ऐसी स्थितियों में रहते हैं जो जीवित रहने के लिए अवरक्त प्रकाश या गर्मी का उपयोग करते हैं। वर्तमान में एलियंस की तलाश में एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप और हैबिटेबल वर्ल्ड्स वेधशाला जुटी हुई हैं।



## टेस्ला के मालिक मस्क ने रद किया भारत दौरा

नई दिल्ली, एजेंसी



टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा टाल दिया है। बताया गया है कि मस्क ने खुद इस दौरे को कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया। बता दें कि मस्क सोमवार को ही भारत आकर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से यात्रा टाल दी ।

मस्क ने इसे लेकर एक्स पर अपने हैंडल से पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे टेस्ला के प्रति जिम्मेदारी के चलते भारत दौरा टालना पड़ रहा है। लेकिन मैं इस साल ही भारत आने का मौका देख रहा हूं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने मस्क के दौरे के टलने की पुष्टि की है।

### दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली इसलिए भारत दौरा रद कर दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित करने को लेकर मोदी सरकार पर कटाक्ष किया और चुनाव का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए दावा किया कि अमेरिकी अरबपति ने भी दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है। मस्क ने कहा कि भारत यात्रा कंपनी संबंधी भारी दायित्वों के कारण टाल दी गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि, मस्क एक निवर्तमान प्रधानमंत्री (मोदी) से मिलने भारत आ रहे थे। उन्होंने भी अब दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है और यात्रा स्थगित करने का फैसला किया।

# मेधा की उड़ान



## हाईस्कूल परीक्षाफल

रिद्धिमा पाल 96 %
शिवाजी इंटर कॉलेज

आंशिका साहू 97 %
सरदार पटेल इंटर कॉलेज

खुशी त्रिवेदी 97 .33 %
शिवाजी इंटर कॉलेज, अर्रा

आर्यन शुक्ला 94 .66%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

अबुजार मर्गूभ 94 .16%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

कृष्णा कश्यप 93 .33%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

असद महमूद 93 .16%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

श्रुति साहू 92 .83%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

शुभ मिश्रा 92 .66%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

आदित्य प्रताप सिंह 92 .33%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

शिवांश शर्मा 96%
बीएसएस इंटर कॉलेज

हर्ष गुप्ता 95%
डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज

आयुष सिंह 92 .16%
डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज

अथर्व मिश्रा 91.66%
डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज

आस्था 91.66%
डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज

संजय कुमार 90 .83%
डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज

गौरव यादव 96%
कामद सरस्वती इंटर कॉलेज

प्रिंसी गुप्ता 95%
कामद सरस्वती इंटर कॉलेज

ईशा सचान 95%
कामद सरस्वती इंटर कॉलेज

इकरा बानो 78%
प्रकाश विद्या मंदिर

प्राची प्रजापति 93 .03%
ज्ञान निकेतन स्कूल, शास्त्रीनगर

दिव्या प्रजापति 93 .03%
ज्ञान निकेतन स्कूल, शास्त्रीनगर

विशी शर्मा 94 .08%
ज्ञान निकेतन स्कूल, शास्त्रीनगर

अर्जुन दीक्षित 94%
आरएस एजुकेशन सेंटर

ओम चक 93%
आरएस एजुकेशन सेंटर

दिव्यांशी 93%
आरएस एजुकेशन सेंटर

सक्षम तिवारी 92%
आरएस एजुकेशन सेंटर

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें



ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर में खुशी जाहिर करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# आज मेरे मम्मी-पापा जीवित होते तो खुशी से झूम उठते...

## हाईस्कूल की परीक्षा में ओंकारेश्वर के अर्पित सिंह को मिले हैं 94.66 फीसदी अंक

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार।** आज माता-पिता जीवित होते तो वह परीक्षाफल देखकर खुशी से झूम उठते। मुझे प्यार से गले लगाते और मिठाई खिलाकर बधाई देते। लेकिन अफसोस वह अब इस दुनिया में नहीं हैं। कोरोना से माता-पिता की मौत हो गई थी। यह शब्द ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण छात्र अर्पित सिंह के हैं। वह कॉलेज हॉस्टल में रहता है, कॉलेज ही पूरा खर्च वहन करता है।



अर्पित सिंह।

कल्याणपुर निवासी अर्पित सिंह ने हाईस्कूल की परीक्षा में 94.66 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। अच्छे अंक हासिल करने की खुशी तो

● **छात्र अर्पित सिंह के माता-पिता की कोरोना काल में हो गई थी मौत**

अर्पित के चेहरे पर थी लेकिन इस खुशी में माता-पिता के शामिल नहीं होने का गम भी साफ नजर आ रहा था। अर्पित ने बताया कि वह ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में कक्षा आठ से अध्ययनरत हैं। वर्ष 2020 में कोरोना से पिता शंकर सिंह की मौत हो गई थी। उसके बाद मां निशा सिंह का ही सहारा बचा था, लेकिन वर्ष 2021 में फिर कोरोना आया तो उस दौरान मां निशा की भी मौत हो गई थी। इसके बाद अर्पित स्कूल पहुंचा तो कॉलेज की प्रबंध निदेशक डॉ.पूजा अवस्थी और संरक्षक डॉ.आनंद सिंह ने छात्र अर्पित में जोश व जज्बा भरा। छात्र अर्पित सिंह ने गुरुओं से मिले ज्ञान और अपनी मेहनत व लगन के जरिए हाईस्कूल में 94.66 फीसदी अंक प्राप्त किए। अर्पित ने अपनी इस सफलता श्रेय शिक्षकों को दिया। कहा कि वह आगे चलकर इंजीनियरिंग करेंगे। कॉलेज के संरक्षक डॉ.आनंद सिंह व प्रधानाचार्य डॉ.पूजा अवस्थी का कहना है कि अर्पित ने अत्यंत विषम हालात में कड़ी मेहनत की और सफलता हासिल कर कॉलेज का मान बढ़ाया। कॉलेज प्रशासन का उसे पूरा सहयोग रहता है।

# ओंकारेश्वर के बच्चों ने मारी बाजी

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी। कॉलेज के संरक्षक डॉ.अंगद सिंह, प्रबंध निदेशक डॉ.पूजा अवस्थी व प्रधानाचार्य राम मिलन सिंह ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इंटरमीडिएट की परीक्षा में कॉलेज की अक्षिता बाजपेयी ने 94.60 फीसदी, अनमोल त्रिपाठी ने 94 फीसदी, जिज्ञासा दोसर व श्रेया शुक्ला ने 92.40 फीसदी, जतिन साहू ने 92.20 फीसदी, मनिका शुक्ला ने 91.60 फीसदी व सलिल जायसवाल ने 91.20 फीसदी अंक प्राप्त किए।



दिव्यांशी तिवारी

ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा दिव्यांशी तिवारी ने हाईस्कूल में 96 फीसदी अंक लाकर जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया। बताया कि पिता योगेंद्र कुमार तिवारी बिजनेस मैन और मां आरती तिवारी बहराइच में शिक्षिका हैं। वह कॉलेज के हास्टल में रहकर अध्ययन करती है। नोट्स व शिक्षकों की बताई बात मानकर सफलता हासिल की।

ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा अर्पणा सिंह व मानस अवस्थी ने हाईस्कूल में 95 .83 फीसदी अंक हासिल कर जिले में नौ वां स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्र-छात्रा का कहना है कि कॉलेज में समय-समय से कराई गई परीक्षा, खुद व शिक्षिकों की सलाह से बनाए नोट्स परीक्षा में काफी काम आए। परीक्षा के दौरान पांच से छह घंटे पढ़ाई की थी।



अर्पणा सिंह

### चाय की दुकान में पढ़कर हासिल किए 89.33 %

कानपुर। गोल चौराहा स्थित सत्यनारायन तिवारी की चाय की दुकान है। इनके बेटे शिवम तिवारी ने ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की शिक्षा ली।



शिवम तिवारी।

साथ ही शिवम पिता के साथ दुकान में भी हाथ बटाता था। समय रहते वही पर पढ़ाई भी करता था। शिवम ने परीक्षा के दौरान खूब मेहनत की, जिसका परिणाम उसे परीक्षा फल में मिला। शिवम ने बताया कि हाईस्कूल में 89 .33 फीसदी अंक आए है, जिसका श्रेय छात्र ने माता-पिता व शिक्षकों को दिया।



चित्रा इंटर कॉलेज नौबस्ता में खुशी जतातीं छात्राएं। अमृत विचार



आरएस एजुकेशन सेंटर इंटर कॉलेज बर्रा के बच्चों ने मचाया धमाल। अमृत विचार

### चित्रा के छात्र-छात्राओं का अच्छा प्रदर्शन

कानपुर। चित्रा इंटर कॉलेज नौबस्ता के छात्र छात्राओं ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में शत प्रतिशत अंक हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया। प्राचार्य हरिश्चंद्र भदौरिया ने बताया कि हाई स्कूल के 94 विद्यार्थियों में से 78 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। वहीं इंटर में 52 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

### शत प्रतिशत रहा आरएस एजुकेशन का परिणाम

**कानपुर।** आरएस एजुकेशन सेंटर इंटर कॉलेज बर्रा के डायरेक्टर अनिकेत मिश्रा ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में अर्जुन दीक्षित 94, ओम चक 93, दिव्यांशी 93, सक्षम तिवारी 92, आर्यन प्रजापति 91 .8, यश गुप्ता 91 .5 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं इंटरमीडिएट में श्लोक दीक्षित 92 .4, भाव्या द्विवेदी 92, आशीष गुप्ता 92, हर्षित त्रिपाठी 91 .8 प्रतिशत अंक हासिल किए।

## इंटर परीक्षाफल

प्रांशी द्विवेदी 96 .8 %
शिवाजी इंटर कॉलेज अर्रा

स्वरित कुमार गुप्ता 95 .20%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

निखिल जायसवार 94 .80%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

संभवी मिश्रा 94 .80%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

तेजस्व श्रीवास्तवा 94 .60%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

आलेख शुक्ला 94 .40%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

गौरांग श्रीवास्तव 94 .40%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

आदित्य केसरवानी 94,20%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

सौरभ बाजपेई 93,60%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

अनुष्का गुप्ता 93 .60%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

आर्यन सिंह 93 .40%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

उत्कर्ष यादव 93%
एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज

अमित 96 .6%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

प्रांजुल सचान 96 .4%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

अंकुल सिंह 96 .4%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

अविश्मय सचान 96 .4%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

आनंद प्रकाश 96 .4%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

आर्यन यादव 96 .4%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

आदित्य 96 .2%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

अजय कुमार 96 .2%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

प्रशांत कुमार 96%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

अविरल सचान 96%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

प्रियांशू यादव 96%
महर्षि दयानंद बाबूलाल कॉलेज

लकी सिंह चौहान 93 .80%
डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज

दीपेंदू सिंह 93 .40%
डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज

रिषी कुमार 92 .20%
डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज

रिषीराज गुप्ता 91 .60%
डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज

अंजलि कश्यप 91 .60%
डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज

वाणिका उत्तम 96%
कामद सरस्वती इंटर कॉलेज

हर्षित शुक्ला 96 .4%
पारितोष इंटर कॉलेज




न्यू स्टेपिंग स्टोंस इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राएं।

### न्यू स्टेपिंग स्टोंस के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

कानपुर। रतनलाल नगर स्थित न्यू स्टेपिंग स्टोंस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड के परीक्षाफल में परचम लहराया। हाईस्कूल की सौम्या चौधरी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में अठवां स्थान हासिल किया। काव्या द्विवदी ने 93 .83 प्रतिशत, अनन्या यादव ने 93 .16 प्रतिशत, द्विव्यांशी त्रिपाठी ने 93 प्रतिशत, अनन्या गुप्ता ने 92 प्रतिशत, अंशिका तिवारी ने 91 .16 प्रतिशत, प्राची गौतम ने 90 .50 प्रतिशत व वंशिका वैद ने 90 .33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि इंटरमीडिएट में दक्ष रोहिरा ने 92 .8 प्रतिशत हासिल कर कालेज में प्रथम स्थान पाया। उज्जवल शर्मा ने 92 .2 प्रतिशत, सम्मन गुप्ता ने 90 .2 प्रतिशत, भक्ति बाजपेयी ने 89 .6 प्रतिशत, ईशान गुप्ता ने 89 प्रतिशत, मयंक यादव ने 88 .2 प्रतिशत व पारुल गुप्ता ने 88 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल का नाम रोशन किया।

### हाईस्कूल में वैभव व इंटर में वैष्णवी का जलवा

**कानपुर।** नौबस्ता, हंसपुरम स्थित एसजे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा के दौरान आने वाले मुश्किलों को पार कर कामयाबी हासिल की। हाईस्कूल के वैभव कुमार ने 95 प्रतिशत, समरजीत सिंह ने 94 प्रतिशत, आराध्या शुक्ला ने 94 प्रतिशत, अब्दुल सुबहान ने 91 प्रतिशत नंबर प्राप्त किए। जबकि इंटरमीडिएट में वैष्णवी झा ने 94 प्रतिशत, अनुष्का राजपूत ने 93 प्रतिशत, प्रियांशी पटेल ने 93 प्रतिशत व सोनल चतुर्वेदी ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए। कॉलेज प्रशासन के मुताबिक समय की आवश्यकता के अनुकूल उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर छात्र-छात्राओं ने सफलता के बीच आने वाली बाधाओं को पार किया है।




एसजे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक। अमृत विचार



एनएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक। अमृत विचार

### एनएल मेमोरियल के बच्चों का प्रदर्शन रहा शानदार

**कानपुर।** दबौली स्थित एनएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का यूपी बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। हाईस्कूल के आर्यमान सिंह पाल ने 95 प्रतिशत, गोविंद यादव ने 91 .5 प्रतिशत, आदित्य चौधरी ने 90 .3 प्रतिशत, इंटरमीडिएट में अभिषेक शर्मा ने 89 .8 प्रतिशत व अंकुश कुमार ने 87 .6 प्रतिशत अंक हासिल किए। स्कूल के प्रबंधक नवीन प्रकाश गुप्ता व प्रधानाचार्य जेपी सिंह चौहान ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में प्रसन्न छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### इंटर में देवेश व हाईस्कूल में शानवी अव्वल

**कानपुर।** बर्रा विश्व बैंक स्थित विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा शानवी श्रीवास्तव ने 92 .16 प्रतिशत, रागिनी शर्मा ने 92 .33 प्रतिशत, समीर सिंह ने 91 .5 प्रतिशत, गायत्री मिश्रा ने 91 प्रतिशत व तनवी गुप्ता ने 90 .16 प्रतिशत अंक हासिल किया। इंटरमीडिएट में देवेश शर्मा ने 95 .2 प्रतिशत, रौनक द्विवेदी ने 88 प्रतिशत व नैंसी शर्मा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधक मुन्ना सिंह सेंगर ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**आज का मौसम**
दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

40.2° अधिकतम तापमान | 24.0 न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 39 | सूर्यास्त 06 : 36

## शहर में आज

- **महोत्सव :** श्री 1008 तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याण एवं रथयात्रा महोत्सव बड़ा मंदिर जनरलगंज में आठ बजे से।
- **शिविर :** सावन कृपाल रुहानी मिशन व रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा गोविंद नगर कृपाल आश्रम में 11 बजे से।
- **उद्घाटन :** बर्रा छह स्थित पाल टॉवर में सपा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन एक बजे।
- **लोकार्पण :** कानपुर प्रेस क्लब में साक्षी विद्यार्थी द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी को समर्पित गीत का लोकार्पण दो बजे।
- **सभा :** हरिशचंद्र वंशीय युवा समिति द्वारा हरिशचंद्र वंशीय सभा का आयोजन लाजपत भवन में दो बजे से।
- **समारोह :** भव्य होली मिलन समारोह रूमा जेएम पैलेस में दोपहर तीन बजे से।
- **स्वागत :** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री का कंपनीबाग चौराहे पर स्वागत तीन बजे।
- **सम्मेलन :** जल शक्ति मंत्री द्वारा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन बीएनएसडी शिक्षा निकेतन व किदवई नगर गीता पार्क में पांच बजे।

## एक नजर

### आईआईटी करना है हर्षित का लक्ष्य

**कानपुर।** नौबस्ता स्थित पारितोष इंटर कॉलेज में इंटर के छात्र हर्षित शुक्ला ने संसाधनों के अभाव को अपनी सफलता के आड़े नहीं आने दिया। हर्षित ने 96.4 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां व शहर में पांचवा स्थान हासिल किया है। जरौली फेज वन निवासी हर्षित के पिता गुमटी रख कर पान मसाला की बिक्री करते है। हर्षित के मुताबिक पूरे दिन में केवल आधे घंटे वह सोशल मीडिया पर समय देता है। चार से छह घंटे पढ़ाई करता है। पिता ने उनकी पढ़ाई पर कभी भी बाधा नहीं आने दी। आईआईटी करके इंजीनियरिंग क्षेत्र में जाना है।

कानपुर नगर जिले में इंटरमीडिएट के परीक्षाफल में इस बार 6 फीसदी अधिक परीक्षार्थी हुए सफल

# हाईस्कूल में 94 और इंटरमीडिएट में 86 फीसदी बच्चे पास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया। इस बार जिले में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 94.38 व इंटर का परीक्षा परिणाम 86.83 रहा। इस बार का इंटर का परीक्षा परिणाम पिछली बार से 6 फीसदी बेहतर रहा है। पिछली बार जिले में इंटर का परीक्षाफल 80.42 फीसदी रहा था।

इस बार यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले में हाईस्कूल में 50,434 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें 26,039 बालक व 24,398 बालिका थीं। 94.38 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। इंटर की परीक्षा में 45,687 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें 24,176 बालक व 21,511 बालिकाएं शामिल रहे। इसमें 86.83 फीसदी परीक्षार्थी जिले में उत्तीर्ण घोषित किए गए। पिछली बार परीक्षा में इंटर की परीक्षा में जिले में 49,285 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें 80.42 परीक्षार्थी 47,008 ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि जिले में स्कूलों में बेहतर पढ़ाई के चलते परीक्षाफल बेहतर हुआ है।


बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में सफलता की खुशी बच्चों ने यूं मनाई। अमृत विचार

## ------------ हाईस्कूल के टॉपर ------------

### हाईस्कूल में किसान की बेटी ने किया शहर टॉप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


स्वाती। अमृत विचार

- बोर्ड की तैयारी के दौरान मां का हुआ था कैंसर से देहांत
- बोली, आईएएस बनकर मां का सपना पूरा करना है

**अमृत विचार।** किसान की बेटी ने हाईस्कूल में शहर टॉप किया है। बोर्ड परीक्षा के दौरान ही छात्रा की मां का कैंसर से देहांत हो गया था। छात्रा आईएएस अफसर बनना चाहती है। छात्रा ने बताया कि आईएएस बनकर वह अपनी दिवंगत मां का सपना पूरा करना चाहती है।

वीणापाणि इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा स्वाती ने 97.33 फीसदी अंक हासिल कर जिले में पहला व प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। छात्रा ने बताया कि उसके पिता रौशनलाल किसान हैं। छात्रा ने बताया कि उनकी मां को स्किन कैंसर था। पिछले साल अप्रैल से उनकी तबियत ज्यादा खराब हो गई थी। इलाज के दौरान अगस्त में मां का देहांत हो गया। इससे बहुत दुख हुआ लेकिन मां का सपना था कि वह बड़ी होकर आईएएस बने। इसलिए पढ़ाई में बाधा नहीं आने दी। अब मां का सपना पूरा करूंगी। छात्रा ने बताया कि उसके पास अपना खुद का मोबाइल फोन तक नहीं है।

### खुशी-अभिषेक हाईस्कूल में संयुक्त टॉपर


अभिषेक साहू।


खुशी द्विवेदी।

**कानपुर।** शिवाजी इंटर कॉलेज अर्रा के हाईस्कूल के छात्र अभिषेक साहू व खुशी द्विवेदी ने 97.33 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिषेक ने हिंदी में 97, अंग्रेजी में 98, गणित में 98, कला में 97, सोशल सांइस में 97 व विज्ञान में 97 अंक प्राप्त किए। वहीं खुशी ने गणित में 100, साइंस में 97, सोशल सांइस में 97, हिंदी में 97, अंग्रेजी में 97 व कला में 96 अंक हासिल किए। खुशी के पिता संजीव कुमार द्विवेदी पुरोहित हैं। खुशी ने बताया कि स्कूल से मेरे पास फोन आया और बताया गया कि जिले में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिस पर मुझे विश्वास ही नहीं हुआ। परीक्षा परिणाम देखने के बाद वह स्कूल आईं। उन्होंने बताया कि उनका पहला लक्ष्य इंटर में इससे भी ज्यादा अंकों से टॉप करने का है। वहीं अभिषेक ने बताया कि वह इंटर पास करने के बाद एनडीए की तैयारी कर सेना में जाएंगे। उन्होंने कहा कि फौज का अनुशासन व उसकी वर्दी उन्हें खूब भाती है। देश सेवा कर मां-बाप का नाम रोशन करेंगे।

# प्रदेश के टॉपरों में शहर की बालिकाओं का रहा जलवा

- प्रदेश के टॉप-10 में हाईस्कूल के 10 व इंटर के 33 छात्र
- हाईस्कूल टॉप-10 में 7 छात्राएं 3 छात्रों को स्थान मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणामों में हाईस्कूल के 10 व इंटर के 33 मेधावी ऐसे रहे जिन्होंने प्रदेश के टॉप दस में अपना स्थान बनाया है। मेधावियों की इस सूची में बालिकाओं का दबदबा कायम है। हाई स्कूल में 7 बालिकाओं ने प्रदेश स्तर की मेरिट में स्थान पाया है। इसी तरह इंटर की सूची में 15 मेधावियों ने अपनी जगह पक्की की।

हाई स्कूल की वीपी इंटर कॉलेज, लक्ष्मणपुर की छात्रा स्वाती ने 97.33 अंक हासिल कर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। शिवाजी इंटर कॉलज अर्रा के अभिषेक साहू ने 97.33 फीसदी अभिषेक साहू व खुशी द्विवेदी ने 97.33 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। सरदार पटेल की अंशिका साहू ने 97 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश में 9 स्थान हासिल किया है। शिवाजी इंटर कॉलेज अर्रा की छात्रा वंशिका मिश्रा ने प्रदेश में 9वां स्थान हासिल किया है। शिवाजी इंटर कॉलेज अर्रा की अनन्या साहू ने 96.68 फीसदी अंक के साथ 10वां स्थान हासिल किया है। पारितोष इंटर कॉलेज नौबस्ता के छात्र अमित साहू व काजल शर्मा ने 96.83 फीसदी अंकों के साथ दसवें स्थान पर अपनी जगह पक्की की है।


एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज के सफल बच्चे। अमृत विचार

### इंटर में आदित्य सिटी टॉपर

इंटर के मेधावियों में शिवाजी इंटर कॉलेज अर्रा के छात्र आदित्य कुमार ने आदित्य कुमार यादव ने 97.4 फीसदी अंक हासिल कर शहर में पहला व प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी स्कूल के छात्र अनिकेत साहू ने 96.8 अंकों के साथ शहर मे दूसरा व प्रदेश में 5 वां स्थान हासिल किया है। उधर महर्षि डीबीएल इंटर कॉलेज उमरी के छात्र शिवा दुबे ने 96.8 फीसदी अंक हासिल कर शहर में तीसरा व प्रदेश में 6वां स्थान हासिल किया है। शिवाजी कॉलेज की छात्रा प्रांशी द्विवेदी ने भी 96.8 फीसदी अंक हासिल कर शहर में तीसरे व प्रदेश में 6वें स्थान पर आकर अपना स्थान पक्का किया है। अन्य मेधावियों में बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा अंजू कुमारी ने 96.6 अंक हासिल कर प्रदेश में 7वें स्थान पर कब्जा किया है। महर्षि डीबीएल इंटर कॉलेज के छात्र अमित ने 96.6 फीसदी अंक के साथ प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया है। अन्नपूर्णा इंटर कॉलेज के ऋषि कश्यप ने भी 96.6 फीसदी अंक के साथ प्रदेश की सूची में 7वां स्थान हासिल किया है।

### आठवें स्थान पर 15 मेधावी

यूपी बोर्ड की जारी सूची में इंटर के 15 मेधावी ऐसे हैं जिन्होंने प्रदेश स्तर पर 96.4 फीसदी अंक पाकर आठवें स्थान पर अपनी जगह बनाई है। इन मेधावियों में शिवाजी इंटर कॉलेज की छात्रा अमिता पाल, महर्षि डीबीएल इंटर कॉलेज के पांच मेधावी आनंद प्रकाश, अंकुल सिंह, आर्यन यादव, अविश्मय सचान और प्रांजुल सचान शामिल हैं। उधर श्री ओमर वैश्य स्कूल की आरोही मिश्रा, किसान बालिका इंटर कॉलेज की सुरभि, शिवाजी इंटर कॉलेज की नेंसी वर्मा, पारितोष इंटर कॉलेज के हर्षित शुक्ला, इसी स्कूल की अनामिका नामदेव, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रियांशी लाखेर, मदर इंडिया इंटर कॉलेज की छात्रा नुपुर यादव, पं गुरु प्रसाद गया प्रसाद इंटर कॉलेज छात्रा रिया और इसी स्कूल की छात्रा शिवानी शामिल हैं।

### नौवें स्थान पर चार व दसवें पर 7 मेधावी

प्रदेश स्तर पर शहर का नाम रौशन करने वाले इंटर के मेधावियों में 9वें स्थान पर जिले से 4 व दसवें स्थान पर जिले से 7 मेधावियों ने अपनी जगह बनाई है। इनमें 9वें स्थान पर आने वाले मेधावियों ने 96.2 फीसदी अंक हासिल कर स्थान को साझा किया है। इनमें श्रीराम जानकी इंटर कॉलेज बिठूर के अंशिका वर्मा, महर्षि डीबीएल इंटर कॉलेज के दो मेधावी आदित्य व अजय कुमार शामिल हैं। इसी तरह पं गुरु प्रसाद गया प्रसाद इंटर कॉलेज नौरंगा के छात्र प्रांकुर ने अपना नाम दर्ज कराया है। उधर दसवें स्थान पर अपना स्थान दर्ज कराने वाले मेधावियों ने 96 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इनमें बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रत्युश गुप्ता, महर्षि डीबीएल इंटर कॉलेज के तीन मेधावी अविरल सचान, प्रशांत कुमार व प्रियाशू यादव शामिल हैं। इस स्थान पर केएसआईसी वर्ल्ड विश्व बैंक के दो मेधावी साक्षि तिवारी व वर्णिका उत्तम ने भी अपना नाम सूची में दर्ज किया है। एबीएस इंटर कॉलेज के छात्र कृष्णा ने अपना नाम दर्ज कराया है।

## मेहनत का मीठा फल



डॉ. नरेंद्र सरस्वती कालेज में मिठाई बंटी। अमृत विचार

### अपने लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए

**कानपुर।** कल्याणपुर, पुराना शिवली रोड स्थित डॉ. नरेंद्र सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की अनुष्का शर्मा ने हाईस्कूल में 91 प्रतिशत, अभय कुमार बाजपेई ने 89.5 प्रतिशत, इशिता सिंह ने 88.66 प्रतिशत, दिव्या पाल ने 86.3 प्रतिशत व कनिका दीक्षित ने 83 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी तरह इंटरमीडिएट में हर्ष कनौजिया ने 84 प्रतिशत, अदिति दुबे ने 84 प्रतिशत, यशी द्विवेदी ने 80.60 प्रतिशत, गोपाल मिश्रा ने 78.20 प्रतिशत व उत्कर्ष सिंह चंदेल ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रबंधक संजय कुमार ने मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। कहा कि कभी भी अपने लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए।


विवेकानंद कॉलेज के सफल बच्चे। अमृत विचार

### विवेकानंद बालिका की खुशी ने कॉलेज किया टॉप

**कानपुर।** बर्रा दो स्थित विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा में खुशी शर्मा ने 91 प्रतिशत, आराध्या पांडेय ने 89 प्रतिशत, गौरी तिवारी ने 87 प्रतिशत, इंटरमीडिएट की परीक्षा में शिवानी गौतम ने 88 प्रतिशत, सुहानी गुप्ता ने 83 प्रतिशत व प्रियांशी गुप्ता ने 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षिकों ने मेधावियों को सम्मान किया।


सरस्वती कॉलेज पनकी में मना जश्न। अमृत विचार

### प्रथमेश व भाव्या बने कॉलेज टॉपर

**कानपुर।** पनकी स्थित सरस्वती विद्यालय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं का यूपी बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। हाईस्कूल की परीक्षा में प्रथमेश ने 92 प्रतिशत, अभिनव ने 92 प्रतिशत, अजुजिल ने 91.5 प्रतिशत व नित्या ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। जबकि इंटरमीडिएट में भाव्या ने 91 प्रतिशत, आदर्श पाल ने 88 प्रतिशत व तय्यबा ने 88 प्रतिशत व आरजू ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज का मान बढ़ाया।

# शिक्षा को दोस्त बनाया, 16 घंटे नियमित पढ़ाई की

- आदित्य कुमार यादव का प्रदेश में तीसरा स्थान, सिटी टॉपर हैं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) परीक्षा में शिवाजी इंटर कॉलेज अर्रा में इंटरमीडिएट के छात्र आदित्य कुमार यादव ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में तीसरा स्थान पाया। वह सिटी टॉपर हैं।

किसान पिता शिव प्रकाश यादव ने बताया कि परिवार में पत्नी रेखा, बहन संगीता, अंजलि व एक बड़ा बेटा शुभम है। पढ़ाई से मन न भटके इसके लिए वह उसका खेती-किसानी में कोई सहयोग नहीं लेते थे। खुशी से लबरेज आदित्य ने बताया कि वह देश सेवा करने के लिए सेना में जाना चाहते हैं। इसके लिए वह एनडीए की तैयारी करेंगे। रविवार को उनकी एनडीए की परीक्षा भी है। बताया कि उनके गणित में 98, अंग्रेजी में 97, फिजिक्स में 97, केमिस्ट्री में 99 व हिंदी में 96 अंक हैं। उन्होंने बताया कि पढ़ाई को दोस्त बना कर रखता हूं और स्कूल के साथ करीब 16 घंटे पढ़ाई करता हूं। पढ़ाई के दौरान वह पूरी तरह से सोशल मीडिया से दूर रहे। पढ़ाई में बीएड की तैयारी कर रही बहन संगीता ने बहुत सहयोग किया। उनके भी इंटर में 95 प्रतिशत अंक आए थे।



परिजनों के साथ आदित्य कुमार यादव। अमृत विचार

### शिवा दुबे का इंटर में जिले में तीसरा स्थान



**कानपुर।** महर्षि दयानंद बाबूलाल इंटर कॉलेज उमरी के छात्र शिवा दुबे ने इंटर की परीक्षा में 96.8 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश में छठवां व जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। शिवा ने बताया कि उन्होंने रोजाना छह घंटे से अधिक पढ़ाई की है। छात्रों को टिप्स दिए कि वे सोशल मीडिया से दूरी बनाकर उससे बचे समय को अन्य कार्यों के लिए सदुपयोग कर सकते हैं। परीक्षा से लगभग पांच महीने पहले उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बना रखी थी।

### बगैर कोचिंग पढ़े जिले में हासिल किया चौथा स्थान


अंजू।

**कानपुर।** बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की इंटर की छात्रा अंजू कुमारी ने 96.6 फीसदी अंक हासिल कर जिले में चौथा व प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया है। छात्रा ने बताया कि उसने बोर्ड की तैयारी के लिए किसी तरह की कोचिंग नहीं की है। उसका सपना डॉक्टर बनने का है। चुन्नीगंज निवासी अंजू कुमारी ने बताया कि उनके पिता कामता प्रसाद प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी मां जमुरता देवी गृहणी हैं। उसने रोजाना पांच घंटे पढ़ाई की है। मोबाइल फोन से भी दूरी बना ली थी। वे एमबीबीएस भी सेल्फ स्टडी से ही पूरी करेगी। छात्रा ने बताया कि हाईस्कूल में 91.17 फीसदी अंक हासिल हुए थे।

### देश के पिछड़ने का प्रमुख कारण भ्रष्टाचार


अनिकेत साहू।

**कानपुर।** संजय गांधी नगर निवासी शिवाजी इंटर कॉलेज अर्रा के छात्र अनिकेत साहू ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में हिंदी में 96, अंग्रेजी में 97, गणित में 98, फिजिक्स में 97, केमिस्ट्री में 97 अंक हासिल कर 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया। वह इंटर में सिटी के सेकेंड टॉपर हैं। मां सुनीता साहू ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में बेटे के टॉप करने की जानकारी मिली तो एक बार सब सपना जैसा लगा, काफी देर तक तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ। अनिकेत ने बताया कि वह रोजाना करीब आठ से नौ घंटे तक सेल्फ स्टडी करते थे। परीक्षा के कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने ट्यूशन शुरू किया। वह सोशल मीडिया प्लेटफार्म से पूरी तरह से दूर हैं। दिमाग को आराम देने के लिए योग का सहारा लेते थे। कहा कि टीवी और मोबाइल को छोड़ यूथ को शारीरिक श्रम वाले खेल खेलने चाहिए। अनिकेत का मानना है कि भ्रष्टाचार ही देश के पिछड़ेपन का कारण है। वह आईएएस बनकर भ्रष्टाचार को देश से मुक्त करना चाहते हैं।

### कोचिंग नहीं, सेल्फ स्टडी पर करें भरोसा

**कानपुर।** अर्रा स्थित शिवाजी इंटर कॉलेज की छात्रा प्रांशी द्विवेदी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में तीसरा रैंक प्राप्त की। प्रांशी के पिता चंद्र प्रभाकर द्विवेदी प्राइवेट विद्यालय में शिक्षक हैं। बताया कि बोर्ड परीक्षा के दौरान पिता ने उनके मेंटर से रूप में काम किया। अपनी सफलता का श्रेय पिता व शिक्षकों को देते हुए बताया कि परीक्षा के दौरान मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहना चाहिए। पढ़ाई को बोझ नहीं समझना चाहिए। छात्र-छात्राएं कोचिंग की ओर भाग रहे है, उन्हें सेल्फ स्टडी पर भरोसा करना होगा। सेल्फ स्टडी से बेहतर कुछ भी नहीं है। प्रांशी ने केमिस्ट्री में 97, फिजिक्स में 97, गणित में 99, अंग्रेजी में 96 व हिंदी में 95 अंक हासिल किए। प्रांशी ने बताया कि वह आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती हैं।



माउंट कार्मेल का रिजल्ट भी अच्छा गया। अमृत विचार

### माउंट कार्मेल के विदित व रोहित ने बढ़ाया मान

**कानपुर।** शारदा नगर स्थित माउंट कार्मेल इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र-छात्राओं का यूपी बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हाईस्कूल के विदित कुमार ने 90 प्रतिशत, मोहम्मद अयान ने 88.03 प्रतिशत व आस्था वर्मा ने 88 प्रतिशत और इंटर में रोहित कश्यप ने 90 प्रतिशत, रवियांश कटियार ने 89 प्रतिशत व मुदित यादव ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज का मान बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधक संजय सिंह व प्रधानाचार्य मीनाक्षी सिंह ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### विवेकानंद कॉलेज के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**कानपुर।** बर्रा दो स्थित विवेकानंद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के शौर्य तिवारी ने 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में प्रथम स्थान, कृष्णा मिश्रा ने 92 प्रतिशत व सिद्धांत शुक्ला ने 91 प्रतिशत अंक पाएं। जबकि इंटरमीडिएट में अर्पण तिवारी ने 84 प्रतिशत, अमित कुशवाहा ने 79 प्रतिशत व प्रिंस पासवान ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।


सफलता पर खुशी जताई। अमृत विचार

### जेल का रिजल्ट सौ फीसदी

**कानपुर।** बोर्ड परीक्षा के दौरान जेल से परीक्षा देने वाले परीक्षाथी भी पास हुए। यहां पर सजा काट रहे 4 परीक्षाथी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 3 परीक्षार्थी हाई स्कूल व एक इंटर का छात्र था। सभी पास हो गए।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# कचहरी के पुलिस आवासों की जांच करेगी पांच सदस्यीय टीम

## परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण के दौरान आवासों में दरारें आ गई हैं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कचहरी परिसर में बन रही मल्टीलेवल पार्किंग का काम रुक गया है। निर्माण कार्य के दौरान बालू-रेत मिलने और पुलिस आवासों में आई दरारों को लेकर नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। यह कमेटी निर्माण कार्य स्थल पर मिली बालू और रेत की जांच करने के साथ ही पुलिस आवासों की निर्माण संरचना (स्ट्रक्चरल ऑडिट) करेगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार अगर आवासों में निर्माण कार्य की वजह से भविष्य में दिक्कत होने की संभावना मिलती है तो आवासों को खाली कराया जायेगा।

वीआईपी रोड पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिये कचहरी परिसर में छह मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जानी है। 35.20 करोड़ रुपये से गंगा इंनफ्राबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड ने काम शुरू किया है। सीएंडडीएस के परियोजना प्रबंधक सर्वेश कुमार वर्मा ने केएससीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी नगर आयुक्त शिवशरणप्पा को रिपोर्ट भेजी थी। जिसके आधार पर नगर आयुक्त ने डीएम राकेश सिंह को पत्र लिखकर बताया कि मिट्टी खोदते समय पुलिस विभाग के भवन व आस-पास की मिट्टी गिरने लगी है। इससे भवनों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। सुरक्षा के मद्देनजर भवनों की मजबूती की जांच (स्ट्रक्चरल ऑडिट) जरूरी है, और जो भवन असुरक्षित हो उन्हें खाली कराया जा सके। इस पत्र के अधार पर डीएम ने जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिये थे। इसपर नगर आयुक्त ने शनिवार को पांच सदस्सीय कमेटी गठित कर दी है। नगर आयुक्त की ओर से गठित पांच सदस्सीय कमेटी में नगर निगम मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, एसीएम 4, परियोजना प्रबंधक जलनिगम सर्वेश कुमार वर्मा, भवन लोक निर्माण अधिशाषी अभियंता, स्मार्ट सिटी नोडल अधिकारी आरके सिंह को शामिल किया है। आरके सिंह ने बताया कि टीम आवास कितने मजबूत हैं उसको जांचेगी इसके साथ ही जो आवास खाली कराने योग्य दिखेंगे उन्हें खाली भी कराएगी।



मल्टीलेवल पार्किंग का हो रहा निर्माण। अमृत विचार

- नगर आयुक्त ने बनाई टीम बालू और रेत की करेगी जांच
- पुलिस आवासों को खाली भी कराया जा सकता है

**125** पुलिस आवास हैं कचहरी में

**35.20** करोड़ से बन रही पार्किंग

**10** दिन पहले डबल बेसमेंट के लिए शुरू हुई खुदाई

### पहले भी जताई गई थी आशंका

- पुरातत्व विभाग (एएसआई) की आपत्ति के बाद मल्टीलेवल पार्किंग के प्रस्तावित भवन को 10 मीटर पीछे हटाते हुये बनाने का फैसला लिया गया है। इससे पहले निर्माण कार्य के पास मौजूद जर्जर भवनों को गिराने या स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। इसके बिना ही सीएंडडीएस ने कार्य शुरू कर दिया।

# बीटीएस से हो रही फरार हत्यारोपियों की तलाश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी में रजाई-गद्दा दुकानदार की चापड़ से गला रेतकर हत्या का मामला
- छह से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में जेके कॉलोनी फर्स्ट में रजाई गद्दा दुकानदार की चापड़ से गला रेतकर हत्या के मामले में पुलिस अब बीटीएस (बेस ट्रांजेक्शन सिस्टम) से फरार हत्यारोपियों की तलाश में जुट गई है। इसकी वजह से पुलिस ने छह से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस सिस्टम से संदिग्ध मोबाइल नंबरों को खंगालने में जुटी है।

बिहार के हाजीपुर जिला के मनहार गांव निवासी 55 वर्षीय असलम करीब 35 वर्षों से जेके कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी शकीला चार बेटे जावेद, फिरोज, अफरोज, चांद और एक बेटी खुशबू हैं। खुशबू का पति अनीश भी जेके चौराहे पर फुटपाथ पर टट्टर लगाकर रजाई गद्दे बनाकर बेचने का काम करता है। परिजनों ने बताया कि असलम काम खत्म करने के बाद यहीं पर सो जाते थे। उनके साथ वहां पर दो मजदूर जगदंबा व अकील काम करते थे। गुरुवार सुबह बेटे जावेद स्कूल छोड़ने बच्चों को जा रहा था। इसी दौरान उसने पिता असलम का रक्तरंजित शव देखा था। लेकिन अन्य दोनों कर्मचारी नहीं मिले थे। जिसके बाद उसने मामले की जानकारी परिजनों को दी, तो चीख पुकार मच गई थी।

पति असलम की हत्या के बाद पत्नी शकीला ने अपने दामाद अनीश पर असलम की हत्या मजदूरों से कराने का आरोप लगाया था। दोनों मजदूर फरार हैं। मामले में चकेरी पुलिस अनीश को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई थी। जिसे बाद में छोड़ दिया गया था। इस घटना के बाद पुलिस को जानकारी हुई कि दोनों फरार हत्यारोपी कर्मचारी मोबाइल इस्तेमाल नहीं करते हैं। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के आधार पर छह से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

इसके अलावा पुलिस बीटीएस यानी बेस्ड ट्रांसिवर स्टेशन से घटना की रात मौके पर एक्टिव मोबाइल नंबरों को भी चेक कर रही है। जिसमे संदिग्ध नंबरों को खंगाल मोबाइल धारकों से पूछताछ करेगी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। कई टीमें लगी हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# फाइनेंसर ले गए बाइक पुलिस को झूठी सूचना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में एक युवक ने बाइक लूटने की झूठी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई की है।

पनकी निवासी स्वपनिल दुबे उर्फ मोहित ने पुलिस को बताया कि 15 अप्रैल को कंपनीबाग चौराहा से रावतपुर की ओर जाते समय रास्ते में दो बाइक सवार चार युवकों ने उसकी बाइक लूट ली। उसने विरोध किया तो फोन तोड़ दिया। इसके बाद पीड़ित ने स्वरूपनगर थाने में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई। स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि जांच में सामने आया कि बाइक फाइनेंसर ले गए थे। लूट का मुकदमा खत्म करते हुए युवक के खिलाफ गलत सूचना देने पर कार्रवाई की है।


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# जमीन हड़पने के गम में जहर खाकर जान दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नवाबगंज थानाक्षेत्र के अमरूद मंडी का मामला
- जहर खाने से पहले आरोपी को फोन भी किया

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में एक युवक ने गांव की जमीन धोखाधड़ी से हड़पने से परेशान होकर आरोपी को फोन कर जहर खा लिया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जिला आजमगढ़ के जैनपुर निवासी 45 वर्षीय लालमन शर्मा नवाबगंज के अमरूद मंडी जागेश्वर मंदिर के पास पत्नी अनीता व दो बच्चे गुल्ली और बल्ली के साथ रहते थे। वह बढ़ई थे।

परिजनों ने बताया कि उसकी गांव में दस बिसवा जमीन मल्लाह बिरादरी के लोगों ने धोखाधड़ी से हड़प ली। मामला न्यायालय में चल रहा था। जमीन जाने के गम में काफी परेशान रहने लगे थे। शुक्रवार रात उन्होंने आरोपी को गांव में फोन किया और इसके बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी तो परिजन हैलट अस्पताल ले गए जहां लालमन ने दम तोड़ दिया। नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि बिसरा सुरक्षित रखा गया है। परिजन तहरीर देंगे तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डबल पुलिया मेट्रो स्टेशन के लिए डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 10 महीने के लिए किया गया डायवर्जन लागू
- मेट्रो के कॉरिडोर-2 के लिए लिया गया निर्णय

**अमृत विचार।** मेट्रो कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) के अंतर्गत डबल पुलिया मेट्रो स्टेशन के निर्माण के लिये डायवर्जन प्लान को यातायात पुलिस ने स्वीकृति दे दी है। जिसके बाद शनिवार को डबल पुलिया चौक से विजय नगर की ओर जाने वाले रास्ते पर प्रस्तावित डायवर्जन को लागू भी कर दिया गया है।

डबल पुलिया मेट्रो स्टेशन के निर्माण लिए तीन चरणों में 10 महीने के लिए यातायात डायवर्जन रहेगा। कानपुर मेट्रो ने बैरिकेडिंग, साइनेज बोर्ड और ट्रैफिक मार्शल की तैनाती के अलावा राहगीरों के आने-जाने के लिए पैदल मार्ग या स्लिप रोड का भी प्रबंध किया है।

कानपुर मेट्रो के लगभग 8.6 किमी लंबे कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) में तीन भूमिगत स्टेशन रावतपुर, काकादेव और डबल पुलिया स्टेशन का निर्माण होना है। काकादेव भूमिगत स्टेशन के निर्माण के लिए फरवरी 2024 में देवकी टाकीज चौराहा से नीरक्षीर चौराहा के बीच डायवर्जन लागू किया गया था।

कॉरिडोर-2 के भूमिगत सेक्शन में टीबीएम से टनल निर्माण, डबल पुलिया के बाद रैंप, मुख्य लाइन और डिपो को जोड़ने के लिए कॉरिडोर-2 के डिपो में रैंप तथा भूमिगत मेट्रो स्टेशनों के वास्तुशिल्प व फिनिशिंग आदि कार्य होने हैं।




डबल पुलिया चौराहे पर लगाई गई बैरीकेडिंग। अमृत विचार

### यह होगा वाहनों का रूट

- डायवर्जन प्लान के तहत विजय नगर चौराहा की तरफ जाने वाले वाहन अखिलेश्वर मंदिर से बाईं तरफ मुड़ेंगे और सेंट्रल पार्क से दाहिने मुड़ जाएंगे। इसके बाद सेंट्रल पार्क रोड पर आगे बढ़ते हुए वाहन को दाएं मुड़कर कर्जन रोड पर बढ़ना होगा जिसके बाद वे कल्याणपुर-विजय नगर रोड से विजय नगर चौराहा पहुंचेंगे। दूसरी तरफ नमक फैक्ट्री चौराहा की तरफ़ आने वाले वाहनों के लिए गल्ला मंडी चौराहा से अखिलेश्वर मंदिर तक 6.6 मीटर चौड़ी स्लिप रोड दी गई है। इसके अलावा वाहन गल्ला मंडी चौराहा से बाएं मुड़कर गुरूकृपा बेकरी से दाहिने जाने वाली सड़क पर सीधे आगे बढ़ सकते हैं।

## एक नजर

### रिवॉल्वर के साथ रील बनाकर की वायरल

**कानपुर।** सोशल मीडिया पर शनिवार को रिवाल्वर के साथ रील बनाते युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। युवक का नाम पनकी गंगागंज कालोनी निवासी रोहित सिंह भदौरिया बताया जा रहा है। युवक कार में गाने संग रील बनाकर रौब गांठ रहा है। वह रिवाल्वर को कवर से निकाल कर कैमरे पर दिखाता है और फिर रख लेता है। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया वायरल का संज्ञान लेकर आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी।

### वाहनों का चालान

**कानपुर।** सचेंडी थाना क्षेत्र में आईपीएस डॉ अमोल मुरकुट ने अतिक्रमण अभियान चलाया। हाईवे किनारे खड़े कई वाहनों का चालान किया। ट्रांसपोर्टरों ने हाईवे सर्विस लेन पर अवैध कब्जा कर रखा था। जिससे आए दिन हादसे होते थे। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों को सख्त हिदायत दी कि सुधर जाओ वरना सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# फुटवियर कारोबारी के पेट-गर्दन की हुई सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट में सिंधी कालोनी निवासी फुटवियर कारोबारी राजकुमार हरगुनानी उर्फ राजू पर निकाले गए कर्मचारी तल्हा ने डेढ़ मिनट के अंदर चाकू से ताबड़तोड़ पांच बार पेट और गर्दन पर वार कर मरणासन्न कर दिया था। रीजेंसी में पेट और गर्दन की सर्जरी की गई। अभी उन्हें आईसीयू में रखा गया है।

शनिवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार और एडिशनल सीपी हरीश चन्दर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और व्यापारियों को कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। हमले के बाद आरोपी दुकान के पास ही चाकू फेंककर भागा था जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी भागते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। रात में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

शुक्रवार देर शाम राजू नवीन मार्केट में अपनी फुटवियर दुकान में बैठे थे। कर्मचारी परेड निवासी शान और अकील मौजूद थे। इसी दौरान आरोपी तल्हा धड़धड़ाते हुए अंदर गया और चाकू से राजू के पेट और गर्दन पर पांच से ज्यादा ताबड़तोड़ वार किए। चाकू लहराकर शकील को धमकाया और भाग निकला। राजू को रीजेंसी में भर्ती कराया गया। रात में आरोपी के पिता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

एडीसीपी पूर्वी लखन सिंह यादव ने बताया कि ईद से एक सप्ताह पहले तल्हा को दुकान में रखा गया था। काम न करने पर राजू ने उसे डांटा था। दूसरे दिन इसी बात को लेकर उसके पिता राजू से लड़ने चले आए थे। जिसके बाद उसे दुकान से हटा दिया गया था। इस बात को लेकर वह खुन्नस रखे था। राजू की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े थे। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि कारोबारी के भांजे सुनील कुमार हरगुनानी ने तलहा निवासी अजमेरी होटल के पास के खिलाफ हत्या के प्रयास, गालीगलौज, धमकाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



व्यापारियों से जानकारी लेते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, व एडिशनल सीपी।

- निकाले गए कर्मचारी ने मारे थे चाकू, गिरफ्तार
- पुलिस कमिश्नर और जेसीपी व्यापारियों से मिले

> आरोपी तल्हा को रात में गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।
>
> -अखिल कुमार, पुलिस कमिश्नर

# एयरफोर्स कर्मी की मां ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में एयरफोर्स कर्मी की मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच की।

आंध्र प्रदेश के जिला गुन्टूर थाना दुग्गी राला के ग्राम पेदा पालम निवासी 54 वर्षीय अस्तुरी अरुणा कुमारी ने एयरफोर्स क्वार्टर में फांसी लगा ली। शाम को एयरफोर्स कर्मी बेटा जब डयूटी से लौटा तो दरवाजा नहीं खुला। वह दूसरे क्वार्टर से होते हुए अपने घर पहुंचे तो मां का शव फांसी पर लटका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मीडिया से बात करने से इन्कार कर दिया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा नाम मो0 सलमान पुत्र मकसूद हसन निवासी ग्राम रामपुर तालुका पो0 ककवन जनपद कानपुर देहात है। लेकिन कई दस्तावेजों मे मेरा नाम केवल सलमान दर्ज है। अतः मुझे अब सलमान पुत्र मकसूद हसन के ही नाम से जाना जाए।

**सूचना**

रजि. सं. 797 बैनामा दिनांक 28/12/ 2017 वास्तव में कहीं रख-रखाव में खो गया है। मिलने पर सूचित करें। -ज्ञान प्रकाश पुत्र राम दयाल मोबाइल नंबर- 9838343062

**सूचना**

मैं अनन्या सिंह पुत्री श्री कृष्ण प्रताप सिंह, निवासिनी-गडवारा, गरवार, प्रतापगढ़, उ0प्र0 सूचित करती हूँ कि मैंने अपनी स्वेच्छा एवं बिना किसी दबाव के दिनांक 15.04.2024 को अपना घर छोड़ रही हूँ, चूंकि मैं बालिग हूँ (जन्मतिथि 14.08.2003) इसलिये अपने भविष्य एवं निजी जिंदगी के निर्णय स्वंय ले सकती हूँ। यह समाचार पत्र के माध्यम से अवगत कराती हूँ कि मेरा मेरे परिवार से किसी प्रकार का कोई लेनादेना नही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड रोल नंबर 5156848 वर्ष 2001 वास्तव में खो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल सका है। -एखलाक अहमद पुत्र कोतवाल अहमद ग्राम व पोस्ट शाहपुरकला मोतीपुर, बहराइच।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक किता बैनामा जिसका जिल्द नंबर 8514, पेज नंबर 263-280 क्रमांक 6766, दिनांक 25.07.2019 जो गाटा संख्या 1187 क्षेत्रफल 0.00718 हेक्टेयर ग्राम कटकाखानपुर, परगना बरौंसा, तहसील सदर जिला सुलतानपुर का लिया था। उक्त बैनामे के दस्तावेज से पेज संख्या 276-280 तक पन्ने वास्तव में खो गए हैं। -श्रीमती पूनम देवी पत्नी राकेश कुमार, निवासी महिलो आशापुर, परगना बरौंसा, तहसील-सदर, जिला सुलतानपुर।

**सूचना**

मैंने अपने छोटे भाई अभिषेक दीक्षित पुत्र कृष्णा दीक्षित के गलत कार्यो से आजिज आकर सदा के लिए संबंध विच्छेद कर लिए हैं, भविष्य में उसके द्वारा किये गये कार्यो व लेन देन व अपराध या मुकदमे से मेरा या मेरे परिवार का कोई संबंध न होगा। मनमोहन दीक्षित पुत्र कृष्णा दीक्षित निवासी म.नं. 109सी मेवाली कालोनी गुड़गांव हरियाणा। हाल पताः बागदौधी कछार परगही मंधना कानपुर नगर।

**सूचना**

मेरा नाम माधुरी उर्फ शिव देवी पत्नी शिवपाल निवासी नया निवादा ककवन की हूं। मेरे बैंक समेत दस्तावेजों मे शिव देवी नामं अंकित है। अतरू मुझे अब शिव देवी पत्नी शिवपाल के ही नाम से जाना जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि मैं रामकुमारी पत्नी स्व.अनिल कुमार शुक्ला पुत्री स्व.जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी- ग्राम शेषपुर जाहिदअली थाना असंद्रा तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी अपने भाई पवन तिवारी, दुर्गेश तिवारी,आशीष तिवारी पुत्रगण स्व.जगदीश प्रसाद तिवारी को उनके गलत क्रिया कलापों के कारण अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में यह अपने लेनदेन व अन्य कार्यो के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अरुण कुमार मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा, निवासी- न्यू पब्लिक स्कूल के पीछे हनुमानपुरी, सरोजनीनगर, जिला- लखनऊ, मेरे अवयस्क पुत्र शिवांश मिश्रा के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों पर सही व वास्तविक जन्मतिथि 27/09/2011 अंकित है। जबकि मेरे भारतीय नौसेना के सेवा निवृत प्रमाणपत्र में मेरे पुत्र शिवांश मिश्रा की जन्मतिथि 27/09/2010 त्रुटिपूर्वक गलत अंकित हो गयी है। अतः मेरे भारतीय नौसेना के सेवा निवृत प्रमाणपत्र में मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 27/09/2011 दर्ज कर दिया जाये।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल आर्य वीर पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय-256/210 ऐशबाग राम नगर कालोनी लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गये हैं :-अध्यक्षः वीरेन्द्र कुमार मिश्र, 347/48 टिकैतगंज लखनऊ। उपाध्यक्षः रमेश प्रकाश राव, 473/61 क. रूपपुर खदरा सीतापुर रोड लखनऊ। महासचिवः अजय कुमार मिश्र 63/एम. एमआ.लखनऊ। कोषाध्यक्षः डॉ. विनोद कुमार 538बी./1/247 रूपपुर खदरा लखनऊ। यदि किसी को आर्य वीर पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।


**दिक्कत** अराजकतत्वों से परेशान विद्यालय प्रशासन, नगर आयुक्त से शिकायत

# विद्यालय की बिजली चुरा ले रहे हैं दबंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम महिला विद्यालय सिविल लाइंस की बिजली दबंग चुरा रहे हैं। विद्यालय परिसर में अराजक तत्वों का बोलबाला है। अलग-अलग शहरों की गाड़ियां विद्यालय परिसर में खड़ी की जा रहीं हैं। विद्यालय के पिछले हिस्से में गेट न होने की वजह से अनहोनी की आशंका है। जिसको लेकर प्रधानाचार्य ने नगर आयुक्त से शिकायत की है।

विद्यालय प्रधानाचार्य प्रीति तिवारी ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कहा कि विद्यालय में तीन चौकीदारों की सख्त जरूरत है। उन्होंने बताया है कि विद्यालय परिसर पीछे से खुला है। जहां से प्रतिदिन आराजक तत्व परिसर में आते-जाते हैं। विद्यालय परिसर में एक महिला छात्रावास भी है। जिसकी वजह से पीछ की तरफ गेट लगना जरूरी है। नहीं तो कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। उन्होंने नगर आयुक्त से कहा है कि छात्रावास का सारा कूड़ा प्रतिदिन गेट के सामने डाल दिया जाता है। छात्रावास में होने वाले निर्माण कार्य का मलबा भी विद्यालय परिसर में गिराया जा रहा है। यही नहीं कुछ आराजक तत्व विद्यालय परिसर का माहौल खराब करना चाहते हैं। एडमिशन कराने आने वाले छात्रों के परिजनों को बरगलाते हैं।




नगर निगम महिला विद्यालय का मुख्य गेट। अमृत विचार

- अलमारी का लॉक भी टूटा मिला, गेट के सामने ही डाला जा रहा कूड़ा

### तत्काल समस्या के निदान की मांग की

- प्रधानाचार्य ने कहा है कि नौ अप्रैल को कार्यालय में कर्मचारियों के जाने के बाद अलमारी का लॉक टूटा हुआ मिला। लेकिन किसी तरह की हानि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि कोई पत्रावली या प्रकार की हानि होती है तो उसकी जिम्मेदारी विद्यालय की नहीं होगी। उन्होंने तत्काल समस्या दुरुस्त करने की मांग की है।

# आगजनी के मामले में फिर टल गया फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोर्ट ने बचाव व अभियोजन पक्ष से मांगी लिखित बहस
- इरफान सोलंकी वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़े

**अमृत विचार।** जाजमऊ आगजनी मामले में शनिवार को आने वाला फैसला सातवीं बार टल गया। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने अभियोजन व बचाव पक्ष से लिखित बहस कोर्ट में दाखिल करने के निर्देश देते हुए सुनवाई की अगली तिथि 26 अप्रैल निर्धारित की। सुनवाई के दौरान सपा विधायक की वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए जुड़े।

सात नवंबर 2022 को जाजमऊ थानाक्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगा दी गई थी। आठ नवंबर को नजीर फातिमा ने सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, इजराइल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत पहलवान समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में इरफान सोलंकी और उनके भाई समेत अन्य आरोपी जेल में है। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में 15 अप्रैल को फैसले की तिथि निर्धारित की गई थी, जो फिर टल गई। शनिवार को सपा विधायक वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़े, वहीं रिजवान सोलंकी कोर्ट में पेश हुए।



सभा में बाएं से अजय कपूर, सत्यदेव पचौरी, जगतवीर सिंह द्रोण, सतीश महाना, केशव प्रसाद मौर्य, रमेश अवस्थी, प्रकाश पाल, देवेंद्र सिंह भोले आदि।

## भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के नामांकन और सभा में शामिल हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

# यूपी में सीटें जीतेंगे 80, विपक्षियों की जलेगी रस्सी: केशव प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के नामांकन जुलूस में शामिल होने शनिवार को शहर आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कानपुर और अकबरपुर दोनों सीटों पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जाएगी। परमट में आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि कानपुर में सपा की साइकिल पंचर हो गई है जो उड़कर सैफई चली गई है। भाजपा में शामिल हुए अजय कपूर ने तो कांग्रेस का पंजा ही तोड़ दिया है। 4 जून को 4 बजे 400 सीटें भाजपा के खाते में गिरेंगी। केशव ने मंच से 'यूपी में सीटें जीतेंगे अस्सी, विपक्षियों की जली रस्सी' का नारा दिया।

नामांकन जुलूस से पहले रमेश अवस्थी ने परमट मंदिर में माथा टेका, इस दौरान आनंदेश्वर मंदिर पार्किंग में हुई जनसभा के मंच पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान समेत भाजपा के लगभग सभी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी रहे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम कर रही है। कांग्रेस ने 62 हजार वर्ग किलोमीटर की भूमि चीन को दे कर संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थाई सदस्यता भी चीन को सौंप दी। इस मौके पर राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह,सलिल विश्नोई, सुरेंद्र मैथानी, अभिजीत सिंह सांगा, राहुल बच्चा सोनकर,सरोज कुरील, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, राहुल बच्चा सोनकर, अभिजीत सिंह सांगा, एमएलसी अरुण पाठक, अविनाश सिंह चौहान, पूर्व मंत्री प्रेमलता कटियार, बालचंद्र मिश्र, जगतवीर सिंह द्रोण,रविंद्र पाटनी, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह आदि मौजूद रहे।



रमेश अवस्थी के जुलूस में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

### कानपुर को करना है विकसित

- केशव ने कहा कि कभी मैनचेस्टर कहे जाने वाले कानपुर को विकसित करने, उत्तर प्रदेश को गुंडा प्रदेश से विकसित प्रदेश बनाने, हर घर नल से जल के लिए हमें 400 पर सीटों पर विजय हासिल करना जरूरी है। इस समय भाजपा की आंधी चल रही है। यह चुनाव देश को 100 साल आगे ले जाने वाला चुनाव है। रामलला को काल्पनिक बताने वाले एवं राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले इंडी गठबंधन को सबक सिखाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर पिछली बार मिले वोटों से 370 वोट अधिक लाने का लक्ष्य रखा।

### पुलिस से भिड़े भाजपा कार्यकर्ता

- सभा और नामांकन स्थल पर दो जगह भाजपाई पुलिस से उलझ गये। पुलिस ने सभा स्थल पर मंच पर और कचहरी में नियमों के अनुसार भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की जिस पर भाजपाई आक्रोशित हो गये। कुछ नेताओं ने मामले को संभाला।

### रमेश अवस्थी के पास 27.82 लाख रुपये

**कानपुर।** कानपुर से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के पास करोड़ों की कृषि भूमि, आवास व प्लाट हैं। एक फॉर्च्यूनर कार है। एक रायफल व रिवाल्वर है। उनके ऊपर कोई आपराधिक मामला नहीं हैं। यह बात उन्होंने शनिवार को दाखिल किए नामांकन पत्र में कही है। रमेश अवस्थी ने दाखिल नामांकन पत्र में अपनी सालाना आय 32.45 लाख रुपये बताई है। उनके पास 256 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत 15.36 लाख रुपये है। रिवाल्वर व रायफल है। एक फॉर्च्यूनर है। बॉन्ड और एलआईसी के रूप में 27.88 लाख रुपये हैं। पांच बैंकों में 27.82 लाख रुपये जमा हैं। फर्रुखाबाद में 1.20 करोड़ की जमीन है। कुल कृषि भूमि, प्लाट, आवास का मूल्य 4.17 करोड़ रुपये है।

- करोड़ों की जमीन और 15.36 लाख का सोना है
- 20 लाख की फॉर्च्यूनर एक रायफल व रिवाल्वर है



जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोग।

# गठबंधन से आलोक मिश्रा व भाजपा से रमेश अवस्थी ने किया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर सीट से शनिवार को भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी और गठबंधन से आलोक मिश्र ने नामांकन किया। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के वालेंद्र कटियार ने भी नामांकन दाखिल किया। अकबरपुर सीट से भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले पहले नामांकन करा चुके हैं। शनिवार को राष्ट्रीय जन उत्थान पार्टी के राम गोपाल व सभी जन पार्टी के अशोक पासवान ने भी नाकांकन कराया।

आलोक मिश्र प्रस्तावक व समर्थकों के साथ करीब दो बजे नामांकन कराने कलेक्ट्रेट पहुंचे। गेट पर पुलिसकर्मियों ने सिर्फ पांच लोगों को ही नामांकन कक्ष तक जाने की जानकारी दी तो वह संजीव दरियाबादी, शंकर दत्त, नौशाद आलम मंसूरी, फजल महमूद के साथ अंदर चले गए। आलोक मिश्र ने ज्योतिषीय परामर्श के कारण जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह से आग्रह भी किया कि उनका नामांकन पत्र 2.15 बजे से ले लिया जाए।

इसी बीच भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी भी दलबल के साथ नामांकन करने पहुंचे। प्रस्तावक व समर्थकों के साथ नामांकन कक्ष की ओर जाने लगे तभी एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह व कलेक्ट्रेट गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। सिर्फ पांच लोगों को ही अंदर जाने को कहा। दोनों पक्षों में काफी बहस हुई। इसी बीच प्रत्याशी रमेश अवस्थी, प्रकाश पाल, विधायक महेश त्रिवेदी, सलिल विश्नोई, अश्वनी त्रिपाठी अंदर चले गए। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने काफी प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोके रखा। करीब 10 मिनट बाद वह भी अंदर गए, मगर कुछ देर बाद ही लौट आए। उन्होंने बताया कि दूसरे सेट के नामांकन में अंदर जाएंगे। करीब आधे घंटे बाद वह तीन अन्य लोगों के साथ अंदर गए। प्रत्याशी के साथ नामांकन कक्ष तक जाने के लिए कई समर्थकों की बैरियर के पास और कलेक्ट्रेट गेट पर पुलिसकर्मियों से कहासुनी हुई। नामांकन के पहले दिन कलेक्ट्रेट गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों को भीड़ से काफी उलझना पड़ा था।



नामांकन करने जाते गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा। अमृत विचार

### आधा घंटे और परेशान हुए लोग

नामांकन के समय सुबह 11 से तीन बजे तक कलेक्ट्रेट के अंदर किसी को नहीं जाने दिया जा रहा है। लेकिन शनिवार को लोगों को और आधा घंटे इंतजार करना पड़ा। कलेक्ट्रेट गेट पर तैनात एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया चुनाव संबंधी काम होने के कारण अभी लोगों को और इंतजार करना पड़ेगा। करीब साढ़े तीन बजे के बाद लोगों को अंदर जाने दिया गया।

# आलोक के दस बैंकों में हैं खाते, पत्नी के नौ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आलोक मिश्रा करोड़ों के मालिक हैं। पति-पत्नी के पास सोना, डायमंड, वाहन समेत जंगम संपत्ति करोड़ों की है। अचल संपत्ति की कीमत भी करोड़ों में है। वहीं आलोक पर काकादेव, गोविंदनगर, किदवईनगर थाना और बरेली कोतवाली में आपराधिक मामला भी पंजीकृत है।

आलोक मिश्रा की सालाना आय 65.50 लाख और उनकी पत्नी बंदना मिश्रा की 57.74 लाख रुपये है। बैंकों में दस खाते हैं, जबकि पत्नी के नौ। लाखों रुपये जमा हैं। आलोक के पास 1047 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत 21.50 लाख रुपये है। एक रिवाल्वर है। पत्नी के पास 782 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत 15.22 लाख रुपये है। 14 कैरेट डायमंड की कीमत 78.89 लाख रुपये है। जमीन की कीमत 3.44 करोड़ है। जंगम संपत्ति करीब 11.21 करोड़ की है। पति-पत्नी शिक्षाविद हैं और वेतन, बैंक ब्याज, किराया और फर्मों से होने वाला लाभ है।

## प्रत्याशियों ने लिए नामांकन प्रपत्र

**कानपुर।** कानपुर सीट के लिए शनिवार को कुल आठ नामांकन प्रपत्र लिए गए। बहुजन मुक्ति पार्टी के मनोज कुमार, स्पष्टवादी जन आधार पार्टी के मोहित कुमार साहू, जनसंघ पार्टी के तेज बहादुर सिंह और निर्दलीय आलोक मिश्रा, दीपक मिश्रा, राकेश कुमार दीक्षित, रिजवान उल्ला खान, सतनाम सिंह ने एक-एक प्रपत्र लिया।

अकबरपुर सीट के लिए शनिवार को तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिए। जनसंघ पार्टी के आशू सैनी ने एक व स्पष्टवादी जन आधार पार्टी के संजीव कुमार ने एक प्रपत्र लिया। राष्ट्रीय किन्नर मोर्चा के डॉ. विजय नारायण पाल ने चार प्रपत्र लिए।



निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह। अमृत विचार

# स्ट्रांग रूम के आगे-पीछे सीसीटीवी कैमरे लगाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्ट्रांग रूम में लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल रूम तीन-तीन विधानसभावार बनाए जाएं। सभी स्ट्रांग रूम के मुख्य द्वार पर दो और पीछे की तरफ एक-एक सीसीटीवी कैमरे लगाएं। शनिवार को नौबस्ता स्थित नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने उक्त दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी विधानसभा के लिए आरक्षित स्ट्रांग रूम का स्वयं निरीक्षण करें। जो खामियां मिले उनका तत्काल निराकरण कराएं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि पुलिस के साथ मिलकर मंडी स्थल में चारों तरफ बैरिकेडिंग कराएं। साथ ही सभी स्ट्रांग रूम के पीछे के दरवाजे की ईंट व सीमेंट से चुनाई कराई जाए। प्रकाश व्यवस्था पर्याप्त होनी चाहिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि पुलिस के साथ मिलकर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। अपर नगर आयुक्त व आरटीओ को बस पार्किंग स्थल, निरंकारी आश्रम का निरीक्षण कर साफ-सफाई कराने व पार्किंगस्थल की कमियों को दूर करने का आदेश दिया। कहा कि पूरी मंडी की नियमित साफ-सफाई होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ सुधीर कुमार, डीसीपी यातायात अंकिता मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर प्रखर कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### मूल सुविधाएं ठीक करें

**कानपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने शनिवार सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें मतदेय स्थलों पर मूल सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, छाया, शौचालय, रैंप आदि को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय से सभी सुविधाओं को व्यवस्थित कर लिया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी मतदेय स्थलों पर सफाई होनी चाहिए। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र के सभी मतदेय स्थलों का स्वयं निरीक्षण करें और खामियों को दूर करें।

## जलशक्ति मंत्री आज आएंगे

**कानपुर।** भाजपा कानपुर लोकसभा के सभी विधान सभाओं में होने वाले विधानसभा स्तर पर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आज से शुरू होंगे। सीसामऊ विधानसभा का बूथ सम्मेलन बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में दोपहर 2 बजे से होगा। वहीं, किदवई नगर विधानसभा का बूथ सम्मेलन शाम 5 बजे, गीता पार्क साइट नंबर वन किदवई नगर में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शामिल होंगे।

जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की अध्यक्षता में बूथ सम्मेलन की तैयारी को लेकर एक बैठक केंद्रीय कार्यालय मे हुई। मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई ने बताया कि सीसामऊ विधानसभा में कुल 275 बूथ हैं।

## विधायक जी, आपके चालक का हेलमेट कहां है?



जब विधायक जी हों सवार तो समर्थक को डर काहे का.... दुपहिया वाहन पर सवार माननीय विधायक के समर्थक साहब चालक बनकर बिना हेलमेट लगाए दुपहिया वाहन चला रहे हैं। सड़क और चौराहों से गुजरे विधायक जी को पुलिस ने देखकर नजरें फेरते हुए अनदेखी कर लिया। अब पुलिस के लिए कठिन कार्य है कि भाजपा प्रत्याशी के नामांकन जुलूस में नियम तोड़ने वाले विधायक महेश त्रिवेदी व उनके समर्थक चालक का चालान काटे। क्या विधायक जी स्वयं पुलिस के पास जाकर चालान करवा कर आर्थिक दंड जमा करेंगे। ● मनोज तिवारी

# घंटाघर चौराहे पर स्टेटिक टीम की चेकिंग का विरोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यापारियों से बहस के बाद टीम चौराहे से हटी

**अमृत विचार।** घंटाघर चौराहे पर शनिवार रात स्टेटिक मजिस्ट्रेट राशिद पुलिस के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी व्यापारियों से बहस हो गई। व्यापारियों ने कहा, कि इस समय कारोबारी दुकान से रुपये लेकर घर जा रहे हैं, अगर जांच हुई तो विरोध करेंगे।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र रात करीब नौ बजे घंटाघर चौराहे से निकले तो स्टेटिक टीम छह के मजिस्ट्रेट राशिद पुलिसकर्मियों के साथ चौराहा पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिसकर्मियों ने उनकी कार रोकी और तलाशी लेने को कहा। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि हम कार की तलाशी देंगे, लेकिन चौराहा पर जांच नहीं करने देंगे, क्योंकि इस समय व्यापारी अपनी दुकानें बंद करके रुपये लेकर घर जा रहे हैं।

व्यापारियों ने कहा कि जब तक चेकिंग टीम चौराहा से नहीं जाएगी हम नहीं हटेंगे। इसके बाद स्टेटिक टीम चली गई। इसके बाद व्यापारी भी चले गए। इस मौके पर सचिन त्रिवेदी, सुनील राठौर, चंद्राकर दीक्षित, इखलाक मिर्जा, रम्मू मिश्र, राकेश गुप्ता, शोभित राठौर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

**अनूठा विरोध** | अमिताभ बाजपेई ने चुनाव के बाद सड़क पर उतरने की दी चेतावनी, कहा, चुनाव के बाद न आचार संहिता होगी और न ही धारा 144

# मंदिर में सपा विधायक दंडवत, थाने जाने से पुलिस ने रोक लिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- बजरंग दल के जिला संयोजक को पुलिस ने किया नजरबंद
- आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज होने का विरोध

**अमृत विचार** आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज होने के विरोध में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई शनिवार सुबह 11 बजे पनकी मंदिर पहुंच गए। उनकी गिरफ्तारी देने को लेकर भारी पुलिस बल और खुफिया अलर्ट थी। उन्होंने पुलिस के सामने बजरंगबली के दर्शन किए और फिर दंडवत प्रणाम किया। इसके बाद जैसे ही पनकी थाने में गिरफ्तारी देने के लिए निकले कि पुलिस ने उन्हें घेर लिया। फोर्स ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। गिरफ्तारी के लिए विधायक अड़ गए लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया। उन्होंने एक ज्ञापन एडीसीपी दक्षिण अंकित शर्मा और एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय को सौंपा।

उन्होंने पनकी में पुलिस अधिकारियों से आरोप लगाए कि पुलिस ने ईद के दिन हुए विवाद का वीडियो डिलीट किया। सपा नेता सम्राट विकास यादव को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने मांग की कि वह सब वीडियो रिकवर किए जाएं। मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। अगर मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो चुनाव के बाद न तो आचार संहिता होगी और न ही धारा 144। फिर सपा के लोग सड़कों पर उतरेंगे और खुला विरोध होगा।

उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को पत्र लिखा था कि पुलिस उन्हें कब गिरफ्तार करेगी इसकी जानकारी दें। लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इस कारण वह खुद पुलिस को गिरफ्तारी देने आ गए। लोकतंत्र में थाने जाना, अपने हक की बात करना हम लोगों का अधिकार एवं कर्तव्य दोनों ही है। लेकिन शायद शासन प्रशासन नहीं चाहता कि हम लोग अपने अधिकारों की बात करें।

उधर बजरंग दल के जिला संयोजक कृष्णा तिवारी को पुलिस ने शनिवार को उनके घर पर ही उन्हें नजरबंद कर दिया। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि अमिताभ बाजपेई को पनकी मंदिर में प्रवेश से रोकने के लिए बजरंग दल के जिला संयोजक ने एक वीडियो जारी कर बयान दिया था। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृष्णा तिवारी को रोका गया।



पनकी मंदिर में दंडवत करते सपा विधायक अमिताभ बाजपेई। अमृत विचार

### ये था पूरा मामला

- ईद के दिन अर्मापुर में राजनीतिक पोस्टर लगाने को लेकर सपा नेता सम्राट विकास और डीसीपी पश्चिम विजय ढुल के बीच नोंकझोंक हुई थी। पुलिस ने सपा नेता के खिलाफ धारा 151 में चालान कर आचार संहिता उल्लंघन करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सपा नेता को पनकी थाने में रखा गया। जहां उनकी पैरवी के लिए सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा और उनके समर्थक पहुंच गए थे। वहां नेताओं ने हंगामा किया और धरने पर बैठ गए थे। इस पर पुलिस ने सपा विधायक और प्रत्याशी समेत 205 के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन, लोक सेवक को डराना, सरकारी कार्य में बाधा डालने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

# अब पीआरपी थेरेपी से नि:संतान महिलाएं भी बन सकती हैं मां

## नई तकनीक में मरीज के खून से प्लाज्मा निकालकर विकसित की जाएगी सेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कानपुर ओब्स एंड गाइनी व आईएसओएआरबी ने दी जानकारी



पीआरपी थेरेपी की गोष्ठी में मौजूद डॉ.नीलम मिश्रा, डॉ.कल्पना, डॉ.दिव्या शर्मा, डॉ. राशि मिश्रा, डॉ. विनीता समेत अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** निसंतानता से जूझ रही महिलाओं के लिए यह एक अच्छी खबर है। अब प्लेटलेट्स रिच प्लाज्मा (पीआरपी) तकनीक की मदद से महिलाओं में निसंतानता को दूर किया जा सकता है। इस तकनीक की मदद से कुछ महिलाओं को लाभ मिला है। पीआरपी थेरेपी में महिला के शरीर से ही खून से विशेष तकनीक से प्लेटलेट्स रिच प्लाज्मा निकाला जाता है। उसके बाद इंजेक्शन के जरिए इन महिलाओं को लगाया जाता है, जिससे उनमे नए सेल विकसित होते है।

स्वरूप नगर स्थित एक होटल में शनिवार शाम को कानपुर ओब्स एंड गाइनी व कानपुर आईएसओपीएआरबी सोसाइटी और शिवानी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ कानपुर के बीच गोष्ठी हुई। आईएसओपीएआरबी सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ.नीलम मिश्रा ने बताया कि बांझपन का कारण केवल अंडे कम या ना बनना नहीं है। बल्कि उनका निषेचन के बाद सही प्रकार से बच्चे दानी में न पनपना भी है। बच्चेदानी का आंतरिक स्वास्थ्य खराब होने से गर्भपात का कारण अधिक सफाई होना, टीबी संक्रमण, गुप्त रोग समेत आदि है। भोपाल से आई डॉ.दिव्या शर्मा ने बताया कि बच्चेदानी की परत में पतलापन और प्रजनन संबंधी समस्याओं का समाधान प्लेटलेट्स रिच प्लाज्मा (पीआरपी) है। पीआरपी से स्त्री का स्वास्थ्य अच्छा होता है और प्रजनन संबंधी समस्याओं का भी समाधान है। यह अद्वितीय चिकित्सा प्रक्रिया स्त्री के गर्भाशय की झिल्ली की जीवंतता को बढ़ाती है और गर्भधारण के अवसरों को भी बढ़ाती है। इस तकनीक से आईवीएफ की सफलता दर बढ़ी है। पीआरपी एडोमेट्रियम की ग्रोथ को बढाता है। अगर गर्भाशय की सबसे अंदरूनी परत पतली है तो भ्रूण को स्थानांतरण करने से पहले पीआरपी के इंजेक्शन दिए जा सकते हैं, जिससे बांझपन की समस्या दूर हुई है। कानपुर ओब्स एंड गाइनी सोसाइटी अध्यक्ष डॉ. कल्पना दीक्षित ने गर्भावस्था में इंट्रावीनस आयरन ट्रांसफूजन के फायदे बताएं। इस दौरान मुख्य संरक्षिका डॉ. मीरा अग्निहोत्री, सचिव डॉ.किरन सिन्हा, डॉ. रेशमा निगम, डॉ.विनीता अवस्थी, डॉ. रश्मि भूषण, डॉ.मोहिता गुलाटी, डॉ.गरिमा गुप्ता समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहीं।

### अधिक उम्र में शादी, प्रदूषण जंक फूड समेत कई वजह

❍ शिवानी हॉस्पिटल एंड आईवीएम की निदेशक डॉ.राशि मिश्रा ने बताया कि कम अंडे की समस्या से परेशान महिलाओं के लिए अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की विधि है। अंडाशय में समय से पहले अंडो की संख्या कम होने से गर्भधारण में दिक्कत पैदा हो सकती है। गर्मधारण में दिक्कत की मुख्य वजह अधिक उम्र में शादी व बच्चे की प्लानिंग करना, प्रदुषण, तनाव युक्त जीवनशैली, जंक फूड का सेवन, खाने में केमिकल और फर्टिलाइजर का इस्तेमाल व सर्वाइवर कैंसर की संख्या बढ़ने की वजह से यह परेशानी 10 से 35 प्रतिशत महिलाओं में देखने को मिल रही है। एक साल में 16 महिलाओं को पीआरपी दी गई है, जिनमे से तीन महिलाओं की सुनी गोद भरी है। जबकि अन्य केसों में यह थेरेपी अभी जारी है।

## वकालतनामा वापस लेंगे रचिता के वकील

**कानपुर।** जयपुरिया स्कूल के हाईस्कूल के छात्र कुशाग्र कनोडिया अपहरण व हत्याकांड के मामले में शनिवार को मुख्य आरोपी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स के वकील ने अपना वकालतनामा वापस लेने की अपील कोर्ट को दी। शनिवार को तीनो आरोपियों के खिलाफ आरोप तय होने थे, जो कि टल गए। मामले की 24 अप्रैल को सुनवाई होगी।

30 अक्टूबर 2023 को आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र (16) का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। रायपुरवा पुलिस ने जांच की तो जानकारी मिली कि कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स ने अपने प्रेमी प्रभात शुक्ला व उसके दोस्त शिवा गुप्ता उर्फ आर्यन के साथ घटना को अंजाम दिया था। पूछताछ में रचिता ने बताया था प्रेमी से शादी करने के लिए उसने वारदात की साजिश रची थी। वहीं आरोपी आर्यन कुशाग्र की हत्या के बाद उसके घर में फिरौती का पत्र फेंकने गया था। अपहरण व हत्याकांड के आरोपी जेल में है। मामला एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट में विचाराधीन है। शनिवार को तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप तय होने थे, लेकिन रचिता वत्स के अधिवक्ता श्रीकांत दीक्षित ने अपना वकालतनामा वापस लेने की अर्जी कोर्ट में दाखिल की।

# स्पेशल ट्रेनें 13 घंटे लेट, यात्री बेहाल

### वन-वे स्पेशल ट्रेनें

❍ 04035 स्पेशल 21 अप्रैल को पटना से रात साढ़े नौ बजे चलेगी। अगले दिन सुबह 8.10 बजे सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी। पांच मिनट ठहराव के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना होगी। 04037 स्पेशल 22 अप्रैल को सहरसा से सुबह सात बजे चलेगी और अगले दिन रात 12.05 बजे सेंट्रल पहुंचेगी। दस मिनट ठहराव के बाद नई दिल्ली रवाना होगी। 01207 स्पेशल 21 अप्रैल को नागपुर से सुबह साढ़े सात बजे चलकर सेंट्रल रात 10.50 बजे पहुंचेगी। यहां से गोरखपुर के लिए रवाना होगी। 01208 स्पेशल 22 अप्रैल सोमवार को गोरखपुर से सवा नौ बजे चलेगी, वाया सेंट्रल नागपुर के लिए रवाना होगी।



कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में स्पेशल समेत रूटीन ट्रेनें इस समय 13 घंटे देरी से चल रही हैं। यात्रियों की हालत खराब हो रही है। निर्धारित समय से एक दिन बाद यात्री अपने मुकाम पर पहुंच रहे हैं। 04037 सहरसा नई दिल्ली स्पेशल 7:15 घंटे, 03635 गया आनंद विहार स्पेशल 6:30 घंटे और 02575 हैदराबाद गोरखपुर स्पेशल 3.30 घंटे देरी से चल रही है।

इधर कई दिनों से लंबे रूट की अधिकांश ट्रेनें देरी से चल रही हैं। ट्रेनों की लेटलतीफी से इस गर्मी के मौसम में यात्रियों की परेशानी दोगुनी हो गई है। दिल्ली व हावड़ा रूट की ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री ट्वीट करके अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। यात्री पेयजल, खाना की समस्या के साथ अपने काम पर समय से नहीं पहुंच पा रहे हैं। 03636 आनंद विहार गया स्पेशल छह घंटे देरी से चल रही है। वहीं 01144 गोरखपुर स्पेशल साडे 13 घंटे लेट है।

01170 गोरखपुर स्पेशल 4:30 घंटे और 04416 सूबेदारगंज स्पेशल 10 घंटे देरी से चल रही है। इन ट्रेनों के अलावा और भी ट्रेनें हैं, जिनकी लेटलतीफी से यात्री बेहाल हैं। यात्रियों का कहना है कि साधारण डिब्बों में गर्मी के कारण परेशानी है ही, वहीं एसी कोच में लोगों के घुसने से मारामारी है। सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों को हो रही है।

### सेंट्रल से 11 और समर स्पेशल ट्रेनें

● सभी ट्रेनों में सोमवार से रिजर्वेशन, सीटें भी खाली

**कानपुर।** रेलवे ने गर्मी में यात्रियों की भीड़ को देखते 11 और स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। इन सभी ट्रेनों में सोमवार से रिजर्वेशन शुरू होगा। ट्रेनों के हर क्लास में सीटें खाली हैं। ट्रेन नंबर 03109 स्पेशल 23 अप्रैल से 10 जून तक हर मंगलवार सियालदा से 7.40 बजे चलेगी, जो सेंट्रल स्टेशन पर बुधवार रात 1.30 बजे पहुंचेगी। 03110 स्पेशल 25 अप्रैल से 10 जून तक हर गुरुवार वडोदरा से रात 11 बजे चलेगी। सेंट्रल स्टेशन पर अगले दिन सुबह 4.45 बजे पहुंचेगी। पांच मिनट ठहराव के बाद शुक्रवार रात सियालदा पहुंचेगी। 01083 स्पेशल 25 व 30 अप्रैल को (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) एलटीटी से रात 11.50 बजे और 26 अप्रैल व एक मई को ठाणे से रात 12.15 बजे चलकर सेंट्रल स्टेशन पर रात 2.10 बजे पहुंचेगी। सेंट्रल पर 10 मिनट ठहराव के बाद गोरखपुर सुबह साढ़े नौ बजे पहुंचेगी। 01439 स्पेशल 23 व 30 अप्रैल मंगलवार को पुणे से सुबह 6.35 बजे चलेगी। अगले दिन बुधवार सुबह 7.10 बजे सेंट्रल पहुंचेगी। इसी तरह 01430 स्पेशल 24 अप्रैल व एक मई को सेंट्रल स्टेशन सुबह 8.50 बजे पहुंचेगी।

### प्लास्टिक को लेकर छात्रों को किया जागरूक



पृथ्वी दिवस को लेकर रॉयल ड्रीम वर्ल्ड इंटर कॉलेज, बिठूर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला परियोजना अधिकारी शशांक शुक्ला ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में बच्चों को बताया और अपने पर्यावरण को कैसे संरक्षित करना है यह भी बताया। बच्चों ने नृत्य के जरिए दिखाया कि कैसे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। हमें अपनी पृथ्वी को बचाना है। बच्चों ने प्लास्टिक की बोतल से बहुत मनमोहक वस्तुएं बनाई। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक रोहित मिश्रा, प्रधानाचार्या सपना सिंह, अभिभावक आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

# सालासर बालाजी जन्मोत्सव पर शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



निकली शोभायात्रा। अमृत विचार



ध्वज लेकर चले भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री सालासर बालाजी मंडल हालसीरोड की ओर से शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। सालासर बालाजी का अभिषेक, श्रृंगार के बाद भोग लगाया गया। शाम को ध्वजा पदयात्रा और शोभायात्रा निकली। झांकियों के साथ 151 महिलाएं ध्वजा पताका लेकर चल रहीं थीं। धार्मिक गीतों पर व भजनों पर भक्त जमकर नाचे।

सालासर बालाजी का अभिषेक व स्वास्तिक पूजन सुबह आचार्यों ने कराया। इसके बाद श्रृंगार किया गया। मंडल के अध्यक्ष आनंद मोदी ने आरती उतारी और सवामन का भोग अर्पित किया। शाम को छह बजे ध्वजा पदयात्रा श्री सालासर मंदिर कमला टावर से निकली। श्री बालाजी पितृ तीर्थ पनकी के महंत जगदीश चंद्र ने श्री सालासर बालाजी भगवान की आरती उतारकर रथ खींचकर शोभायात्रा को आगे बढ़ाया। शोभायात्रा में 151 महिलाएं व भक्त ध्वजा पताका लेकर चल रहे थे। मंडल के भक्त भजन गाते चल रहे थे।

श्री सालासर बालाजी के स्वर्ण कलश पर लाल ध्वजा लहरा रही थी। धार्मिक गीतों खुश होंगे हनुमान राम राम किए जा... बालाजी हमारों कष्ट निवारो आयो जन्म उत्सव सालासर बालाजी... पर भक्त जमकर नाचे। शोभायात्रा में पांच झांकियां शोभायमान रहीं। सबसे आगे गणेश रथ चल रहा था। इसके बाद शिव परिवार, राम दरबार, श्री जगन्नाथ, सुभद्रा, बलभद्र व मुख्य रथ श्री सालासर बालाजी का था। शोभायात्रा पर जगह-जगह फूलों की वर्षा व आरती उतारी गई। शोभायात्रा में नरेंद्र शर्मा, कैलाश शर्मा, आनंद मोदी, मदन लाखोटिया, निरंजन चौधरी, ज्ञानेंद्र बिश्नोई, संतोष मित्तल, शिवदत्त पांडेय, नवीन माहेश्वरी, नवीन मेहता आदि रहे। रात में मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ।

## दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने पर दो आरोपियों पर रिपोर्ट

**कानपुर।** किदवई नगर ई-ब्लाक निवासी अनुज जैन ने दो आरोपियों पर रंगदारी मांगने और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप लगाया कि बीते कई दिनों से दिवस पांडेय नाम का युवक उनसे दो लाख रुपये की मांग कर रहा था। बीते 17 अप्रैल को आरोपी ने उन्हें रोक कर दो लाख रुपये की मांग की। विरोध करने पर सोशल मीडिया पर मनगढ़त बाते लिखकर उन्हें धमकी बदनाम कर रहे है। जिससे उनकी छवि की सामाजिक रूप से क्षति हो रही है। आरोप है कि मामले में दिवस के साथ उसका साथी नवीन गुप्ता भी शामिल है। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# एटीएम में लूट का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर पुलिस ने एटीएम में लूट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपने साथी के साथ एटीएम लूटने का प्रयास किया था। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि बीती सात अप्रैल को साकेत नगर स्थित इंडियन बैंक के एटीएम का लाक तोड़कर दो आरोपियों ने रूपये चोरी करने का प्रयास किया था। जिसके बाद बैंक के शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा ने दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाये गए सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। करीब आठ किमी तक लगे 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। जिसके बाद शुक्रवार रात को पुलिस ने गौशाला चौराहा से दीप तिराहा जाने वाली रोड पर एक आरोपी को दबोचा।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम ग्राम सेन पूरब पारा निवासी अभिषेक कुमार बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से एटीएम का टूटा हुआ लाक एक मोबाइल बरामद किया। बताया कि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सवारियां ढोने पर 46 वाहन सीज किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● ट्रैक्टर, लोडर, पिकअप से सवारियां ढोने पर कार्रवाई

● पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर शुरू किया गया अभियान



लोडर चालक से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फतेहपुर से बारादेवी दर्शन करने जा रही श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटने से तीन श्रद्धालुओं की मौत के बाद पुलिस ने माल वाहनों से सवारियां ढोने पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर समस्त थाना क्षेत्र में भार व माल वाहक वाहनों (ट्रैक्टर, लोडर, पिकअप) से सवारियां ढोने वाले वाहन चालकों वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान के दौरान कई स्थानों पर पुलिस को लोडर में लोग सवारी बनकर बैठे मिले। नियमों के उल्लंघन पर 46 वाहनों को सीज किया गया व चालान की कार्रवाई भी की गई। साथ ही इस मामले में 27 मुकदमे चालकों और वाहन स्वामियों के विरुद्ध दर्ज किए गए। वाहन स्वामियों और चालकों को माल वाहक वाहनों से सवारियां ढोने पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी गई है।

## हीट स्ट्रोक से वृद्ध की मौत

**कानपुर।** गुजैनी, डी ब्लॉक पार्क में 60 वर्षीय वृद्ध की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त हरीश नारवानी निवासी एफ ब्लाक के रूप में की। थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि वृद्ध शराब के लती थे। शुक्रवार को वह घर से निकले थे। जिसके बाद शनिवार को उनका शव पार्क में पेड़ के नीचे चबूतरे में मिला।

## घास-फूस में आग

**रूरा।** शनिवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे रूरा रेलवे स्टेशन के डीएफसी लाइन के किनारे बाउंड्री वॉल के पास घासफूस में अचानक आग लग गई। लपटें इतनी तेज हो गई कि रेलवे का हजारों रुपये का रखा निष्प्रोज्य सामान जल गया।

# महंगी किताब व कॉपी से अभिभावक परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पब्लिक स्कूलों द्वारा किताब व कॉपी में कई गुना मूल्य वृद्धि की जा रही है, जिसका बोझ अभिभावकों की जेब पर पड़ रहा है। अभिभावकों ने इस संबंध में शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद को एक ज्ञापन देकर परिस्थितियों से अवगत कराया। अभिभावकों का कहना है कि मॉंटेसरी क्लास का डेढ़ हजार रुपये का किताब व कॉपी वाला बस्ता अभिभावकों को 10 हजार रुपये में दिया जा रहा है। सपा महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने कहा कि आईसीएसई, सीबीएसई व यूपी बोर्ड की सेलेबस बुक्स न लगाकर प्राइवेट प्रकाशनों की बुक्स लगाकर अभिभावक की जेब काटी जा रही है, जिससे अभिभावक परेशान है। सपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने कहा कि प्राइवेट प्रकाशन बुके महंगी छापकर लोगों को और बेरोजगार बना रहे हैं, इन पर कार्रवाई होनी चाहिए। पुस्तकों को महंगा कर गरीबों से शिक्षा का हक छीना जा रहा है। इसके लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पूरा आकलन रिपोर्ट भेजी जाएगी। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, ,नंदलाल जयसवाल, सत्यनारायण गहरवार, हाजी अयूब आलम, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह यादव, राजू पहलवान, बृजलाल यादव, आकाश मौजूद रहे।

लापरवाही

शादी समारोह में शामिल होने आया था आरोपी, घटना की जांच एडिशनल सीपी ने डीसीपी को सौंपी

# क्राइम ब्रांच और चमनगंज पुलिस उलझी, पिच्चा भागा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र में एक शादी समारोह में पहुंचा गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर कुख्यात शाहिद पिच्चा को पकड़ने आई क्राइम ब्रांच की टीम और चमनगंज पुलिस आपस में उलझ गई। इस दौरान वह वहां से भाग निकला। घटना देख वहां पर हलचल मच गई। लोगों का कहना था कि चमनगंज पुलिस ने क्राइम ब्रांच को गुमराह किया और शातिर को मदद से भगा दिया। ये घटना पूरे महकमे में चर्चा का विषय बनी हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने मामले की जांच डीसीपी सेंट्रल को सौंपी है।

चमनगंज निवासी कुख्यात शाहिद पिच्चा के खिलाफ कुछ दिन पहले रेलबाजार थाने में गैंगस्टर का मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद से पुलिस और क्राइम ब्रांच उसकी तलाश कर रही है। क्राइम ब्रांच को चार दिन पहले जानकारी मिली कि शाहिद पिच्चा समेत कई शातिर अपराधी चमनगंज में एक शादी समारोह में शामिल होने आए हैं। क्राइम बांच की टीम सादे पकड़ों में शाहिद पिच्चा को पकड़ने पहुंच गई। वहां टीम गाड़ी खड़ी करके शातिर शाहिद को पकड़ने की योजना तैयार कर रही थी। इसी दौरान चमनगंज थाना प्रभारी हामिद टीम के साथ वहा पहुंच गए। क्राइम ब्रांच की गाड़ी सड़क पर खड़ा देख लोगों ने टोका तो दोनों में बहस हो गई। क्राइम ब्रांच टीम के अपना परिचय देने पर वहां मौजूद शाहिद पिच्चा के कान खड़े हो गए और वह कूदकर भाग निकला। एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि शाहिद पिच्चा के कूदकर भागने की जानकारी मिली है। यह बात भी सामने आई है कि वह चमनगंज थाना प्रभारी की मदद से भागा है। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम को इस मामले में जांच के आदेश दिए है।

शाहिद पिच्चा चमनगंज का पुराना कुख्यात अपराधी है। हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी, लूट, चोरी आदि करीब 40 से ज्यादा मुकदमे शहर के अलग-अलग थाने में दर्ज हैं। कुछ वर्ष पहले शातिर का डी-टू गैंग के ही एक बदमाश से विवाद हो गया था। जिस पर वह चमनगंज में फुरकान की हत्या मामले में जेल गया था। जेल से छूटने के बाद उसने अपनी दबंगई के बल पर विवादित जमीनों का काम शुरू कर दिया और कम समय में ही करोड़ों रुपये कमा लिए। इसके साथ ही शहर के कई बड़े नेताओं के भी संपर्क में था। अब वह बिल्डर और नेतागीरी की आड़ लेकर पुलिस से बचना चाह रहा था। कुछ समय पहले सबलू गिरोह के शुभान रायनी से चमनगंज में शाहिद पिच्चा और उसके साथियों मारपीट हुई थी। इसके बाद शाहिद पिच्चा ने शुभान को गोली मारी थी। गोली उसके दांय हाथ पर लगी और वह बाल-बाल बच गया था। जिसके बाद बेकनगंज पुलिस की शाहिद पिच्चा के साथ मुठभेड़ हुई थी। कुछ समय पहले वह एक वायरल वीडियो में भी चर्चा में आया था। एक इलेक्ट्रॉनिक प्रेस क्लब संस्था ने चमनगंज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी शामिल हुए थे। आईपीएस के जाने के बाद गैंगस्टर शाहिद पिच्चा का स्वागत किया गया था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित किया था।

# ट्रेनों के बाथरूम में पानी नहीं, यात्रियों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● प्लेटफार्म छह पर 20 मिनट खड़ी रही महानंदा एक्सप्रेस

**अमृत विचार।** इस समय ट्रेनों में यात्री पेयजल के लिए बेहाल रहते हैं। वहीं शनिवार को लंबे रूट की कई ट्रेनों में बाथरूम में भी पानी खत्म हो गया। कई यात्रियों ने ट्वीट करके इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। समस्या का समाधान न होने पर जब सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन पहुंची तो यात्रियों ने हंगामा किया। महानंदा एक्सप्रेस करीब 20 मिनट खड़ी रही। पानी भरने के बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई।

ट्रेन नंबर 15484 पुरानी दिल्ली से अलीपुर द्वार जाने वाली महानंदा एक्सप्रेस में शनिवार को बाथरूम में पानी नहीं था। ट्रेन में सफर कर रहे यात्री महेंद्र ने ट्वीट कर बताया की बाथरूम में भी पानी नहीं है। मगर यात्रियों की समस्या का समाधान नहीं हुआ। ट्रेन सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म छह पर पहुंची तो यात्रियों ने हंगामा कर दिया। करीब 20 मिनट ट्रेन खड़ी रही। पानी भरने के बाद ट्रेन रवाना हुई। इसी तरह 15483 सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस के कोच एम-फोर के बाथरूम में पानी नहीं था। यात्री मोनिस जनेसर ने ट्वीट कर रेलवे अधिकारियों से पानी की व्यवस्था कराने को कहा। इस ट्रेन में भी सेंट्रल पर पानी भरा गया। इसी तरह सीमाचंल और नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस में भी पानी की समस्या रही। उक्त ट्रेनों के यात्रियों के हो-हल्ला करने पर बाथरूम में पानी भरा गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पुखरायां।** पिपरी गांव के समीप से निकली एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहां से गुजरने वाले ग्रामीणों ने जब देखा तो घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते हो मौके पर पहुंचे अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की। मृतक के पास मिले मोबाइल से उसके घर का नंबर निकालकर भाई गुड्डू से पुलिस ने बात की। गुड्डू ने मृतक की शिनाख्त भाई संतोष निवासी पातेपुर अमरौधा के रूप में की। अमरौधा चौकी इंचार्ज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# साढ़ में तार की चिंगारी से तीन बीघा गेहूं जला

## हाईटेंशन लाइन में पक्षी के टकराने से हुई तेज स्पार्किंग

संवाददाता, भीतरगांव

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव में खेतों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में पक्षी टकराने से हुई स्पार्किंग से फसल में आग लग गई। जब तक आग बुझाई जाती, तब तक तीन बीघा फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने नलकूपों के सहारे आग पर काबू पाकर कई बीघे खेत की फसल को सुरक्षित बचा लिया।


एचटी लाइन की स्पार्किंग से जल गई गेहूं की फसल। अमृत विचार

रावतपुर गांव निवासी गुलाब सिंह यादव का बिरसिंहपुर से रावतपुर जाने वाली रोड के किनारे खेत है। खेत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरी है। शनिवार को सुबह लगभग 11 बजे एक पक्षी के टकराने से तारों में स्पार्किंग हुई। स्पार्किंग से चिंगारी नीचे फसल में गिरी, जिससे आग लग गई। इसी बीच वहां से गुजर रहे राहगीर ने विद्युत विभाग को सूचना दी। विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और ट्यूबवेल चालू कराकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लगभग तीन बीघा फसल जलकर राख हो गई।

## दुरौली में भी आग से गेहूं फसल राख

**घाटमपुर।** पतारा विकास खंड क्षेत्र के दुरौली गांव में गेहूं की फसल में आग लग गई जिससे तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग का सिलसिला तीन दिनों से लगातार जारी है। ग्रामीणों ने आग पर काबू करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया।

पतारा ब्लाक के दुरौली में गेहूं की फसल में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने मोर्चा संभालते हुए अरहर के पेड़ों और जाखरों से आग बुझाने का प्रयास किया। पुलिस की सूचना पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाया गया। तब तक तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने जांच कर रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपी है। तहसीलदार लक्ष्मीकांत वाजपेई ने बताया कि आग से हुए नुकसान की भरपाई किसानों को कराई जाएगी।

# छात्रों को आग से सुरक्षा के उपाय बताए

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत अग्निशमन विभाग की ओर से शनिवार को क्षेत्र के तातियागंज स्थित यशराज कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं और संस्थान के लोगों को आग से सुरक्षा और बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती हैं। कई बार आग लगने के दौरान जानकारी के अभाव में भारी नुकसान के साथ जान माल को खतरा भी उत्पन्न हो जाता है। घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग की ओर से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तातियागंज स्थित यशराज कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में आयोजित कार्यक्रम में अग्निशमन अधिकारी बिल्हौर श्रीकृष्ण गौतम व विभागीय कर्मियों ने सिलेंडर अथवा अन्य चीजों में आग लगने की दशा में बुझाने के तरीके बताए। ऐसे समय में सावधानी बरतने के गुर भी सिखाए गए। कहा गया कि आग लगने की स्थिति में सबसे पहले फायर ब्रिगेड को सूचना दें।


छात्र-छात्राओं को आग से निपटने की जानकारी देते अग्निशमन अधिकारी श्रीकृष्ण गौतम। अमृत विचार

- अग्निशमन अधिकारियों ने नर्सिंग कॉलेज में आग बुझाने के तरीके भी समझाए

इस दौरान संस्थान के निदेशक यशराज शुक्ला की ओर से कार्यक्रम की थीम 'राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें' पर चर्चा किये जाने के साथ छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या सारा एडविन केलना व फार्मेसी कॉलेज की प्राचार्या आकांक्षा चौहान ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मयंक तिवारी, राहुल श्रीवास्तव, उत्कर्ष द्विवेदी, कंचन गुप्ता, अमित, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## झुलस रहा बचपन...


जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। चिलचिलाती धूप की तपिश में हर कोई बेहाल है। दोपहर के वक्त तल्ख धूप में चेहरा झुलसने लगा है, लेकिन घाटमपुर क्षेत्र में प्राइवेट स्कूल संचालकों की मनमानी भारी पड़ रही है। गर्मी से नौनिहाल बेहाल हो रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों में दो बजे छुट्टी हो रही है। बच्चों का भारी भरकम स्कूली बैग होने की वजह से अभिभावकों ने स्कूल बस और वैन की व्यवस्था कर रखी है। तमाम अभिभावक स्कूटी और बाइक से बच्चों को लेने स्कूल आते हैं। एक स्कूल की हालत यह है कि दोपहर दो बजे छुट्टी के समय अभिभावक स्कूल आते हैं तो उन्हें 400 मीटर दूर धूप में खड़े होकर बच्चों का इंतजार करना पड़ता है। 40 डिग्री के तापमान में बाइक और स्कूटी की सीट इतना गर्म हो जाती है कि बच्चे झुलस जाते हैं। सुरक्षा गार्डों से अभिभावक एतराज जताते हैं तो वे प्रधानाचार्या और प्रबंध तंत्र के आदेश का हवाला देते हैं। कुल मिलाकर बचपन तपिश में झुलस रहा है और स्कूल प्रबंधन को इसकी कोई परवाह नहीं है। ● अमृत विचार

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

संवाददाता, घाटमपुर

**दर्दनाक**

- पतारा क्षेत्र के बरनांव गांव के मोड़ के पास हुआ हादसा
- हादसे के बाद तेज रफ्तार से भाग निकला ट्रक चालक

**अमृत विचार:** पतारा में देर शाम तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को पतारा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा कस्बा निवासी 40 वर्षीय शिव सिंह प्राइवेट नौकरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शनिवार देर शाम वह अपने गांव से पतारा कस्बा बाइक से वापस लौट रहा था। बरनांव मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए भाग निकला। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को सड़क किनारे पड़ा देखा तो फोन कर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से पतारा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर युवक को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्राइम इंस्पेक्टर खुर्शीद अहमद ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संदेश

संवाददाता, बिल्हौर

**जागरुकता रैली**

- जमालपुर और देव ग्राम पंचायत में निकाली गई रैली
- बीडीओ ने मताधिकार का प्रयोग करने की गुजारिश की

**अमृत विचार:** जनपद में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले सभी विभाग तैयारियों में जुटे हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के मतदान का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए इस बार 60 प्रतिशत से अधिक मतदान के लिए हर विभाग अधिकाधिक मतदान का संदेश दे रहे हैं।

ककवन विकास खंड क्षेत्र के देव और जमालपुर ग्राम पंचायत में खंड विकास अधिकारी शिवनरेश राजपूत की अगुवाई में शनिवार को स्कूली बच्चों, शिक्षकों, ग्रामीण महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ जागरुकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सभी मतदाताओं से 13 मई को लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया।



जमालपुर के स्कूल से रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में वोट की आहुति देना हर किसी का अधिकार है। हर नागरिक इस यज्ञ में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और अपने मताधिकार का प्रयोग करे, जिससे आने वाली पीढ़ी को अपने मतदान की अहमियत पता चल सके और उसका सही प्रयोग हो सके। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजवीर कटियार, एडीओ आईएसबी संजीव कैंथवार, सचिव रविन्द्र कुमार, राजकिशोर, केबी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्रेक न लगने से टैंकर में भिड़ी रोडवेज बस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- बारा टोल प्लाजा के पास हादसा, पांच यात्री घायल

**अमृत विचार।** कानपुर नगर से सवारियां बैठाकर उरई जा रही रोडवेज बस बारा टोल के पास ब्रेक न लगने से हाईवे पर पेड़ों को पानी दे रहे एनएचएआई के टैंकर से भिड़ गई। हादसे में बस चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शनिवार की सुबह उरई डिपो की रोडवेज बस कानपुर नगर से सवारियां लेकर उरई जा रही थी। तभी अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बारा टोल प्लाजा के पास हाईवे कि बीचोबीच बने डिवाइडर में पौधों को पानी दे रहे एनएचएआई टैंकर में पीछे से रोडवेज बस भिड़ गई। जिससे सवारियों में चीख-पुकार मच गई। चालक सुनील सचान ने बताया कि हाईवे पर गुजरने के दौरान रोडवेज बस में ब्रेक न लगने से हादसा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस में सवार यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में रोडवेज बस चालक सुनील सचान (48) निवासी गोपालपुर कोतवाली घाटमपुर कानपुर नगर, रूहिया बानो (29) निवासी मछरिया यशोदा नगर मछरिया कानपुर नगर, सुनील कुमार शिवहरे (32) निवासी बरगावां, थाना जरिया जनपद हमीरपुर, सहाबीन बेगम (60) निवासी अफसरिया थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात व ब्रिज नारायण (65) निवासी बीजापुर थाना आटा जनपद जालौन घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा।

## हमले का आरोपी युवक पकड़ा गया

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के डल्लापुरवा गांव में मामूली विवाद पर अपने चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार था, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी थीं।

डल्लापुरवा गांव के रहने वाले राजकुमार सविता के पुत्र दिलीप सविता ने अपने चचेरे भाई ध्रुव के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था और फिर गांव से फरार हो गया था। ध्रुव के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा-307 के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। घटना के बाद से पुलिस की टीम आरोपी युवक की तलाश में छापेमारी कर रही थी। पुलिस के मुताबिक शनिवार की सुबह प्रतापपुर हरी मोड़ के पास से फरार आरोपी दिलीप को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शिवराजपुर में छात्राएं अव्वल

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के शनिवार को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में क्षेत्र की छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। आजाद मेमोरियल इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की अमृता पुत्री शिवशंकर 89, वर्षा पुत्री महेश कुमार 85, निशांत पुत्र धर्मपाल ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल में शिवम पुत्र सुरेश 89, रितेश पुत्र रामकृपाल 88, अंश कटियार ने 84 फीसदी अंक हासिल किए हैं।

शिवराजपुर के बैरी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में सगी बहनें तान्या कश्यप और तशु कश्यप ने सर्वाधिक 91% और 90% अंक प्राप्त किए। क्षेत्र के राजेंद्र नाथ इंटर कॉलेज मुश्ता में विवेक व प्रदीप ने भी 91%से भी अधिक अंक प्राप्त किए। केबीएमए विद्यालय में तनु शर्मा व साजिया फारुकी ने 82.2 प्रतिशत और राधाकृष्ण सोनकली कॉलेज कासामऊ के सौरभ शर्मा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। इन सभी छात्र-छात्राओं सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों ने भी क्षेत्र का नाम रोशन किया।वही सफलता प्राप्त छात्र छात्राओं के परिजनों स्कूल संचालकों ने सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।


साजिया फारुकी।


तनु शर्मा।


रणवीर सिंह।

### रणवीर ने अच्छे अंकों के साथ बढ़ाया मान

**चौबेपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा शनिवार को घोषित किए गए हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम में सुरेश एजूकेशन सेंटर इंटर कॉलेज के छात्र रणवीर प्रताप सिंह ने 93 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय व परिवार का मान बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधक सुरश कटियार व प्रधानाचार्य आकांक्षा कटियार ने छात्र को सम्मानित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चंपतपुर निवासी रणवीर प्रताप सिंह के पिता कमलेश कुमार खेती-किसानी करते हैं और मां पिंकी देवी ग्रहणी हैं। रणवीर प्रताप सिंह सिविल सर्विसेज की तैयारी कर आईएएस बनना चाहता है। अपना सपना पूरा करने के लिए और कड़ी मेहनत करेगा।

## सार-संक्षेप

### अश्लील नृत्य कराने पर प्रधान का पति गिरफ्तार

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के बौहारा प्रधान के पति रामकरन का नर्तकी को पैसे लुटाने और हाथ पकड़ने का वीडियो वायरल होने पर साढ़ पुलिस ने कार्रवाई की है। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने नर्तकी को बुलाकर अश्लील नृत्य कराने, पैसे लुटाने और भीड़ एकत्र कर आचार संहिता का उल्लघंन करने के आरोप में अभियोग पंजीकृत किया था। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी प्रधान पति रामकरन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### राशन लेने जा रही इंटर छात्रा की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत

**राजपुर।** कस्बे के अशोक नगर निवासी विनोद कुमार की बेटी पारुल (17) इंटर की छात्रा थी। शनिवार को परीक्षा परिणाम को लेकर पारुल बेहद खुश थी। सुबह कोटेदार के यहां राशन लेने जा रही थी, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने छात्रा को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पिता ने बताया कि पारुल दो भाइयों प्रांशू (12) व हिमांशु (10) से बड़ी थी। पत्नी सुनीता की करीब दस वर्ष पहले मौत होने के बाद पारुल ही घर की जिम्मेदारी संभाल रही थी। शनिवार को बेटी का इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम आने था। सुबह से घर में साफ-सफाई के बाद मोहल्ले में कोटेदार के यहां राशन लेने जा रही थी। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### अधेड़ का हत्यारोपी गिरफ्तार, खून से सना डंडा बरामद

**राजपुर।** कथरी गांव में बीते सोमवार को गालीगलौज करने के दौरान हुए झगड़े में अधेड़ की डंडे से पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से खून से सना डंडा बरामद कर लिया है। सट्टी थाना क्षेत्र के कथरी गांव में बीती 15 अप्रैल की रात गांव के नाहर सिंह (50) की घर के बाहर लकड़ी के डंडे से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर परिजनों से जानकारी ली थी। बेटे आजाद ने पड़ोसी अश्वनी के खिलाफ पिता की डंडे से पीटकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**कामयाबी** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा में 15 छात्रों ने प्रदेश की टॉप 10 सूची में बनाई जगह

# प्रदेश स्तर पर चमकी घाटमपुर तहसील क्षेत्र की मेधा


बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर छात्राएं खुशी से चहकीं। अमृत विचार

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की परीक्षा में तहसील क्षेत्र की मेधा ने चमक बिखेरी। हाईस्कूल की परीक्षा में महर्षि दयानंद बाबूलाल उमरी के छात्रों ने प्रदेश स्तर पर अपना परचम लहराया है। यहां के 11 छात्रों ने टॉप टेन सूची में अपनी जगह बनाई। वहीं गुरुप्रसाद गयाप्रसाद इंटर कॉलेज नौरंगा के चार छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज घाटमपुर की छात्राएं भी पीछे नहीं रहीं।

महर्षि दयानंद बाबूलाल विद्यालय उमरी के छात्र आदित्य पुत्र भोलानाथ निवासी भेलसा बुजुर्ग ने 480, अजय कुमार पुत्र रमेश कुशवाहा निवासी सेंड नर्वल ने 480, प्रशांत पुत्र मुनेश्वर चंद्र निवासी विक्रमपुर बिंदकी, फतेहपुर ने 480, अविरल सचान पुत्र स्वदेश सचान बीबियापुर ने 480, प्रियांशु यादव शिवचरण सिंह यादव निवासी धरमपुर बंबा 480, अमित पुत्र जयराम 480 अंक, शिव दुबे पुत्र अजय दुबे घाटमपुर 484 अंक, अभिषेक सचान पुत्र मनोज सचान निवासी पतारा 482 अंक, प्रांशु सचान पुत्र विनय सचान 482 अंक, आनंद प्रकाश पुत्र रामगोपाल 482, अंकुर सिंह पुत्र राम सिंह 482 अंक, आर्यन यादव पुत्र श्याम 482 अंक हासिल किए हैं।

### मेधावियों ने भरी कामयाबी की उड़ान

**बिधनू।** एसजे विद्या निकेतन हंसपुरम के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में अपनी मेधा का परचम लहराया। हाईस्कूल में वैभव कुमार ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि समरजीत सिंह और आराध्या शुक्ला ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इंटरमीडिएट में वैष्णवी झा ने 94 प्रतिशत और अनुष्का राजपूत व प्रियांशी पटेल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन अंक हासिल करने वाले मेधावी छात्र-छात्राएं खुशी से चहकते रहे।

- मेधावियों के साथ उनके परिवार वाले भी चहके
- राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं भी पीछे नहीं

इसी तरह गुरुप्रसाद गयाप्रसाद इंटर कॉलेज के आर्यन, रिया, शिवानी, अंकुर ने प्रदेश स्तर पर अपने माता-पिता के साथ अपने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। वहीं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा माही पुत्री उमेश कुमार निवासी गांधीनगर घाटमपुर ने जिले में टॉप कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्र खुशी से चहकते रहे।

# चेहरे पर दिखी सफलता की खुशी

संवाददाता, बिल्हौर


- मेधावी छात्र-छात्राओं का घर से स्कूल तक स्वागत
- बच्चों की कामयाबी पर खूब इतराए परिवार के लोग

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम आते ही बच्चों के चेहरे पर सफलता की खुशी देखने को मिली। कस्बे के बिल्हौर इंटर कॉलेज में 12वीं के छात्र नानामऊ निवासी यशी शुक्ला पुत्री प्रेम शंकर शुक्ला ने 86% अंक लेकर विद्यालय टॉप किया, जबकि द्वितीय स्थान पर कंचन वर्मा पुत्री जगदीश प्रसाद ने 85.02% अंक अर्जित किए। 84.6% अंक पाकर मुस्कान पुत्री ब्रह्म प्रकाश निवासी मान निवादा ने तीसरा स्थान पाया।

इसी प्रकार हाईस्कूल की परीक्षा में आशीष कुमार पुत्र महेश चंद्र ने 95.33 प्रतिशत नंबर अर्जित किए, जबकि द्वितीय स्थान पर कनिष्ठ कटियार पुत्री प्राचीन कटियार ने 93.6 प्रतिशत अंक अर्जित किया जबकि आश्रय कुमार पुत्र जितेन्द्र कुमार ने 78% अंक अर्जित किए है। वहीं कुमारी स्नेहा ने पुत्री श्री नारायण ने निवासी मुरादनगर ने 93% अंक हाई स्कूल कक्षा में प्राप्त किया। ककवन के डीपीएस इंटर कॉलेज में सपना पुत्री रमेश चंद्र निवासी गढ़ेवा ने 76% अंक अर्जित किए, जबकि दूसरे नंबर पर प्रियांशी पुत्री मदन सिंह डडम्म निवादा ने 65% नंबर अर्जित किया इसी तरह हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में आलोक हर्षित पुत्र आलोक ने 88.33% अंक प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर पुष्पेंद्र पुत्र सियाराम ककवन ने 86.5% अंक अर्जित किया तो उपासना पुत्री गोरेलाल ने 86.66% नंबर अर्जित किए हैं। जबकि ककवन के ए एम इण्टर कालेज के अंनन्त शर्मा पुत्र सतीश शर्मा निवासी ककवन ने 92.3% नम्बर अर्जित किए जबकि अमित राज पुत्र सत्येन्द्र सिंह ने 92.% अंको के साथ माता पिता व स्कूल के साथ शिक्षकों का नाम रोशन किया। इसी तरह बिल्हौर के अन्नपूर्णा विद्यालय खजुरी मे प्रिया गौतम पुत्री हरिपाल सिंह ने कक्षा -12 में 88% अंक प्राप्त किए है। वहीं अनुष्का ने ग्रामीण बाल विद्यालय से हाईस्कूल मे 82% अंक प्राप्त किए हैं।


प्रिया गौतम।


छात्रा का मुंह मीठा कराते शिक्षक।



# मेधा की उड़ान



## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी


90 % समीक्षा तिवारी।


94 % तमन्ना रावत।


90 % गुड़िया रावत।


91.4 % कृति त्रिवेदी।


96 % प्रिया सिंह।


95.5 % शिवम।


94 % अदिती शुक्ला।


93 % ओमजी पटेल।


94.2 % अग्रणी सिंह


90.83 % एकांश साहू


91.66 % शगुन


91.16 % श्रीजा शुक्ला


93.3 % अंशुल सिंह


93 % आलोक


92.5 % आभ्या मिश्रा


93.83 % आंशिक पटेल


93.6 % प्रांशी शुक्ला


93.20 % देवेश शुक्ला


91 % दिव्यांशी तिवारी


90.20 % अनुपम गुप्ता


94.50 % अकक्षरा गुप्ता


94 % अंशिका सिंह


94 % रिया सिंह


90.6 % श्रृखंला मिश्रा


91.6 % आर्यन वर्मा


94 % शिवांश मिश्रा


92.6 % विशाल राठौर


90 % राज सैनी


95.5 % अर्पणा शुक्ला


93.8 % कशिश मिश्रा

**खुशी में चहके**



अव्वल आए छात्र को खुशी से उछालते अन्य छात्र।

# हमने बढ़ा दिए आसमान छू लेने के लिए 'कदम'

## जिले के हाईस्कूल के टॉपर ने प्रदेश मेरिट में पाया 9वां स्थान, इंटर के जिला टॉपर शिवांस व आकांक्षा का प्रदेश में 8वां स्थान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के घोषित परिणाम में लड़कियों ने एक बार फिर से बाजी मारी है। प्रदेश की टापटेन सूची में शामिल हाईस्कूल के मेधावियों में तीनों छात्राएं हैं। वहीं, इंटरमीडिएट के पांच टापरों में शिवांश व अकांक्षा ने जिले में टाप करने के साथ प्रदेश स्तरीय मेरिट लिस्ट में भी आठवां स्थान प्राप्त किया है।

हाईस्कूल में त्रिवेणी काशी इंटर कालेज बिहार की छात्रा अनुष्का शर्मा ने जिले में टाप करते हुए प्रदेश स्तरीय मेरिट में नवां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 500 में 482 अंक प्राप्त करते हुए 97 फीसदी अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं इसी विद्यालय की जाह्नवी सिंह ने जिले में दूसरा व प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की है। इन्होंने 581 अंक प्राप्त कर 96.83 फीसदी अंकों से हाई स्कूल उत्तीर्ण किया है। इधर, बीघापुर तहसील क्षेत्र के लक्ष्मी नारायण पब्लिक इंटर कालेज की ही वर्षा वाजपेयी ने जिले में तृतीय व प्रदेश में 10वीं रैंक हासिल की है, जिन्होंने 581 अंक प्राप्त कर 96.83 फीसदी अंकों से परीक्षा में सफलता का झंडा गाड़ा है। इसी तरह इंटरमीडिएट परीक्षा में लाल बहादुर इंटर कालेज पतारी उन्नाव के शिवांस सविता व लाल बहादुर इंटर कालेज पतारी की आकांक्षा सिंह ने संयुक्त रूप से जिला टापर बनने का गौरव प्राप्त करते हुए प्रदेश की मेरिट में भी आठवा स्थान हासिल किया है, जबकि त्रिवेणी काशी इंटर कालेज की नेहा वर्मा ने जिले में दूसरा और प्रदेश में नवां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवांवित कराया है। इसी तरह पतिराजा महिपाल इंटर कालेज उन्नाव की प्रिया सिंह व हरिवंश लाल शुक्ला एसवीएम इंटर कालेज ऊंचगांव की शिवांशी मिश्रा ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए जिले व प्रदेश में संयुक्त रूप से तीसरा व 10वां स्थान बनाया है।



रिजल्ट आने से पूर्व विद्यालय में मां सरस्वती की पूजा करतीं छात्राएं। अमृत विचार

## बीघापुर तहसील व त्रिवेणी काशी के बच्चों ने दिखाया जलवा

**उन्नाव।** घोषित परीक्षा परिणामों में जिले की बीघापुर तहसील क्षेत्र का दबदबा कायम रहा। वहीं कानपुर-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित त्रिवेणी काशी इंटर कालेज बिहार की दो छात्राओं ने जहां हाई स्कूल की मेरिट में स्थान पक्का किया। वहीं इंटरमीडिएट में एक छात्रा ने अपनी मेधा साबित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। शहर सहित सदर तहसील ही नहीं जिले की अन्य तहसील क्षेत्र क विद्यालय भी राज्य स्तरीय मेरिट में अपना स्थान सुनिश्चित नहीं कर सके। हालांकि अभिभावकों से मोटी फीस वसूलने वाले कुछ विद्यालयों ने परिषद से ही हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की मान्यता प्राप्त कर रखी है। इस तरह परीक्षा परिणामों ने साबित किया है कि जिले के कस्बाई व ग्रामीण इलाकों में मेधा की कमी नहीं है।

### 10वीं में 88.91 व 12वीं में 86.7 फीसदी पास

बीते शिक्षा सत्र में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में कुल 71364 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हुए। इसमें हाई स्कूल की परीक्षा में 21192 छात्र व 18985 छात्राएं शामिल हैं। यानी हाई स्कूल की परीक्षा में 40177 विद्यार्थी पंजीकृत रहे। इसी तरह इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 31187 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हुए, जिसमें 16259 छात्र व 14928 छात्राएं शामिल हैं। डीआईओएस एसपी सिंह ने फोन पर बताया कि हाई स्कूल में पंजीकृत 40177 में 38185 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 33949 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा के पंजीकरण कराने वाले 31187 में 29932 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 25972 है। जिले में हाई स्कूल के 88 .91 और इंटरमीडिएट में 86 .7 फीसदी विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की।



गंगा नगर में छात्रा का मुंह मीठा कराते प्रधानाचार्य रमेश तिवारी। अमृत विचार



विजयी मुद्रा का चिन्ह दिखाते गोपीनाथ एसवीएम के बच्चे। अमृत विचार



महर्षि स्कूल में खड़े हाईस्कूल इंटर के मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# यूपी बोर्ड: हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने लहराया परचम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अधिकांश छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। मेधावियों में किसी ने आईएएस, पीसीएस तो किसी ने इंजीनियर और डॉक्टर बनकर देश की सेवा करने का संकल्प लिया है। वहीं अच्छे अंक पाने वाले छात्रों को उनके शुभचिंतकों ने मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया।

शनिवार दोपहर दो बजे जैसे ही परीक्षा परिणाम इंटरनेट पर आया छात्र-छात्राओं में परिणाम देखने की होड़ मच गई। गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर गंगा नगर की हाईस्कूल की अर्पणा शुक्ला 95.5, अनिष्का तिवारी 95, वैष्णवीं तिवारी 94.8, अनवेशा शुक्ला 94.5, अर्चना शर्मा 94.3, अर्पिता सिंह, अभय गुप्ता ने 93.8, लक्ष्मी त्रिपाठी 93.3, वंदना शर्मा 93.1, वैंष्णवी शुक्ला, 93, अर्थव गुप्ता 92.6, मयंक शुक्ला 92.33, देवांश प्रजापति 92.1, आस्था गुप्ता 92, नैंसी सैनी 91.8, आदित्य सैनी 91.6, अंशिका सिंह 91.3, सौम्य सिंह 91.16, अंश यादव 91, कृष्णा कश्यप 90.3, अंकिता राजपूत 90.6, सूर्यांश अवस्थी, आयुष पाल ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किये। वहीं इसी स्कूल के इंटर के कशिश मिश्रा 93.8, दिव्यांश गुप्ता 93.6, रोहित कनौजिया, सार्थक सिंह ने 93, यशी शुक्ला 92.4, आर्यन वर्मा, आयुष शुक्ला ने 91.6, आशीष सैनी 91.2, वैभव गुप्ता, अंशिका शुक्ला 90.8, श्रृंखला मिश्रा 90.6, आर्यन शर्मा 90.2 व आद्यया बाजपेई ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किये। वहीं कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज के आयुष पाल 95.33, आदित्य वर्मा 94.83, आशीष शुक्ला 94.16, निधि निषाद 91.66, अदिती पाल 90.83, अंशिका कश्यप, कृष्णा दुबे, मानसी साहू 90.66 अंशिका गौतम ने 90 फीसदी अंक हासिल किये। इसी स्कूल में इंटर के कुशल यादव 91.6 प्रतिशल अंक लाये हैं। प्रबंधक पीएन शुक्ला ने मुंह मीठा कर बधाई दी। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोपीनाथपुरम में कक्षा 12वीं के छात्र दीक्षा शुक्ला ने 95.8, शिवांश मिश्रा 94, अंशिका यादव 94, अक्षिता सिंह 93.4, समीर गौतम 92.4, प्रिंस सत्यार्थी 90.2, शिखर सिंह 90.2, अक्षय त्रिपाठी ने 90 फ़ीसदी अंक प्राप्त किये। इसी स्कूल के रिया शर्मा, मोनिका शर्मा 95.5, आद्या अग्निहोत्री 95, पीयूष प्रजापति 94.3, नंदनी प्रजापति, गरिमा 94, नव्या यादव 93, अंशिका द्विवेदी 92.5, शैल द्विवेदी, कशिश मिश्रा 92.3, प्रत्युष मिश्रा 91, विष्णु मिश्रा 91, सौरभ गौतम 90.83 अंक हासिल किये। वहीं पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा आस्था विश्वकर्मा ने 95 व मानसी ने 92 प्रतिश अंक हासिल किये। प्रधानाचार्या सुधा तिवारी, प्रबंधक संतोष तिवारी ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाई।



अच्छे अंक आने पर खुशी से झूमे दयानंद के छात्र। अमृत विचार

### पूर्णिमा विद्या मंदिर का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

देवारा कलां स्थित पूर्णिमा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत रहा। जहां इंटर में विशाल राठौर ने 92 .6 प्रतिशत व हाईस्कूल में राज सैनी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किये। विद्यालय के संरक्षक पं. उमेश चंद्र मिश्रा, राजन मिश्रा, सोनू तिवारी ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। वहीं श्रीप्रकाश ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा महिमा सविता और राफिया कौसर ने 91-91 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं।

# हाईस्कूल, इंटर की टॉप-10 लिस्ट में 43 छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** हाईस्कूल में जिले की टाप-10 सूची में जहां 23 छात्र-छात्राओं ने जगह बनाने में कामयाबी पाई। वहीं इंटरमीडिएट की सूची में 20 विद्यार्थी नाम दर्ज करा सके।

हाईस्कूल के 10 मेधावियों में अनुष्का देवी अव्वल रही हैं, जबकि जान्हवी सिंह व वर्षा वाजपेयी ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं सुप्रिया शर्मा तीसरी व दिव्यांशी सिंह ने चौथी रैंक हासिल की है। शुभी वाजपेयी, श्रेया शर्मा व जिया चौधरी पांचवे पायदान पर ही हैं। श्रेया पटेल व विनीत सोनी ने छठवां, नैंसी यादव ने सातवां, श्याम शुक्ला, अर्तिका यादव व अभय आनंद ने आठवीं, मोनिका शाह, रिया शर्मा,सुभी पटेल, अपर्णा शुक्ला व प्रिया ने नवीं और आयुष पाल, अर्पिता शुक्ला, आकर्षी सिंह व प्रांजली सिंह ने 10वीं रैंक हासिल की है। इसी तरह इंटरमीडिएट परीक्षा की जिला स्तरीय मेरिट में शिवांश सविता व अकांक्षा सिंह ने संयुक्त रूप से टाप किया है, जबकि नेहा वर्मा दूसरे और प्रिया सिंह व शिवांशी मिश्रा तीसरे स्थान पर रहीं। दीक्षा शुक्ला चौथे और आदित्य राजपूत व शिवम पांचवें पायदान पर हैं। अलंकृता शर्मा व स्वतंत्र यादव छठवें और आशीष कुमार सातवें नंबर पर हैं। इधर अनामिका कुमार, इरम, तान्या गुप्ता व यश प्रताप सिंह ने आठवां स्थान प्राप्त किया है।


92.20 % अनुष्का कुशवाहा


95.6 % श्याम शुक्ला


94.16 % 58 अराध्या


बांगरमऊ में एक्सप्रेस-वे किनारे खंती में पलटी मिनी बस व मौजूद घायल यात्री। अमृत विचार


सीएचसी में मौजूद घायल व पुलिस। अमृत विचार


क्षतिग्रस्त टूरिस्ट बस को ले जाती क्रेन।

# हादसों से सड़कें हुईं खून से लाल, पांच की मौत

बांगरमऊ उन्नाव। मल्लावां से खरीददारी करने आ रहे जूता-चप्पल व्यापारियों की बाइक साइकिल से टकराकर फिसल गई। इसमें बाइक से गिरे युवक को पीछे से आए ट्रक ने रौंद दिया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे साथी को फुटपाथ की ओर गिरने से मामूली चोट आई है। वहीं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हरियाणा के गुरुग्राम से जौनपुर जा रही मिनी बस के चालक को झपकी लगने से बस अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे की सेफ्टी ग्रिल से टकराने के बाद पलट गई। भोरपहर हुए हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने यात्रियों को रेस्क्यू कर सीएचसी पहुंचाया। जहां से 23 यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जबकि, एक की मौत होने से शव पोस्टमार्टम को भेजा गया। डीएम गौरांग राठी ने घटना का संज्ञान लेकर घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं।

### हादसा 01 — साइकिल से टकरा फिसली बाइक, पीछे से आए ट्रक ने चालक को रौंदा

बांगरमऊ। हरदोई जिला के थाना मल्लावां अंतर्गत मिर्जापुर गांव निवासी शहनवाज (23) व मुशर्रफ अली की मल्लावां में जूते-चप्पल की दुकानें हैं। शनिवार को मल्लावां में साप्ताहिक बंदी होने से दोनों माल खरीदने बाइक से बांगरमऊ की थोक बाजार आ रहे थे। तभी बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर नसिरपुर गांव के पास उनकी बाइक का हैंडल आगे चल रही साइकिल में बंधे झोले में फंस गया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें सड़क पर गिरे शहनवाज को पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। वहीं फुटपाथ की ओर गिरने से मुशर्रफ के मामूली चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने शहनवाज को रेफर कर दिया। परिजन उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जा रहे थे लेकिन, रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### हादसा 02 — एक्सप्रेस-वे पर सेफ्टी ग्रिल से टकराई मिनी बस, 23 यात्री हुए घायल

बांगरमऊ। बेहटा मुजावर थानांतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने से सबली खेड़ा गांव के सामने तेज रफ्तार मिनी बस अनियंत्रित होकर साइड सेफ्टी ग्रिल तोड़ते हुए खंती में जाकर पलट गई। बस 36 बारातियों को गुरुग्राम हरियाणा से लेकर जौनपुर जा रही थी। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची बेहटा मुजावर थाना पुलिस व यूपीडा की टीम ने यात्रियों को रेस्क्यू कर एंबुलेंस से निकालकर सीएचसी पहुंचाया। जहां से एक नीरज (5) को छोड़कर 23 को जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिसमें एक यात्री रविंद्र निवासी बागपत की मौत हो गई। हादसे पर डीएम गौरांग राठी ने दुख जताते हुए घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश स्वास्थ्य अफसरों को दिए हैं।

### हादसा 03 — टूरिस्ट बस पलटी, महिला की मौत

हसनगंज। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर नई दिल्ली से बिहार के सीवान जा रही 12 शीटर टूरिस्ट बस औरास थानाक्षेत्र के कोरौरा गांव के पास किमी संख्या-283 पर चालक के झपकी आने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर में टकराकर पलट गई। इसमें बस सवार मुजाहिदीन खातून (50) पत्नी शमशाद निवासी गांव सूर्यवीर थाना महाराजगंज जिला सिवान बिहार गंभीर घायल हो गई। साथ ही अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा टीम ने उसे औरास सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि चालक को नींद आने से हादसा हुआ है। इसमें एक महिला की मौत हो गई है।

### हसनगंज क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा, लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने दो को रौंदा

### हादसा 04 — अज्ञात वाहन ने हाईवे पर बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

उन्नाव। फतेहपुर जिला के सुजावलपुर थानाक्षेत्र के औसेरखेड़ा गांव निवासी अजय (28) अपने 30 वर्षीय साथी के साथ बिना नंबर की बाइक से उन्नाव से कानपुर जा रहा था। अचलगंज थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर आजाद मार्ग चौराहे के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों उछल कर सड़क पर जा गिरे। इस दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। इसमें दोनों की मौके पर मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना अचलगंज पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद परिजनों को सूचना दी और शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस ने बताया कि एक युवक की शिनाख्त हो गई है। दूसरे की पहचान कराई जा रही है।

### ये यात्री हुए घायल

1- राकेश (45) पुत्र अनूप सिंह निवासी सोनीपत, 2- निशा सिंह (17) पुत्री जागवेंदर सोनीपत, 3- ममता (35) पत्नी प्रदीप सोनीपत, 4- रोहाश (63) पुत्र राम दीप सोनीपत, 5- जागवेंदर (55) पुत्र अनूप सिंह सोनीपत, 6- ज्योती (33) पत्नी मनोज सोनीपत, 7- राकेश (48) पुत्र अनूप सोनीपत, 8- दिव्यांशु (15) पुत्र राकेश सोनीपत, 9- मनोज (25) पुत्र रणधीर सिंह सोनीपत, 10- गिरीश (16) पुत्र जागवेंदर सोनीपत, 11- नीरज (35) पुत्र जीतसिंह दिल्ली, 12- मोनू (32) पुत्र रमेश दिल्ली, 13- पिंकी (28) पत्नी नीरज दिल्ली, 14- रंजीत (35) पुत्र महावीर नई दिल्ली, 15- रवींद्र (45) पुत्र महिपाल पता अज्ञात, 16- सोनिया (20) पत्नी वीरेंद्र पता अज्ञात, 17- सागर (45) पुत्र दलवीर पता अज्ञात, 18- प्रदीप (35) पुत्र अज्ञात पता अज्ञात, 19- साहिल चालक (34) पुत्र अज्ञात पता अज्ञात
20- सुरेंद्र (65) पुत्र अज्ञात पता अज्ञात
21- रावे (25) पुत्र अज्ञात पता अज्ञात है। उनकी जानकारी की जा रही है।
22- ज्योती (24) पत्नी प्रदीप कुमार शिवापुरी पुरानी बाजार बनारस
23- माइली (24) पुत्र जसवीर गाडोली गुरुग्राम हरियाणा का रहने वाला है। घायलों के परिजनों को सूचना दी गई है।

# आग की लपटों में राख हुए किसानों के अरमान

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के गांव ताला सराय में अज्ञात कारणों से खेतों में लगी आग से करीब 40 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जब तक अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचतीं तब तक आग पर काबू पा लिया था।

शनिवार देरशाम चार बजे ताला सरांय गांव में अज्ञात कारणों से गांव निवासी देवेश सिंह के गेहूं के खेत से लपटें उठने लगीं। तेज हवा के कारण देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास ले खेतों में फैलने लगी। जब तक दमकल पहुंचती और आग पर काबू पाया जाता तब तक ताला सरांय व कोरौरा गांव के दर्जनों किसानों की करीब 40 बीघा फसल जलकर स्वाहा हो गई। फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एसडीएम हसनगंज हिमांशु गुप्ता ने बताया कि जानकारी मिली है।

### फसल के साथ इन किसानों के जले अरमान

ताला सरांय गांव निवासी देवेश सिंह, योगेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विपिन सिंह, नितिन सिंह, विकाश सिंह, महेंद्र सिंह, अशोक सिंह, अनिल सिंह, राकेश सिंह, अरविंद सिंह, राजकुमारी, सूर्यभान सिंह, ओमप्रकाश सिंह, उमाकांत सिंह, उपेंद्र सिंह, अमित सिंह, गंगा मौर्य, घनश्याम, जमुना, केशनपाल, विजेंदर, ओमप्रकाश मौर्य, राजकुमार, श्यामा, ऋषि कुमार, मुन्नी देवी, नन्हकऊ, गिल्लू, धनपति, राजाराम, मुन्ना, सुधा सिंह, राम प्रसाद व रामपाल की फसल जल गई। इसके अलावा कोरौरा गांव निवासी बाबू पहलवान, मटरू, धनपत, रामस्वरूप व गुड्डू सिंह आदि की फसल स्वाहा हो गई।

### कर्ज लेकर बोई थी फसल, अब का होई

ताला सरांय निवासी देवेश सिंह ने बताया कि किसानों ने बैंक से कर्ज लेकर गेहूं की फसल बोई थी। लागत लगाकर जैसे-तैसे फसल तैयार की थी। अब जब फसल पककर तैयार हुई तो आग ने उनकी फसल के साथ साथ अरमानों को भी राख कर दिया।

### हवा तेज होने से आग बुझाने में हुई समस्या

हवा तेज होने से ग्रामीणों को आग बुझाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। जब तक ग्रामीण आग पर क़ाबू पाते तब तक लगभग 40 बीघे गेहूँ की फसल राख में तब्दील हो चुकी थी।


धू-धूकर जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

## आग से चार बीघा फसल जलकर राख

औरास। थानाक्षेत्र के गांव सिधूर के पास अश्वनी दिवाकर के गेहूं के खेत के ऊपर से निकली विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते फसल धू-धूकर जलने लगी।
जब तक ग्रामीण निजी संसाधनों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाते तब तक करीब चार बीघे फसल जलकर राख हो गई। अग्निशमन विभाग को आग की सूचना दी गई। लेकिन, दमकल आग बुझने के बाद पहुंची।
क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है। अब सर्वे किया जाएगा।

# 101 बटुकों का होगा उपनयन संस्कार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। नगर की ब्रह्मसभा की ओर से 26 अप्रैल को सामूहिक यज्ञोपवीत एवं विवाह संस्कार का आयोजन करायेगा। इसके लिये पदाधिकारियों ने सदस्यों के बीच कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है।

यह जानकारी शनिवार को राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में प्रेस वार्ता में ब्रह्मसभा के अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को 5 जोड़ो का विवाह संस्कार और 101 बटुकों का उपनयन संस्कार कराया जायेगा। उपनयन संस्कार सुबह 21 आचार्यों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रों के बीच सम्पन्न होगा। यज्ञोपवीत संस्कार के बाद कार्यक्रम स्थल से स्थानीय दुर्गा मंदिर तक बटुकों की शोभा यात्रा भी निकाली जायेगी। वहीं सामूहिक विवाह संस्कार स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम में कराया जायेगा। शाम को गोपीनाथ चन्द्रावती स्कूल से वर यात्रा गाजे-बाजे के वीच निकाली जायेगी। इस दौरान कानपुर, उन्नाव ब्राम्हण संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव

उन्नाव। अचलगंज थानाक्षेत्र के सराय गांव निवासी 18 वर्षीय युवक का शव पेड़ में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। युवक मानसिक बीमार था और उसका इलाज चल रहा था।

विनय (18) पुत्र सरजू लोध पचोड्डा गांव के मजरा सराय का निवासी था। वह दो माह से मानसिक बीमारी से ग्रसित था। उसका केजीएमयू से इलाज चल रहा था। बीती रात उसका शव गांव में लगे सरकारी ट्यूबवेल के पीछे एक पेड़ में फंदे से लटका देख ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की।

# एचटी लाइन पर गिरे किसान की मौत

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- विभाग की लापरवाही के चलते आएदिन होते हैं हादसे, किसान आक्रोशित
- पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा, परिजन रो-रोकर बेहाल

अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह गेहूं की फसल काटने गया किसान एचटी लाइन की चपेट में आ गया। इसमें उसकी झुलसकर मौत हो गई। उसकी मौत से ग्रामीणों में आक्रोश है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। घटना के बाद मृतक के परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

आसीवन थानाक्षेत्र के गांव मुन्नुखेड़ा निवासी दिनेश सिंह (65) शनिवार सुबह फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव मतलबपुर स्थित खेत में खड़ी गेहूं की फसल काटने गया था। इस दौरान खेत में पहले से बिजली का तार टूटा पड़ा था। सप्लाई चालू होने से दिनेश उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान आसपास के खेतों में फसल काट रहे किसानों ने देखा तो उन्होंने घटना की सूचना विद्युत विभाग व दिनेश के परिजनों को दी। सूचना पर बिजली विभाग ने सप्लाई बंद की। फतेहपुर चौरासी पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। किसान की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं देता है। बता दें कि एचटी लाइन की चिंगारी गिरने से अब तक जिले में सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी है। किसान की मौत से पत्नी सुनीता, बेटे मनीष व शिवम के अलावा तीन शादीशुदा व एक अन्य बेटी लक्ष्मी का रो-रोकर बुरा हाल है।


दिनेश सिंह।

## टप्पेबाज ने महिला से उड़ाई नकदी

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अहमद नगर में रहने वाली एक महिला को युवक ने झांसे में ले लिया। जिसके बाद उससे हजारों की नकदी लेकर भाग निकला। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

अहमद नगर निवासी मेराज की पत्नी महशर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह शनिवार को नगर के एक स्कूल में अपने बच्चे नक्श की एडमिशन कराने गई थी। जहां एक अज्ञात युवक आया और उससे बाते करने लगा। इस दौरान उसे झांसे में लेकर युवक ने 6500 रुपये और बच्चे के डक्यूमेंट ले लिया।

# तीन घरों में बोला धावा लाखों का माल पार किया

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। नगर के उन्नाव-हरदोई रोड पर चोरों ने शुक्रवार रात तीन घरों को निशाना बनाया। चोर एक मकान से 2000 नगद व दो मोबाइल सेट, दूसरे मकान से आलमारी तोड़कर नकदी व सोने-चांदी के जेवर सहित करीब पांच लाख का सामान ले गए। वहीं, तीसरे मकान की आलमारियां खंगालने के बाद चोर भाग निकले। गृह स्वामियों को सुबह घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी है।

उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित मोहल्ला कटरा निवासी मोईन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह बीती शुक्रवार रात परिजनों के साथ मकान की निचली मंजिल में सो रहा था। तभी रात में चोर मकान के पीछे स्थित नाले से होकर उसकी ऊपरी मंजिल पर पहुंच गए आलमारी का ताला तोड़ दिया।

## दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर को जेल

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव भाटमऊ में 31 मार्च को चावल बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद महिला कमरे में दुपट्टे के सहारे लटक गई थी। पिता अकबर की तहरीर पर पुलिस ने पति इसरार सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पति इसरार को जेल भेजा था। शनिवार को दरोगा फूल चंद्र ने ससुर जुम्मन अली व सास मुन्नी को भाटमऊ के पास से पकड़ा। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया।

# होली मिलन में गले मिले, बधाई दी

संवाददाता,शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। शनिवार को राजधानी मार्ग गोपीनाथपुरम स्थित शुक्लागंज लॉ एसोसिएट के प्रथम स्थापना दिवस पर अधिवक्ता समागम एवं होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जहां अधिवक्ताओं ने पदाधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखी। इसके साथ ही एक दूसरे को होली की शुभकामानाएं भी दीं। शुक्लागंज लॉ एशोसियेट की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित अधिवक्ता समागम एवं होली मिलन समारोह में बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष जय नारायण पांडे, उन्नाव बार अध्यक्ष सतीश चंद्र शुक्ला, महामंत्री अरविंद दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, पूर्व महामंत्री सुशील शुक्ला, कानपुर लॉयर्स के पूर्व अध्यक्ष रवीन्द्र शर्मा, वर्तमान बार महामंत्री आदित्य सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ताओं को पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिये हर संभव प्रयास करना चाहिये, राहुल तिवारी, ओपी पांडे, जैनेन्द्र शुक्ला, प्रशांत मिश्रा, सूरज, डॉ. वीपी शुक्ला, उमेश यादव आदि रहे।


कार्यक्रम के दौरान मंच पर बैठे अतिथि। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

औरास उन्नाव। थानाक्षेत्र आसीवन के कोटहरा गांव निवासी राजेंद्र उर्फ बउवा पत्नी के साथ अपनी ससुराल शरीफाबाद मकदूमपुर शाह सफी आ रहा था। तभी औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी बाइक सवार युवक ने उसे टक्कर मार दी थी। परिजनों ने उसे मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। लेकिन, परिजन उसका इलाज लखनऊ में एक निजी अस्पताल में करा रहे थे। जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। दिवंगत का शव परिजन शनिवार शाम औरास लाये। जहां बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के साथ शव का पोस्टमार्टम कराने की भी मांग कर रहे हैं।

### चकलवंशी चौराहा चार घंटे जाम, एंबुलेंस व सीओ तक फंसे

चकलवंशी। माखी थानाक्षेत्र के चकलवंशी चौराहा से हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, संडीला व कानपुर के लिए हजारों वाहन रोज निकलते हैं। शनिवार दोपहर तीन बजे गोपालपुर से शोभायात्रा भूमेश्वर के लिए निकली थी। इसमें कई ट्रैक्टर व कार निकलने से चारों मार्गों पर वाहनों की कतारें लग गईं। कार सवार लोगों ने जल्दी निकलने के चक्कर में मार्ग पर एक ओर कई लाइनें लगा दीं। जिससे वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं बची। जिससे जाम और बढ़ता गया। डेढ़ घंटे तक चौराहा पूरी तरह जाम रहा। चारों मार्गों पर वाहनों की करीब आठ किमी लंबी कतार लग गई। जाम में दो एम्बुलेंस, बांगरमऊ सीओ व प्रभारी निरीक्षक, चुनाव में तैनात उडन दस्ता, खंड विकास अधिकारी सहित कई अधिकारी घंटों तक फंसे रहे।

### गोवंश ले जा रहे ट्रक का एक्सल टूटा, भागा चालक

औरास उन्नाव। औरास थानांतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गोवंशों से भरे ट्रक का एक्सल टूट गया। इस पर चालक व परिचालक ट्रक छोड़कर भाग गये। सूचना पर पशु चिकित्साधिकारी अपनी टीम के साथ पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गोवंशों को कान्हा गौशाला में सुरक्षित कराया है। बता दें कि 21 गोवंशों से भरा बिना नंबर प्लेट लगा ट्रक लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से होकर जा रहा था। अभी वह औरास थानांतर्गत ही पहुंचा था कि ट्रक का एक्सल अचानक टूट गया। जिसके बाद ट्रक चालक व परिचालक वाहन वहीं छोड़कर भाग गए। यूपीडा की गस्ती टीम की सूचना पर पहुंची पशु चिकित्साधिकारी की टीम व पुलिस ने गोवंशों से भरे ट्रक को हाइड्रा की मदद से किनारे करवाया और उसमें मौजूद 21 गोवंशों को बाहर निकलवाया। 21 में एक गोवंश की मौत हो गई थी। जबकि, 20 जीवित गोवंशों को नगर स्थित अस्थायी कान्हा गौशाला में सुरक्षित कर दिया।

### गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपी को भेजा जेल

उन्नाव। मवेशी बांधने के विवाद में अचलगंज थानाक्षेत्र के सुपासी गांव में देवरानी-जेठानी में हुए विवाद में एक बच्चे की ईंट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया। सुपासी गांव निवासी टुइयां की पत्नी रूपेशन का शुक्रवार सुबह जेठानी मुकेशन पत्नी जुबेर से घर के सामने जानवर बांधने को लेकर विवाद हो रहा था। देखते ही देखते दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर चलने लगे। इसी गांव में करीब 100 मीटर दूर स्थित रूपेशन के मायके वाले भी पहुंच गए और उसे बचाने का प्रयास करने लगे। घर वालों के साथ रूपेशन का भतीजा लाल मोहम्मद (11) भी था। तभी उसके पत्थर लगा सिर फटने व सीने में गहरी चोट से वह वहीं गिर गया था। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

हीलाहवाली — तीन माह पूर्व ही विभाग को हैंडओवर किया जा चुका है भवन, विभागीय अफसरों की लापरवाही से अब नहीं शुरू हुआ संचालन

# अग्निशमन केंद्र बनकर तैयार, अब शुरू होने का इंतजार

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। सफीपुर कस्बा से मात्र 5 किमी दूर करीब 10 करोड़ से बना अग्निशमन केंद्र विभागीय अफसरों की लापरवाही चलते वीरान पड़ा है। क्षेत्र में आएदिन आग लगने से करोड़ों का नुकसान हो रहा है लेकिन विभागीय अधिकारियों को इसकी परवाह नहीं है।

बता दें कि सफीपुर कस्बे से कुछ दूर पर 10 करोड़ से बनाया गए अग्निशमण केंद्र के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य तीन माह पूर्व पूरा हो गया था। इसके बाद इसे विभाग को सौंप भी दिया गया था। जिसके बाद आरआई व एफएसओ ने टीम के साथ निरीक्षण कर फरवरी माह में वाहन उपलब्ध करा इसे शुरू करने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन यहां पर अब तक न वाहन पहुंचे और ना ही स्टाफ पहुंचा। जिसके चलते क्षेत्र में गेंहू की सैकड़ों बीघा फसलें आग लगने से स्वाहा हो रही हैं। फायर स्टेशन उन्नाव व बांगरमऊ से दमकल गाड़ियां आने में समय लगता है। जब तक वाहन पहुंचते हैं तब तक फसल जलकर राख हो चुकी होती हैं।


तैयार अग्निशमन केंद्र का भवन। अमृत विचार

### ब्रजपालपुर में 10 करोड़ से बना है अग्निशमन केंद्र

विकासखंड क्षेत्र सफीपुर से 5 किमी दूर बृजपालपुर गांव में पुलिस आवास निगम द्वारा 10 करोड़ से बने अग्निशमन केंद्र का कार्य सन-2020 में शुरू हुआ था। विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि से सबसे पहले बने प्रशासनिक भवन में कार्यालय के अलावा ड्यूटी पर तैनात 20 जवानों के रहने के लिये 2 बैरक बनाई गईं। केंद्र संचालन के दौरान उपलब्ध रहने वाले छह बड़े व चार छोटे वाहनों को पानी उपलब्ध कराने वाला एक ट्यूबवेल तैयार किया गया है। जेई श्री प्रकाश के मार्गदर्शन में हुए इस कार्य में 6 बड़े व 4 छोटे वाहनों के अलावा 50 से अधिक कर्मचारियों के लिये सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। जिसके सत्यापन हेतु चार माह पूर्व आरआई व एफएसओ की मौजूदगी में टीम ने निरीक्षण कर फरवरी-2024 में केंद्र की शुरुआत करने के संकेत दिए थे। साथ ही भवन विभाग को सौंप दिया गया था। लेकिन, लोगों को इससे मिलने वाली सुविधा का शुभारंभ नहीं किया गया। इसे लेकर एसडीएम नवीन चंद्र ने बताया कि विभागीय अधिकारियों से बात कर जल्द ही अग्निशमन केंद्र की शुरूआत कराई जाएगी।

## दहेज हत्या में सास-ससुर को भेजा जेल

उन्नाव। आसीवन थानांतर्गत सहजनपुर गांव निवासी चार दिन से लापता युवक का शव फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सहजनपुर गांव निवासी रामजीवन (45) पुत्र केशन लाल चार दिन से लापता था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश के बाद गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं लगा। शनिवार को खेत गए ग्रामीणों ने उसका शव घर से 150 मीटर दूर छेदा के बाग में फंदे से लटकता देख परिजनों को जानकारी दी। शव देख परिजन बिलख उठे। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसके दो बेटे तीन बेटियां हैं। उसकी मौत से पत्नी राम जानकी रो-रोकर बेहाल रही।

# वैदिक से आधुनिक काल तक लोक प्रशासन

भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लंबा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है,लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था कि, ''हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।'' पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुंब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुंब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है कि ''समिति जनसाधारण की



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**रामचरित मानस में भी आदर्श राज व्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं।**

संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।'' उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्मन्' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिंधु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहन जोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिंधु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थीं। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। संपूर्ण सिंधु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है।

चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। कौटिल्य संवेदनशील प्रशासन के व्याख्याता हैं। वाल्मीकि की रामायण में श्रीराम की आदर्श राजव्यवस्था के उल्लेख हैं। वाल्मीकि द्वारा लिखी आदर्श राजव्यवस्था काल्पनिक नहीं है। तुलसीदास ने आज से 450 वर्ष पहले रामचरितमानस लिखी थी।

रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं। अंग्रेजी सत्ता का उद्देश्य भारत की जनता को सुन्दर प्रशासन देना नहीं था। वे यहां से कच्चा माल इंग्लैंड ले जाते थे। उसके उपयोग से इंग्लैंड में ब्रांड की वस्तुएं बनाते थे। यहां से कपास इंग्लैंड जाता था। वहां से 'मेड इन इंग्लैंड' के कपड़े बनकर आते थे। भारतीय व्यापारी और किसान कर्ज में डूब गए थे। अंग्रेजों का प्रशासन संवेदनहीन था। ईसाई मिशनरी अंग्रेजी सत्ता के दुरुपयोग से धर्मांतरण कराते थे। लेकिन भारतीय संस्कृति और दर्शन का डंका चारों ओर पिट रहा था। भारतीय प्रशासन के लिए इंग्लैंड से सिविल अधिकारी आते थे।


मैक्समूलर भारतीय दर्शन और संस्कृति के व्याख्याता थे। उन्होंने भारत आने वाले सिविल अधिकारियों को पढ़ाया था कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क भारतवासियों का है। संस्कृत दुनिया की आदर्श भाषा है। भारतीय दर्शन विज्ञान को ध्यान से समझ कर स्वयं का निजी जीवन और समाज को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। यह बातें भारत का कोई व्यक्ति नहीं कह रहा था। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर भारत जाने वाले सिविल अधिकारियों को भारत को समझने की प्रेरणा दे रहे थे। उनका सारा भाषण 'व्हाट इंडिया कैन टीच अस' के नाम से संकलित है। अंग्रेजी प्रशासकों को भारत समझना जरूरी था। मोटे तौर पर अंग्रेजी शासन और वैधानिक व्यवस्था की वास्तविक शुरुआत भारत शासन अधिनियम 1935 से होती है। संविधान निर्माताओं ने भारतीय प्रशासन के गठन में 1935 के अधिनियम की बातें लगभग यथावत रखी हैं। राजनैतिक कार्यपालिका विधायी सदनों के प्रति जवाबदेह है। मंत्रीगणों को सम्बधित प्रश्नों के उत्तर तैयार कराने में प्रशासन की मुख्य भूमिका होती है।

प्रश्नोत्तरों की तैयारी में हुई त्रुटि का खामियाजा सदन में मंत्री को भुगतना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य भी उत्साहवर्द्धक सम्बंध नहीं दिखाई पड़ते। बहुधा विधायकों और सांसदों से प्रशासनिक अधिकारियों के बीच अप्रिय कलह की खबरें आती रहती हैं। टेलीफोन न उठाने और जनप्रतिनिधियों के पत्रों के उत्तर न देने की शिकायतें पुरानी हैं। विधायी सदनों की समितियों में प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बंधित विषय पर साक्ष्य के लिए आमंत्रित किया जाता है। अध्यक्ष विधानसभा के रूप में मेरा अनुभव रहा है कि समिति के भीतर जनप्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए उत्तर अधिकारियों को नागवार लगते हैं। निर्वाचित सरकार के द्वारा बनाए गए कार्यक्रमों को पूरा करना सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विकास कार्यों को ठीक से सम्पन्न कराना भी इन्हीं की जिम्मेदारी है। लेकिन तमाम राज्यों में भिन्न-भिन्न विभागों के लिए निर्धारित बजट का बड़ा भाग उपयोग में ही नहीं आता। आज के इस महत्वपूर्ण दिवस पर सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारियों और उनकी कठिनाइयों पर बेबाक चर्चा होनी ही चाहिए।

# व्यक्ति-व्यक्ति के साथ न्याय बनाम समूहों का ध्रुवीकरण

आगामी 4 जून देश के भविष्य का निर्धारण करने वाला एक अहम दिन है। बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को न्याय चाहिए। उसे व्यक्ति के रूप में न देखकर (जो वह गुप्त मतदाता के रूप में है,जिस पर जनतंत्र का शीराजा खड़ा है) किसी समूह से जोड़ देने पर न्याय की भावना पृष्ठभूमि में चली जाती है,लेकिन सत्तालोलुप को इसमें तात्कालिक लाभ नजर आता है और वह जोर-शोर से इसको बढ़ावा देता है। इसी को वोट बैंक की राजनीति कहते हैं। यह एक भेदकारी राजनीति है जो वर्ग-संघर्ष की सहधर्मी है। उसी का आयात है और सशस्त्र संघर्ष के लिए मुफीद हो सकती है, किंतु मताधिकार के प्रयोग से शांतिपूर्वक सत्ता-परिवर्तन की जनतांत्रिक प्रक्रिया में बहुत भ्रम उत्पन्न करती है। बहुत स्वांग, बहुत रेटरिक, बहुत विचलन को जन्म देती है।

**रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं।**



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस भेद और विग्रह की राजनीति का केवल एक रूप नहीं,इसके अनेक रूप हैं और सबके सब जनतंत्र के लिए घातक हैं। इतिहास की दुहाई देना ही गलत है,जो जहां है,वहां है। वहीं पैदा हुआ और इस पैदा होने पर उसका कोई वश नहीं था। पीछे क्या हुआ,इसके लिए वह कतई जिम्मेदार नहीं,पिता के अपराध का दंड पुत्र को नहीं दिया जा सकता। यह न्याय नहीं,आदिम बर्बरता है।

किसके पूर्वज कब,कहां से आए या नहीं आए,उन्होंने क्या सही किया,क्या गलत किया, ये सवाल ही सिरे से अप्रासंगिक हैं, उलझाने वाले हैं, भेदकारी हैं और व्यक्ति के रूप में नागरिक के साथ न्याय निष्पादन में बाधा खड़ी करते हैं। शासक के लिए विहित कार्य के निष्पादन के मूल कर्तव्य से बचकर कदाचार में लिप्त होने की खिड़की भी खोलते हैं। यदि किसी भी समूह के हर व्यक्ति में हम यह प्रतीति नहीं उत्पन्न कर पाए कि उसके साथ जो भी होगा न्याय होगा,भले ही वह उसके तात्कालिक व्यक्तिगत हित में न हो,समग्रता में यह उसके साथ तात्विक रूप से न्याय ही है,हम जनतंत्र को कमजोर करेंगे। इसके फलस्वरूप अंततः किसी के साथ न्याय नहीं हो पाएगा।

समाज और देश व्यक्तियों के योग से ही बनते हैं। जब किसी के साथ अन्याय होता है, जो किसी अन्य के साथ पक्षपात में निहित होता है तो वह पूरी व्यवस्था के स्वास्थ्य और स्थिरता को अनिवार्य रूप से प्रभावित करता है। फिर तो सब कुछ शासक वर्ग की मनमानी पर निर्भर हो जाता है और अंततः जिसको जो मिल रहा है, उसके भी लाले पड़ जाते हैं।

दूषित जनतंत्र में केवल दो वर्ग बन जाते हैं-शासक और शासित। शासक तरह-तरह की रेटरिक के बावजूद बड़ी पूंजी की गोद में जाकर बैठ जाता है और वही सब करता है,जो उसे नहीं करना चाहिए और उससे सर्वथा विरत हो जाता है,जो उसे करना चाहिए। रेटरिक के भिन्न-भिन्न नैरेटिव के बावजूद सबकी समान परिणति इसी में होती है। यह जनतंत्र नहीं,धनतंत्र है।

अंततः मतदाता के रूप में व्यक्ति ही ठगा जाता है। व्यवस्था में उसका विश्वास चिटक जाता है और वह आड़े-तिरछे रास्ते खोजने को विवश हो जाता है। एक बार विचलन शुरू हुआ तो क्रिया-प्रतिक्रिया से उसकी व्याप्ति बढ़ती जाती है और अंततः चीजें बेकाबू हो जाती हैं।

# प्रथम चरण में कम वोटिंग से दलों में चिंता

चुनावों में मतदान के स्तर को अक्सर लोकतंत्र के स्वास्थ्य के संकेतक के रूप में देखा जाता है। प्रथम चरण के लिए 21 राज्यों की 102 सीटों पर हुए मतदान में 60 प्रतिशत वोटिंग हुई है। देखा गया है कि इस बार मतदान में पिछले चुनावों 2014 और 2019 के चुनावों के मुकाबले लोगों में कम उत्साह दिखा,कम लोग मतदान केंद्र तक पहुंचे। मतदाता उदासीनता का तात्पर्य चुनाव में मतदान करने के योग्य लोगों के बीच उदासीनता से है। ऐसा तब हो सकता है जब मतदाताओं का चुनावी प्रक्रिया से या राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से मोहभंग हो जाता है या जब उन्हें नहीं लगता कि उनका वोट मायने रखेगा या जब उन्हें अपने आसपास के मुद्दों की ज्यादा परवाह नहीं है। सबसे अधिक 79.90 फीसदी मतदान त्रिपुरा में हुआ,जहां दो लोकसभा सीटों में से एक पर वोट पड़े। दूसरे नंबर पर 77.57 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ। यहां 42 में से तीन सीटों पर मतदान हुआ। पुदुचेरी, असम और मेघालय की दो सीटों पर भी 70 फीसदी से अधिक वोट पड़े। तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों पर 62.19 फीसदी वोट पड़े। उत्तर प्रदेश में 57.61 फीसदी वोट पड़े। छत्तीसगढ़ की नक्सल प्रभावित सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे कम मतदान बिहार में हुआ। यहां 40 सीटों में चार पर वोट डाले गए और 47.49 फीसदी ही मतदान हुआ। पहले चरण तमिलनाडु की सभी 39, उत्तराखंड की सभी पांच,



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

**पिछले चुनावों के मुकाबले बीजेपी इस बार दक्षिण के राज्यों में ज्यादा एक्टिव है। पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के पहली पंक्ति के नेता लगातार रैलियां, रोड शो और सभाएं कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी ने इस बार अपने लिए जो 400 पार का टारगेट रखा है,उसके लिए जरूरी भी है कि दक्षिण के राज्यों से उन्हें सीटें मिले,लेकिन सवाल ये है कि क्या मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी ने उत्तर के राज्यों में कम ध्यान दिया है या यहां मतदाताओं को रिझाने में कहीं कोई कमी रह गई है।**

अंडमान-निकोबार 1, अरुणाचल प्रदेश 2, लक्षद्वीप की एक,मेघालय की दो,मिजोरम 1,नगालैंड 1, पुडुचेरी 1 और सिक्किम की एक लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़े।

2019 में पहले चरण में लगभग 70 फीसदी वोटिंग हुई थी। इस बार देश के किसी भी हिस्से में मतदान का प्रतिशत 80 तक नहीं पहुंच सका है। हैरानी का बात ये रही कि पिछले कुछ दिनों में सियासी रुप से सबसे हलचल वाले राज्य बिहार में सबसे कम मतदान देखने के लिए मिला। यहां केवल 47.50 प्रतिशत वोटिंग की खबर है। बीजेपी की तरफ से मिशन 400 पार को लेकर ये माना जा रहा था कि हिंदी पट्टी के राज्यों यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान में पार्टी पहले के मुकाबले बेहतर स्थिति में है,इसलिए उम्मीद ये की जा रही थी कि इन राज्यों में बीजेपी को उम्मीद से अधिक अच्छे परिणाम मिलेंगे,लेकिन मतदान प्रतिशत में गिरावट के बाद इन इलाकों पर टिकी बीजेपी को नुकसान का मुंह देखना पड़ सकता है।

पिछले चुनावों के मुकाबले बीजेपी इस बार दक्षिण के राज्यों में ज्यादा एक्टिव है। पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के पहली पंक्ति के नेता लगातार रैलियां,रोड शो और सभाएं कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी ने इस बार अपने लिए जो 400 पार का टारगेट रखा है,उसके लिए जरूरी भी है कि दक्षिण के राज्यों से उन्हें सीटें मिले,लेकिन सवाल ये है कि किया मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी ने उत्तर के राज्यों में कम ध्यान दिया है या यहां मतदाताओं को रिझाने में कहीं कोई कमी रह गई है। उत्तर प्रदेश आज के समय में बीजेपी का सबसे मजबूत गढ़ है। यहां पार्टी 80 में 78 सीटें जीतने का दावा कर रही है। यूपी में पहले चरण में जिन क्षेत्रों में चुनाव हुए उसमें करीब 57 प्रतिशत वो पड़े,जबकि पिछले चुनाव में इन्हीं सीटों पर 67 प्रतिशत तक मतदान हुए थे। बिहार में जिन चार लोकसभा सीटों जमुई, औरंगाबाद, गया और नवादा मे पोलिंग हुई, उसमें लगभग 47 प्रतिशत मतदान हुआ,जबकि इन्हीं सीटों पर पिछले चुनाव में 53 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।

मध्य प्रदेश में पहले चरण की वोटिंग में 63 प्रतिशत वोट पड़े हैं,जबकि पिछले चुनाव में यहां 75 प्रतिशत वोट पड़े थे। राजस्थान में पहले चरण में केवल 50 प्रतिशत मतदान की खबर है,जबकि 2019 में यहां 64 प्रतिशत वोट पड़े थे। कम मतदान को लेकर अक्सर एक थ्योरी दी जाती है कि अगर वोटिंग प्रतिशत कम रहता है तो इसका मतलब है कि जनता सत्ता में बदलाव नहीं चाहती है। पिछले चुनावों में ये देखा गया है कि जब-जब बंपर वोटिंग हुई है, जनता घरों से निकलकर मतदान केंद्रों तक पहुंची है,सत्ता में परिवर्तन देखने के लिए मिला है। कहा जाता है कि जब जनता सरकार बदलना चाहती है तो अधिक मतदान होते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक पिछले 12 चुनावों के बारे में अगर देखा जाए तो ये देखा गया है कि सात बार जब-जब मतदान प्रतिशत बढ़े हैं,चार बार सत्ता में परिवर्तन हुआ है। वहीं पांच बार जब-जब मतदान प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है तो चार बार सत्ता बदली है।

# ज्योतिष और कर्मफल सिद्धांत

फलित ज्योतिष शास्त्र की मूल धारणा है कि किसी जातक का व्यक्तित्व,उसके जीवन की घटनाएं और उसके द्वारा चुने गए रास्ते के निर्णायक वे ग्रह और नक्षत्र हैं,जो जातक के जन्म के समय एवं स्थान में प्रभावी रहे हैं और जिनकी गति और स्थिति गणितीय ज्योतिष से जानी जा सकती है।

इससे अलग हटकर कई बातें हैं। सबसे पहले, कर्म और कर्मफल का सिद्धांत (स्टैंडर्ड वर्सन) कहता है कि मनुष्य के इस जीवन के कर्म और पूर्वजन्म के संचित कर्म मिलकर उसके जीवन के रास्ते और घटनाओं को तय करते हैं। कर्म का एक हिस्सा जमा भी होता रहता है,जो अगले जन्म में प्रारब्ध बनता है। प्रारब्ध को अदृष्ट भी कहा गया है,जिसे देखा नहीं जा सकता।

दूसरे यह भी सर्वमान्य सत्य है कि जीव के गर्भ में आने के साथ ही उसके शरीर और भविष्य भी निर्णीत होने लगते हैं। फिर भी ज्योतिष जन्म को ही रेफरेंस प्वाइंट मानता है। जन्म के पहले के संचित कारणों से जन्म के बाद के जीवन को स्वतंत्र मानना कहां तक तर्कसंगत है यह जिज्ञासा का विषय है। व्यक्ति के जीवन की कुछ नगण्य घटनाओं के बटरफ्लाई इफैक्ट को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

तीसरे ज्योतिष और कर्मफल सिद्धांत दोनों ही व्यक्तिवादी हैं,लेकिन यह अनुभव आधारित सत्य है कि समाज और सिब्लिंग्स का व्यक्ति के जीवन पर बहुत असर होता है।

इन सारी बातों को एक साथ देखें तो विरोधाभास स्पष्ट हो जाता है। इस का एकमात्र हल है कॉस्मिक डिटरमिनिज्म। इसमें यह मानना होगा कि जातक के गर्भ में आने से जन्म तक और आगे जन्म की जगह और समय भी उसके प्रारब्ध पर निर्भर होता है। उसके माता-पिता,भाई-बहन, दोस्त-समाज सभी उसके प्रारब्ध पर निर्भर करते हैं। सभी घटनाएं,विश्व स्तर भी,उसके प्रारब्ध के वशीभूत हैं।

अब लोग तो करोड़ों हैं। इस सिस्टम का सिमुल्टेनियस फॉरमुलेशन और सोल्यूशन करना आदमी के वश का नहीं है। ज्यादा से ज्यादा इसका लोकल सोल्यूशन हो सकता है जिसमें बड़ी गलतियों की संभावना है। यह मुद्दा सोचने का है।

# धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रेः धर्म की खेती

कुरुक्षेत्र को न जाने कब से धर्मक्षेत्र कहा जाता रहा है? भगवद्गीता का प्रारंभ ही यहां से होता है-धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे। इस संदर्भ में एक मिथक-कथा है। मिथक-कथा अवश्य ही कहानी होती है,कहानी अर्थात् जो कही जाती है। कहानी कहने की बात है।

मिथक कथा इतिहास की घटना जैसी लगती है और उसकी कहने की एक परंपरा भी होती है,आत्मीय परंपरा। अपने बड़ों से सुनने की परंपरा। अपने बड़े तो आस्था के भी केन्द्र होते हैं। अपने बड़ों की परंपरा गलत कैसे हो सकती है? एक बात तो अपने और दूसरी बात बड़े। इसलिए उनकी कहन के प्रति एक विश्वास भी होता है कि यह बात गलत नहीं हो सकती। गलत तो नहीं है,किंतु फिर भी मिथक कथा इतिहास की घटना नहीं होती। उसका सच उन घटनाओं की गहराई में निहित होता है तो धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की भी एक मिथक कथा है कि युवराज कुरु ने भगवान शिव की तपस्या की और वरदान के रूप में कुछ समय के लिए नंदी प्राप्त कर लिया धर्म का वाहक।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सोने का हल बनवाया और पांच-पांच योजन परिक्षेत्र को जोतने लगे। देवराज इन्द्र आए-राजन। यह क्या कर रहे हैं? कुरु ने कहा कि धर्म की खेती करूंगा। इन्द्र चले गए। विष्णु आए। बोले-राजन्। बीज कहां से लाओगे? कुरु ने कहा-प्रभु। मेरा शरीर और मन,हाथ -पैर-जंघा और सिरः ये ही बीज हैं। इनसे तप,सत्य, दान, प्रीति, और ज्ञान की खेती होगी। तप,सत्य,दान, प्रीति और ज्ञान-मिथक-कथा ने कितने बड़े सच को उजागर किया है। कुरुधम्म जातक में कुरुधर्म की कथा है।

# अष्टशक्तियों की अवधारणा का निहितार्थ

शक्ति से ही संपूर्ण ब्रह्मांड का कार्य व्यापार संचालित होता है। किसी भी प्राणी,किसी भी प्रणाली,किसी भी व्यवस्था के क्रियाशील, प्रवृत्तिशील या सक्रीय होने के लिए शक्ति या ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इसी सनातन सत्य पर आधुनिक विज्ञान का क्वांटम सिद्धांत आधारित है,यही सत्य ब्रह्मसूत्र में उद्घाटित किया गया है कि शक्ति के बिना परमेश्वर सृष्टा हो ही नहीं सकते। अध्यात्म अतीन्द्रिय चेतना के विकास का विज्ञान है,जो चेतन प्राणी को उसकी शक्ति का दिग्दर्शन कराती है।

आधुनिक विज्ञान वह अध्यात्म है जिसने प्रमाणित किया की संपूर्ण ब्रह्मांड और उसमे उपस्थित जड़-चेतन का अस्तित्व ताप,प्रकाश, ध्वनि, चुंबकत्व, विद्युत, ब्रह्मांडीय विकिरण, रेडियोधर्मी विकिरण और जीवनी शक्ति का कार्य व्यापार है। आइंस्टीन ने ऊर्जा शक्ति को ही अंतिम तत्व कहा जिसका रूपांतरण भौतिक द्रव्य में होता रहता है और भौतिक द्रव्य अपने भौतिक अस्तित्व को समाप्त कर ऊर्जा-शक्ति के वृहद रूप में रूपांतरित होते रहते हैं। शास्त्रों में अष्टशक्तियों का उल्लेख आता है,जो अपने वाहनों से शक्ति का संचरण, संप्रेषण करती हैं। प्रथम शक्ति-ब्राह्मी है जिसके संबंध में कहा गया है -ब्राह्मी हंस समारूढ़ा। ब्राह्मी शक्ति का वाहन हंस है, वाहन का तात्पर्य माध्यम है जिससे ऊर्जा-शक्ति का संचरण होता है। हंस जीवात्मा है,ब्राह्मी शक्ति से सृष्टि का सृजन होता है,यही क्रिया शक्ति है। जीवात्मा ही सृष्टि शक्ति का परिचालक है। दूसरी शक्ति है-माहेश्वरी। कहा गया है-माहेश्वरी वृषारूढ़ा। माहेश्वरी लय शक्ति है जिसका वाहन वृष या धर्म है,जो शास्त्रीय विधि विधान है। माहेश्वरी ही ज्ञानशक्ति है, जो धर्म के आश्रय से लय की और अग्रसर होता है। लय, सृजन से जुड़ा है प्रकृति में लय सृजन प्राकृतिक नियमों ऋतु के अनुसार होता रहता है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

**आइंस्टीन ने ऊर्जा शक्ति को ही अंतिम तत्व कहा जिसका रूपांतरण भौतिक द्रव्य में होता रहता है और भौतिक द्रव्य अपने भौतिक अस्तित्व को समाप्त कर ऊर्जा शक्ति के वृहद् रूप में रूपांतरित होते रहते हैं।**

तीसरी शक्ति है-कौमारी जिसके लिए कहा गया है-कौमारी शिखिवाहना। कौमारी चैतन्य शक्ति है जिसके संचरण का माध्यम है मयूर। मयूर सर्पभक्षी होता है। टेढ़ी चाल चलने वाले को सर्प कहते हैं,जो आसुरी भाव का द्योतक है। मयूरधर्मी जीवात्मा ही चेतनशील रह सकेगा। चौथी शक्ति है-वैष्णवी जिसके लिए कहा गया है-वैष्णवी गरुणासना। वैष्णवी पालन करने वाली शक्ति है,इस शक्ति का संचरण गरुण द्वारा होता है। गरुण वेदरूप हैं,जो ज्ञान और कर्म दो पंखों के सहारे गति करते हैं। गरुण का प्रतीक कुटिल तत्वों के नाशकर्ता के रूप में भी है। गरुणभाव से कुटिल तत्वों का विनाश करते हुए ज्ञान और कर्म से पालन शक्ति का संचरण संभव है।

पांचवी शक्ति है वाराही। वाराह का अर्थ काल होता है- काल अर्थात् टाइम स्पेस। मिथक है कि वाराह ने पृथ्वी को पाताल से अपने दांतों से निकला। इसका प्रतीकार्थ है,सृष्टि का कारण काल शक्ति है इसका कोई वाहन नहीं है। काल स्वतः ही आधाररूपा है।

षष्टम शक्ति नृसिंही है। नृ का तात्पर्य व्यक्ति से है और सिंह श्रेष्ठता का बोधक है। श्रेष्ठ शक्ति ब्रह्मविद्या है,जो हिरण्यकशिपु को समाप्त करता है। हिरण्य आत्मतत्व का वाचक है,कशिपु वह अहम है,जो आत्मा को ढक लेता है, इसका शमन ब्रह्मविद्या की शक्ति से होता है।

सप्तम शक्ति है ऐन्द्री। ऐन्द्री गजसमारूढ़ा। ऐन्द्री शक्ति का वाहन ऐरावत गज है,जो विशिष्ट गति से गतिमान होता है-ऐन्द्री, इंद्र की शक्ति है,इंद्र मेघराज हैं जिनकी शक्ति प्रकृति की तड़ित शक्ति है। अष्टम शक्ति है-चामुंडा। चंड और मुंड प्रकृति और निवृत्ति के प्रतीक हैं। चामुंडा शक्ति प्रकृति और निवृत्ति का विनाश करने वाली प्रलय शक्ति है जिसके लिए किसी आलंबन की आवश्यकता नहीं है।

# तीर्थंकर महावीर के अहिंसा सिद्धांत का संदेश

'अहिंसा' शब्द के आशय का प्रथमतः जो बोध होता है,वह किसी प्रकार की मार-काट या किसी को क्षति पहुंचना परिलक्षित होता है,लेकिन इस शब्द की गहराई में उतरने पर लगता है कि इसका मूल भाव 'अमृत-मय जीवन' जीना है,क्योंकि हिंसक कार्य करने का जब भाव मन में जागृत होता है तब बाहरी जगत से पहले आंतरिक जगत पर उसका कुप्रभाव पड़ता है। अंतर्जगत में तो मां के गर्भ के नौ माह के दौरान स्नेह-प्रेम से भरा अमृत तत्व पीने को मिलता रहा है। इस अमृत को भूलकर जब विनाशशील वाह्य जगत में भौतिक आकर्षण के प्रति मन का लगाव होता है तो यह जहर पीने के समान होता है।

धर्मग्रंथों में जितने महानायक और आदर्शपुरुष हुए हैं,उनकी जीवनशैली का अध्ययन किया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि हिंसा के खिलाफ वे कितनी मजबूती के साथ खड़े हुए है। महाभारत युद्ध में श्रीकृष्ण की भूमिका का मूल्यांकन किया जाए तो यह साफ दिखता है कि वे हिंसा के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। वास्तव में मुरली बजाने एवं खेत-खलिहान तथा यमुना-तट पर रासलीला करने वाले श्रीकृष्ण युद्ध करे,यह संभव ही नहीं। इसके लिए महाभारत के पात्रों एवं घटनाओं को वाह्य जगत नहीं,बल्कि आंतरिक जगत से संबद्ध करना पड़ेगा। महाभारत के प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक 'धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः,मामकाः पाण्डवाश्चैव किम् कुर्वत् धनन्जयः' के साथ अंतिम अध्याय के अंतिम श्लोक 'यत्र योगेश्वरः कृष्ण यत्र पार्थो धनुर्धरः, तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम' श्लोक का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो 'अहिंसा' के मूल स्वभाव का दिग्दर्शन होने लगता है। प्रथम श्लोक अंधत्व है, अपना-पराया का भाव है तो अंतिम श्लोक श्रीकृष्ण जैसा विवेक, संविधान एवं अर्जुन जैसा कार्यपालक प्रवृत्ति का सूचक है।

दरअसल मनुष्य के लिए सामाजिक विद्वानों ने 'मैन इज ए सोशल एनिमल' मुहावरे का प्रयोग किया है। इसका अर्थ 'मनुष्य एक सामाजिक पशु है' निकलता है। वास्तव में मन की प्रवृत्तियां ही पशु रूप में विद्यमान हैं। चींटी से लेकर शेर तक की प्रवृत्ति मन में विराजती है। जब भी पशु प्रवृत्ति जागृत होती है तब माननीय बनाने वाले मन को पीड़ा तो होती ही है। पीड़ा के उत्पन्न होते ही हिंसा का भाव जागृत होने लगता है। धर्मग्रंथों में भूत-प्रेत तथा पिशाच का उल्लेख किया गया है। मन में आंतरिक प्रीति को छोड़कर वाह्यप्रीति के प्रति लालसा भ्रांति-प्रवृत्ति है। इसे ही भूत-प्रेत कहा जा सकता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

हिंदी साहित्य के विद्वान मनीषी आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी शब्द सागर में पिशाच का अर्थ खून-पीने वाले राक्षस से किया है। मन में उत्पन्न होने वाले काम-क्रोध, मद-लोभ के भाव तत्क्षण खून पीने लगते हैं। कोई भी युग रहा हो,उसमें दैत्यों का उल्लेख मिलता है। ये सारे दैत्य आंतरिक से लेकर वाह्य जगत में प्रकृति को क्षति पहुंचाने वाले भाव और आचरण ही कहे जा सकते हैं।

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जीवन अहिंसा के खिलाफ सत्याग्रह का ही रहा है। मन की सत्ता में कुविचारों के भाव जागृत न हों,इसके लिए उन्होंने साधना की। महल छोड़कर उनकी साधना का आशय पंचभौतिक शरीर रूपी महल को सुख पहुंचाने से मोह छोड़कर आत्मा को ईश्वरत्व की श्रेणी में रखने की साधना है। 'आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत' आदर्श वाक्य का यही संदेश है कि जो प्रवृत्ति आत्मा के उच्च स्वरूप को बाधक पहुंचाए,उस कार्य से विरत रहना चाहिए।

### भाजपा ने 2019 में जीती थीं 25 सीटें, इस बार जद (एस) के साथ मिलकर कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की कोशिश

# कर्नाटक में खरगे के साथ कांग्रेस सरकार की हांडी पर चढ़ेगी गारंटी

**कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से14 सीटों पर मतदाता 247 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डालकर करेंगे। राज्य की शेष 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। इस बार सबसे ज्यादा 29 उम्मीदवार बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट पर हैं, जबकि दक्षिण कन्नड़ सीट पर सबसे कम नौ उम्मीदवार मैदान में हैं।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की गृह राज्य होने के साथ कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है, जो अपनी गारंटी के कारण सत्ता में आई थी। ऐसे में कांग्रेस पर जहां विधानसभा चुनाव जैसी सफलता दोहराने का भारी दबाव है, वहीं भाजपा एक बार फिर 2019 की तरह राज्य में भगवा लहर बनाने के लिए राम मंदिर, मोदी की गारंटी, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मुद्दों को धार दे रही है।

कर्नाटक में 14-14 सीटों पर होने वाले दो चरणों के पहले चुनाव में जिन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा, उनमें भाजपा से तेजस्वी सूर्या, सोमन्ना, डॉ. सीएन. मंजूनाथ और पीसी मोहन जबकि कांग्रेस से डीके सुरेश, मंसूर अली खान, केवी गौतम और सौम्या रेड्डी तथा जनता दल (एस) से पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी प्रमुख हैं। भाजपा इस बार जनता दल (एस) के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 25 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि जनता दल (एस) तीन सीटों पर मैदान में है। भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई हावेरी से, जगदीश शेट्टार बेलगाम से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों नेता लिंगायत समुदाय से आते हैं। जनता दल (एस) से पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र एचडी कुमारस्वामी मांड्या से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वह अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

**17** लोस क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है।

**06** कांग्रेस ने महिलाओं को दिया है लोकसभा चुनाव का टिकट

**02** भाजपा ने दिया है महिलाओं को लोकसभा चुनाव का टिकट


**32.14** लाख मतदाताओं के साथ बेंगलूरु उत्तर देश का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है।

**247** उम्मीदवार 14 सीटों पर हैं, इनमें 226 पुरुष और 21 महिलाएं हैं

### मैसूर में राज परिवार बनाम आम आदमी के बीच दिलचस्प संघर्ष

मैसूर लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रताप सिम्हा का टिकट काटकर पूर्व राजपरिवार के वंशज यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार को उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस के एम लक्ष्मण वोक्कालिगा कर रहे हैं। मैसूर में लोग इसे राज परिवार बनाम आम आदमी की लड़ाई बता रहे हैं। वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले कांग्रेस प्रत्याशी को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का विश्वासपात्र माना जाता है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री ने यहां पूरी ताकत लगा रखी है। सिद्धारमैया मैसूर जिले की ही वरुणा विधानसभा सीट से विधायक हैं। भाजपा और जनतादल एस ने भी यहां ताकत झोंक रखी है।




**10%** मतदाता जिन्होंने विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को वोट दिया था, लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को देखना चाहते प्रधानमंत्री

### ये रहे प्रमुख मुद्दे

राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, जातीय समीकरण, सूखा, बेंगलुरु बम विस्फोट, भाषा विवाद

### तेजस्वी सूर्या को इस बार कांग्रेस की सौम्या रेड्डी से मिल रही मजबूत चुनौती

बेंगलुरु दक्षिण 1991 से भाजपा का गढ़ रहा है। यहां इस बार मुकाबला काफी रोचक है। इस सीट से भाजपा के तेजतर्रार युवा नेता और सांसद तेजस्वी सूर्या को इस बार कांग्रेस उम्मीदवार सौम्या रेड्डी मजबूत चुनौती दे रही हैं। 40 वर्षीय सौम्या परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी की बेटी हैं और जयनगर की विधायक रह चुकी हैं। वह महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव हैं। पिछले साल विधानसभा चुनाव में सौम्या को केवल 16 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। 2023 के विधानसभा चुनाव में इस लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा जबकि तीन पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में तेजस्वी सूर्या ने यहां से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद को 3 .31 लाख मतों के अंतर से हराया था।

**2.88** करोड़ लोग 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 14 सीटों पर करेंगे मतदान।

**03** पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई (हावेरी), जगदीश शेट्टार (बेलगाम) और एचडी कुमारस्वामी (मांड्या) से चुनाव लड़ रहे हैं

### इन सीटों पर 26 को पड़ेंगे वोट

उडुपी, चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराज नगर, बेंगलुरु की चार सीटों के अलावा चिकबालापुर और कोलार में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे।

## वोक्कालिगा, लिंगायत के साथ दलित व कुरबा वोटर आधी से ज्यादा सीटों पर निर्णायक

कर्नाटक में माना जाता है कि वोक्कालिगा और लिंगायत समाज का जिस पार्टी की तरफ झुकाव होता है, वही पार्टी चुनाव में आगे निकलती है। राज्य में लिंगायत समुदाय की आबादी 17 फीसदी से अधिक है, जबकि वोक्कालिगा समुदाय की जनसंख्या करीब 12 फीसदी हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक यह दोनों समुदाय मिलकर करीब एक दर्जन सीटों पर हार-जीत तय करते हैं। इन दोनों समुदायों के अलावा 17 फीसदी दलित, 8 फीसदी कुरुबा और 7 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के मतदाता भी कई लोकसभा सीटों पर निर्णायक भूमिका में हैं।

### विधानसभा और लोकसभा में वोटिंग पैटर्न अलग

- 2019 के लोकसभा चुनावों में कर्नाटक में भाजपा ने 28 में से 25 सीटें जीतकर भगवा फहराया था। कांग्रेस और जेडीएस एक-एक सीट पर सिमट कर रह गए थे। लेकिन पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस ने राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव में भी पार्टी के हौसले बुलंद हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कर्नाटक के मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अलग-अलग तरीके से मतदान करते रहे हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट करने वाले लगभग 10 फीसदी मतदाताओं का कहना है कि उन्होंने राज्य की भ्रष्टाचार में डूबी सरकार को हटाने के लिए कांग्रेस को वोट दिया था। लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए पहली पसंद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का निशान कमल है।

- लिंगायत संत की चुनौती में फंसे भाजपा के दिग्गज केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी :

धारवाड़ लोकसभा सीट पर 2009 से केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी लगातार जीत रहे हैं। लेकिन इस बार उन्हें लिंगायत संत दिंगलेश्वर महास्वामी के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। 2019 के चुनाव में प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस के विनय कुलकर्णी को दो लाख वोटों से हराया था। इस बार कांग्रेस ने युवा नेता विनोद आसुति को मैदान में उतारा है। लेकिन जोशी कांग्रेस से ज्यादा लिंगायत संत की चुनौती से परेशान हैं। लिंगायत भाजपा के वोटर माने जाते हैं।

### 2019 का यह था दलीय जनादेश

| दल | प्राप्त सीट | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 25 | 1,80,53,454 | 51 .4 |
| कांग्रेस | 01 | 1,12,03,016 | 31.9 |
| जनतादल (एस) | 01 | 33,97,229 | 9 .7 |
| निर्दलीय | 01 | 13,67 .841 | 3 .9 |
| अन्य | 00 | 11,17,142 | 3 .2 |

### 2014 में किस दल को कितनी सीटें, कितने वोट

| दल | प्राप्त सीट | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 17 | 1,33,50,285 | 43 .0 |
| कांग्रेस | 09 | 1,26,66,530 | 40 .8 |
| जनता दल (एस) | 02 | 34,06,465 | 11 .0 |
| अन्य | 00 | 11,32,068 | 3 .6 |
| निर्दलीय | 00 | 4,83,513 | 1 .6 |

## पंजाब के चुनाव में बसपा बनाने में लगी चौथा कोण

**चंडीगढ़।** पंजाब में इस बार के लोकसभा चुनाव पिछली बार 2019 से काफी अलग हैं। इस बार अधिकतर सीटों पर मुकाबला दो नहीं बल्कि चतुष्कोणीय होने के आसार हैं। इसकी वजह यह है कि राज्य में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के साथ शिरोमणि अकाली दल के साथ ही बसपा अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। 1996 के बाद यह पहली बार होगा कि एनडीए के सबसे पुराने घटकों में से एक बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल राज्य में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, तो दिल्ली और हरियाणा में साथ लड़ने वाली कांग्रेस और आप पार्टी के रास्ते भी पंजाब में अलग-अलग होंगे। 2022 का विधान सभा चुनाव अकाली दल और बसपा ने मिलकर लड़ा था, पर लोकसभा में दोनों के बीच बात नहीं बन पाई है।

पंजाब में पिछला लोकसभा चुनाव बसपा ने तीन सीटों पर लड़ा था और उसका वोट शेयर 3.52 प्रतिशत रहा था। इस चुनाव में वह पंजाब लोकतांत्रिक गठबंधन के साथ चुनाव में मैदान में उतरी थी, जबकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 1.9 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया था, तब पार्टी ने सभी 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इस बार बसपा पंजाब में होशियारपुर, फिरोजपुर, संगरूर, पटियाला और जालंधर सीटों पर पहले ही प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। शनिवार को पार्टी ने पंजाब के फरीदकोट और गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी के केन्द्रीय समन्वयक विपुल कुमार ने कहा कि गुरबख्श सिंह चौहान और राज कुमार जनोत्रा क्रमशः फरीदकोट और गुरदासपुर से चुनाव लड़ेंगे।

पंजाब की अन्य सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। गुरबख्श सिंह चौहान फरीदकोट में बसपा जिला प्रमुख हैं, जबकि गुरदासपुर के उम्मीदवार राज कुमार जनोत्रा अखिल भारतीय महाशा एकता मंच के अध्यक्ष हैं। बसपा के संस्थापक स्व. कांशीराम ने गुरदासपुर से चार बार लोकसभा चुनाव लड़ा था। अब 30 साल बाद बसपा ने एक बार फिर महाशा समुदाय से गुरदासपुर में उम्मीदवार चुना है।



- फरीदकोट और गुरदासपुर लोकसभा सीट से भी पार्टी ने घोषित किए उम्मीदवार
- पिछले चुनाव में तीन सीटों पर चुनाव लड़कर बसपा ने पाए थे 3 .52 प्रतिशत वोट

## डिजिटल कैंपेनिंग में भाजपा व कांग्रेस ने खर्च किए 33 करोड़

**नई दिल्ली।** राजनीतिक दल इस बार लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा फोकस नए और फर्स्ट टाइम वोटर्स पर कर रहे हैं। उन तक पहुंच बनाने के लिए सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। यही वजह है कि उनके चुनाव प्रचार बजट का बड़ा हिस्सा डिजिटल कैंपेनिंग पर खर्च हो रहा है। पहले चरण के मतदान के लिए भाजपा ने गूगल पर विज्ञापन में 14.7 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि कांग्रेस ने इस प्लेटफॉर्म पर 12.3 करोड़ रुपये का प्रचार किया। तमिलनाडु में चुनाव लड़ने वाली द्रमुक ने गूगल विज्ञापन पर 12.1 करोड़ रुपये खर्च किया।

पहले चरण के चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी एजेंडे, नीतियों, घोषणापत्र और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए 36.5 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके लिए गूगल और मेटा को प्रमुखता दी गई।



- युवाओं और पहली बार वोट देने वालों को लुभाने के लिए गूगल पर विज्ञापन की होड़



समर्थकों के साथ विक्ट्री निशान बनातीं अभिनेत्री ईशा देओल। अमृत विचार

## मथुरा की गलियों में मां के लिए घूमीं ईशा व अहाना

मथुरा

**अमृत विचार:** प्रदेश की मथुरा लोकसभा सीट में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। शनिवार को भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के साथ उनकी दोनों बेटियां अभिनेत्री ईशा देओल और अहाना देओल भी चुनाव प्रचार करने यहां पहुंचीं तो शाम को गृहमंत्री अमित शाह और जयंत चौधरी ने सभा को संबोधित किया। अभिनेत्री ईशा देओल ने शनिवार को बहन अहाना के साथ सबसे पहले वृंदावन पहुंचकर बांके बिहारी मंदिर में प्रभु के दर्शन किए। इसके बाद मथुरा की गलियों में घूम-घूमकर अपनी मां के लिए वोट मांगे। दोनों ने कहा कि मथुरा में विरासत और पर्यटन को संरक्षित किया गया है। इस जगह का बहुत विकास हुआ है। मथुरा के लोग चाहते हैं कि उनकी मां हेमामालिनी फिर जीतें और मथुरा में ही रहें। उन्हें अभी यहां के लिए बहुत कुछ करना है।

- बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर बेटियों ने मांगे हेमा के लिए वोट

### जयंत बोले, हेमा के साथ फिल्म बने '15 साल बाद'

- हेमा मालिनी के समर्थन में हुई सभा में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने हेमा मालिनी के साथ फिल्म की बात छेड़ी तो समर्थक खुश होकर शोर मचाने लगे। जयंत ने कहा, हेमा मालिनी का मैं भी बचपन से फैन हूं। 2009 में वह मेरे चुनाव प्रचार में आई थीं। फिर हम आमने-सामने चुनाव लड़े। 15 साल हो गए हैं, अगर मेरी और उनकी कोई फिल्म बने तो उसका टाइटल होता '15 साल बाद'। क्योंकि 15 साल बाद मैं हेमा जी के लिए प्रचार करने आया हूं।

## सोशल मीडिया : प्रियंका ने बोला बेरोजगारी और महंगाई पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पार्टी की नीतियों का जमकर बखान किया है। उन्होंने लिखा है कि इस समय देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। इस तरह की सभी समस्याओं का समाधान कांग्रेस के पास है।

इन समस्याओं का समाधान कांग्रेस के घोषणा पत्र में है जिसमें देश के बेरोजगार युवकों के लिए 30 लाख सरकारी नौकरियों का खजाना खोलने, गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने जैसी कई योजनाओं का वादा किया गया है।



बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट का स्थायी समाधान कांग्रेस के पास है। गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये, 30 लाख सरकारी नौकरियां, एजुकेशन लोन माफी, भूमिहीनों को जमीन, शिक्षित युवाओं को एक लाख की अप्रेंटिसशिप, एमएसपी की गारंटी, किसानों की कर्जमाफी और हमारी ऐसी तमाम घोषणाओं को लेकर पूरे देश की जनता कांग्रेस की तरफ उम्मीद से देख रही है। जनता जीतेगी, कांग्रेस जीतेगी। भारत जीतेगा।




**मोदी मैजिक** बेंगलुरु में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में समर्थकों का उत्साह सिर चढ़कर बोला। महिलाओं ने जमकर मोदी का परिवार प्ले कार्ड लहराए।

**सारण संसदीय सीट** बिहार के इस लोकसभा क्षेत्र में नई नहीं है लालू परिवार और राजीव प्रताप के बीच चुनावी जंग

## रूडी की हो पाएगी हैट्रिक या रोहिणी आचार्य बनेंगी नई सांसद

पटना

बिहार प्रांत की सारण लोकसभा सीट हॉट सीट के रूप में गिनी जा रही है। इस सीट पर जहां लालू प्रसाद यादव ने अपनी दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी पर दांव खेला है। लगातार दो बार से इस सीट पर जीत दर्ज कर रहे रूडी की हैट्रिक हो पाएगी या पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में जुटीं रोहिणी उन्हें हराकर सांसद बनेंगी यह तो वक्त बताएगा लेकिन यहां मुकाबला कांटे का नजर आ रहा है। यूं कहें तो इस बार रूडी के लिए भी जीत बहुत आसान नहीं दिख रही है क्योंकि लालू प्रसाद यादव लगातार इस क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।

सारण संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान होगा। नामांकनकी प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होगी। फिलहाल मैदान में भाजपा और राजद उम्मीदवार ही दिखाई दे रहे हैं। नामांकन शुरू होने के बाद तय होगा कि यहां कोई और दल या निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में आते है या नहीं। पहले इस सीट का नाम छपरा था तब यह कांग्रेस की गढ़ हुआ करती थी। 1977 में पहली बार लालू प्रसाद यहां से सांसद बने। 1989 व 2004 में भी वे यहां से जीते। 2008 में परिसीमन के बाद इसका नाम सारण हुआ और 2009 में जब चुनाव हुआ तो लालू फिर यहां से सांसद बने। इससे पहले छपरा सीट पर 1996 और 1999 में राजीव प्रताप रूडी सांसद बने थे। 2014 और 2019 में वे मोदी लहर में भी जीते। इस बार उनका मुकाबला रोहिणी आचार्य से है। रोहिणी जहां लोगों को यह बताने में लगी हैं कि भाजपा और जदयू का गठजोड़ स्वार्थ वाला है। पीएम मोदी संविधान बदलकर दलितों और पिछड़ों को मिलने वाला आरक्षण खत्म कर देंगे तो रूडी डोर टू डोर कैंपेन में पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी लहर शांत न हो इसका भी वे ख्याल रख रहे हैं। इस संसदीय क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें से चार पर राजद और दो पर भाजपा काबिज है।



राजीव प्रताप रूडी।



रोहिणी आचार्य।

### 2019 का परिणाम

**भाजपा प्रत्याशी**
राजीव प्रताप रूडी – 4,99,342 मत
**राजद के प्रत्याशी**
चंद्रिका राय – 3,60,913 मत

### राजपूत व यादवों के गढ़ में दलित-वैश्य भी नहीं कम

- इस संसदीय क्षेत्र में यादव और राजपूतों की संख्या बहुत ही ज्यादा है। इसके साथ ही वैश्य और दलित मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। लालू प्रसाद को लगता है कि वे 10 फीसद मुसलमानों के और यादव वोटों के सहारे यहां के रण को इस बार जीत लेंगे। हालांकि दलितों और राजपूतों में अच्छी पैठ के कारण ही रूडी ने 2014 में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी तो 2019 में उनके समधी को यहां से हराया था।






## अपनी ढपली अपना राग


मथुरा में मंदिर के निर्माण को लेकर कुछ लोग कोर्ट में गए हैं। उसपर फैसला आने के बाद मंदिर का निर्माण होगा। हमने आंदोलन की बात नहीं की है। – अमित शाह


इंडिया की सरकार, एनडीए के भ्रष्टाचार के स्कूल पर ताला लगा कर उनके कोर्स को हमेशा के लिए बंद कर देगी। – राहुल गांधी


राहुल गांधी 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार गए थे, उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। – राजनाथ सिंह


सपा, कांग्रेस, भाजपा के साथ मिलकर नहीं बल्कि गरीबों, मजदूरों, आदिवासियों के साथ हम चुनाव लड़ रहे है। –मायावती


भरोसा है कि क्षेत्र के सभी लोगों का आशीर्वाद मुझे मिलेगा, मैनपुरी के लोगों ने हमेशा हमारे परिवार की मदद की। – डिंपल यादव

# दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनावी घमासान तेज

## इस बार फिर एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच टक्कर है जबरदस्त

- हेमा मालिनी समेत सभी उम्मीदवारों का भविष्य 26 को होगा लॉक
- अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में पहले चरण की आठ सीटों के लिए मतदान हो चुका है। दूसरे चरण में भी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों के लिए प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। इन आठ सीटों में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल है।

पहले चरण के बाद 25 अप्रैल को होने जा रहे मतदान से पहले इन सीटों उम्मीदवारों के बीच चुनावी घमासान तेज हो गया है। पिछली बार इस चरण में अमरोहा को छोड़कर बाकी सभी सीटें भाजपा ने जीती थी। इस बार फिर इन सीटों पर एनडीए और इंडिया के बीच जबरदस्त टक्कर है। दोनों ओर से कई महारथी मैदान में हैं।

इनमें से मथुरा लोकसभा सीट पर भी सभी की निगाहें हैं जहां भाजपा ने मौजूदा सांसद हेमा मालिनी को टिकट दिया है। वहीं, समाजवादी पार्टी ने मुकेश धनगर और बसपा ने सुरेश सिंह को टिकट दिया है।

मथुरा में जाट मतदाता बहुमत में हैं, लेकिन यहां से बाहरी उम्मीदवार ज्यादा सफल रहे हैं। इस नजर से समीकरण हेमा के पक्ष में हैं, लेकिन इतिहास देखें तो पाते हैं कि मथुरा लोस. सीट से अब तक कोई भी उम्मीदवार चुनाव में लगातार तीन बार सांसद नहीं बना है। ऐसे में हेमा की हैट्रिक पर सवाल भी उठ रहे हैं।

### 2019 और 2014 में यह था परिणाम

2019 में हेमा मालिनी को 2,93,471 वोट के अंतर से जीत मिली थी। उन्हें कुल 6,71,293 वोट मिले थे। उनका वोट शेयर 61 फीसदी था। राष्ट्रीय लोक दल के कुंवर नरेंद्र 3,77,822 वोट के साथ दूसरे स्थान पर थे। उन्हें 34.21 फीसदी वोट मिले थे। वहीं, 2014 में हेमा मालिनी को 5,74,633 वोट मिले थे। उनका वोट शेयर 53.29 रहा था। राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी 2,43,890 वोट के साथ दूसरे स्थान पर थे। उनका वोट शेयर 22.62 फीसदी था।

### अमरोहा में बंटेगा मुस्लिम वोट

अमरोहा सीट पर चर्चा करें तो यहां भाजपा के कंवर सिंह तंवर, कांग्रेस-सपा गठबंधन से दानिश अली और बसपा के मुजाहिद हुसैन के बीच टक्कर है। यह सीट मुस्लिम बहुल सीट है ऐसे में बसपा और गठबंधन दोनों की ओर से मुस्लिम प्रत्याशी होने की वजह से वोट कटना तय है वहीं रालोद के आने से यहां भाजपा और मजबूत हुई है।

### मेरठ में कितना चलेगा राम का नाम

मेरठ में भाजपा ने अरुण गोविल पर दांव लगाया है जो प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में राम की भूमिका में दिख चुके हैं। लोगों में आज भी उनके प्रति वैसी ही भावना देखने को मिलती है। वहीं, बसपा ने देवव्रत त्यागी और सपा ने सुनीता वर्मा को टिकट दिया है। मेरठ सीट पर पहले भी भाजपा का ही कब्जा था।

### गाजियाबाद में भाजपा का नया दांव

गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार सांसद रहे वीके सिंह का टिकट काटकर अतुल गर्ग पर दांव लगाया है, जबकि गठबंधन में ये सीट कांग्रेस के पाले में हैं। कांग्रेस ने यहां से डॉली शर्मा को टिकट दिया है तो वहीं बसपा से नंद किशोर पुंडीर मैदान में हैं।

### त्रिकोणीय लड़ाई में फंस सकती हैं हेमा

दरअसल, मथुरा में लंबे समय से ध्रुवीकरण की राजनीति ही काम करती रही है। इस बार भी यहां राम मंदिर की लहर है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर लोग आसानी से हेमा मालिनी को तीसरी बार संसद भेज सकते हैं, लेकिन लड़ाई इतनी आसान नहीं है। विपक्षी दलों के गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी ने मुकेश धनगर को टिकट दिया है और बहुजन समाज पार्टी ने सुरेश सिंह को टिकट दिया है। मथुरा में जाट मतदाता सबसे ज्यादा हैं। उन्हीं को साधने के लिए जाट उम्मीदवार उतारा गया है।



### गौतमबुद्धनगर का संघर्ष दिलचस्प

गौतमबुद्धनगर सीट से भाजपा ने लगातार दो बार सांसद रहे डॉ. महेश शर्मा को फिर से टिकट दिया है। बसपा की ओर से राजेंद्र सोलंकी मैदान में हैं वहीं समाजवादी पार्टी ने इस सीट से महेन्द्र नागर को टिकट दिया है। तीनों प्रत्याशी अलग-अलग जातियों से हैं ऐसे में इस सीट पर लड़ाई दिलचस्प है।



### बुलंदशहर में 1991 से जीत रही भाजपा

बुलंदशहर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इस सीट पर भी पिछली दो बार से लगातार भाजपा का कब्जा रहा है। भाजपा ने यहां से भोला सिंह को फिर से मैदान में उतारा है। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन से शिवराम वाल्मीकि और बसपा ने नगीना से सांसद रहे गिरीश चंद्र पर दांव लगाया है। 2009 को छोड़कर 1991 से यहां लगातार भाजपा की जीत होती रही है।

### अलीगढ़ में मुस्लिम वोटर किसके साथ

अलीगढ़ लोकसभा पर भी भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने यहां वर्तमान सांसद सतीश गौतम को ही टिकट दिया है। बसपा ने यहां मुस्लिम प्रत्याशी गुफ़रान नूर का टिकट काटकर भाजपा से ही आए हितेंद्र कुमार को टिकट दिया है। समाजवादी पार्टी से जाट बिरादरी के बिजेंद्र सिंह मैदान में है। इस सीट पर भी मुस्लिम वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं लेकिन तीनों दलों में किसी ने मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा है।

# कभी थे संग अब लड़ रहे कुर्सी की जंग

- कांग्रेस के बाद बसपा ने दिए हैं सबसे ज्यादा सांसद
- बसपा सुप्रीमो तीन बार जीती हैं चुनाव

हरिओम चतुर्वेदी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** डॉ. राम मनोहर लोहिया की जन्मस्थली अकबरपुर में समाजवाद की नर्सरी लहराई जरूर लेकिन विचारधारा का वटवृक्ष खड़ा नहीं हो सका। यहां पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने तीन बार चुनाव जीतकर लोकसभा सीट का मिजाज ही बदल दिया।

बसपा के कब्जे वाली अंबेडकरनगर लोकसभा सीट मोदी लहर के चलते 2014 में भाजपा के कब्जे में आई थी। लोकसभा सीट से कांग्रेस के बाद सबसे ज्यादा बसपा ही सफल रही है। 2019 के चुनाव में बसपा से रितेश पांडे सांसद चुने गए थे।


रितेश पांडे


लालजी वर्मा

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बसपा छोड़कर पार्टी में शामिल हुए सांसद रितेश पांडे पर दांव लगाते हुए उन्हें अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। वहीं समाजवादी पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे लालजी वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। लालजी वर्मा की कुर्मी नेताओं में अच्छी पैठ मानी जाती है। वहीं बसपा ने अभी तक भी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। हालांकि करीब एक माह से कलाम शाह अपने आप को दावेदार बता रहे थे, लेकिन एक ऑडियो वायरल होने के बाद उनका भी पत्ता कट गया है। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर, टांडा, जलालपुर, कटेहरी, गोसाईगंज विधानसभा शामिल हैं।

2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अंबेडकरनगर की जनसंख्या लगभग 24 लाख थी। जनपद की 72.23 फीसदी जनसंख्या साक्षर है। समय के साथ-साथ मतदाताओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई।

### नहीं कर रहे मतदान

शुरुआती दौर में 65 प्रतिशत तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग ही नहीं करते थे। वहीं वर्तमान समय में भी करीब 40 प्रतिशत तक मतदाता मतदान करने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 55 हजार 56 है। जिसमें से 9 लाख 66 हजार 86 पुरुष और 8 लाख 88 हजार 964 महिला मतदाता हैं। जो आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकारी का प्रयोग करेंगे।

### चर्चाओं में रही है सीट

अंबेडकरकरनगर लोकसभा सीट लगातार चर्चाओं में रही है। इसकी गिनती प्रदेश की हॉट सीटों में भी होती रही है। इस सीट से बसपा सुप्रीमो मायावती तीन बार चुनाव जीती थी, यहां से 2009 में भाजपा के फायर ब्रांड नेता विनय कटियार चुनाव लड़ चुके हैं। आगामी चुमाव में भी दो दिग्गज नेताओं की साख दांव पर लगी है। मजेदार बात यह है कि दोनों ही नेता कभी बसपा के हमराह रहे, लेकिन इस बार आमने सामने हैं। कभी बसपा के बड़े नेताओं में गिने जाने वाले लालजी वर्मा इस बार सपा के प्रत्याशी के रूप में ताल ठोक रहे हैं, तो वहीं मौजूदा सांसद रितेश पांडे बसपा से सांसद चुने गए थे, लेकिन इस बार वह भाजपा के प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। दोनों ही नेताओं ने इस सीट को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है और मैदान फतेह करने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। यानी कि अब दोनों दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। देखना है कि बाजी किसके हाथ लगती है।

### मोदी लहर में खिला था कमल


मायावती ने भले ही यहां से चुनाव लड़ना छोड़ दिया हो लेकिन वोटरों पर पकड़ कम नहीं हुई। 1952 से 2004 तक सुरक्षित रही इस सीट पर मायावती सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरीं। 2009 में मायावती ने स्थानीय दिग्गज और उद्योग पति राकेश पांडेय को टिकट दिया और वह भी चुनाव जीत गए। 2014 में मोदी की सुनामी में इस सीट ने मिजाज बदला और हरिओम पांडे की जीत के साथ पहली बार कमल खिला। इससे पहले 1989 में भाजपा के बेचनराम सोनकर सिर्फ 127 वोटों से हारे थे।

### श्रमिक आंदोलन की नींव पर सियासत बढ़ी

यहां पर श्रमिक आंदोलन की नींव पर सियासत बढ़ी और 90 के दशक में मायावती तेजी से सियासत की सीढ़ियां चढ़ती गईं। इस सीट को अपनी कर्मभूमि बनाया और 1995 में मुख्यमंत्री रहते अकबरपुर का नाम बदलकर अंबेडकरनगर रखा। 1998 के लोकसभा चुनाव में 35.17 प्रतिशत, 1999 में 35.16 प्रतिशत मत पाकर चुनाव जीतीं। कुर्मी, ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम मतों के बीच सोशल इंजीनियरिंग के दम पर मायावती ने 2004 के लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड 43.82 फीसद मत पाकर जीत दर्ज की।


## आईना : अंबेडकर नगर लोकसभा सीट

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रितेश पांडे | 564,118 |
| मुकुट बिहारी | 4,68,238 |
| प्रेमनाथ निषाद | 2,390 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | हरिओम पांडे | 4,32,104 |
| बसपा | राकेश पांडे | 2,92,675 |
| सपा | राम मूर्ति वर्मा | 2,34,467 |
| कांग्रेस | अशोक सिंह | 22,775 |
| एमएडीपी | सुरेश कुमार बौद्ध | 7,694 |


### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1962 | पन्ना लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | रामजी राम | रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया |
| 1971 | रामजी राम | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1980 | राम अवध | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | राम प्यारे सुमन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 व 91 | राम अवध | जनता दल |
| 1996 | घनश्याम खरवार | बहुजन समाज पार्टी |
| 1998 व 99 | मायावती | बहुजन समाज पार्टी |
| 2002 | त्रिभुवन दत्त | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | मायावती | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | शंखलाल माझी | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | हरिओम पांडे | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | रितेश पांडे | बहुजन समाज पार्टी |

2014 नोटा 7,422 | 2019 नोटा 11,344

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | राकेश पांडे | 259,487 |
| सपा | शंखलाल माझी | 236,751 |
| भाजपा | विनय कटियार | 226,067 |




2024

| | | |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | - | 18,55,056 |
| पुरुष मतदाता | - | 9,66086 |
| महिला मतदाता | - | 8,88,964 |

## तीसरे चरण में 78 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ:** तीसरे चरण की दस सीटों के चुनाव में 78 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गये, जबकि 104 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये। प्रत्याशी 22 अप्रैल को नाम वापसी कर सकेंगे। सात मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सम्भल में 13, हाथरस (अजा) में 10, आगरा (अजा) में 11, फतेहपुर सीकरी में 10, फिरोजाबाद में सात, मैनपुरी में आठ, एटा में 10, बदायूं में 12, ऑवला में नौ व बरेली में 14 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये। सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 21 ने नामांकन किया। इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। हाथरस (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। आगरा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सभी 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। फतेहपुर सीकरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 19 ने नामांकन किया। इसमें नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। फिरोजाबाद क्षेत्र के लिए कुल 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 15 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें चार प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। एटा के लिए कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। इसमें चार प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। बदायूं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था जिसमें चार के नामांकन पत्र निरस्त हुए। ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिसमें 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए। बरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 28 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 14 के नामांकन पत्र निरस्त हुए।


# बाहरी बनाम लोकल के मुद्दे को मिल रही हवा

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

**अमृत विचार:** पिछले छः दशकों में संत कबीर नगर की सियासी पहचान जातीय और लोकल बनाम बाहरी के मुद्दे पर घूमती रही है। यहां के नेता विकास की बात कहकर वोट तो मांगते हैं लेकिन गुणा गणित जातीय मुद्दे पर ही तय करते हैं। यहां की सियासत के प्रमुख मुद्दों में से एक मुद्दा यह भी है कि यहां पार्टियां और उम्मीदवार बाहरी बनाम लोकल की हवा बनाते हैं। अबकी बार भी सपा के पप्पू निषाद इस जिले के निवासी हैं तो भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद बाहरी हैं। इसलिए सोशल मीडिया पर अभी से ही बाहरी बनाम लोकल के मुद्दे को हवा दी जा रही है। यहां की जनता ने बताया कि लोकल सांसद न होने के कारण यहां अभी तक रोडवेज डिपो जैसी आवश्यक सुविधाएं जनता के लिए नही हैं। सांसद तो चुने जाते है, लेकिन अपने किए गए वादे भूल जाते हैं।

### लोकसभा सीट का जातीय समीकरण

**संतकबीरनगर।** 62 लोकसभा सीट संतकबीरनगर में कुल 19 लाख 44 हजार 454 मतदाता हैं। जिसमें महिला वोटरों की संख्या 8 लाख 87 हजार 227 है तो पुरुष वोटरों की संख्या 10 लाख 57 हजार 144 है। एक अनुमान के मुताबिक जाति के आधार पर क्षेत्र में निषाद मतदाताओं की तादाद करीब डेढ़ लाख, मुस्लिम मतदाता सवा छह लाख, यादव मतदाता 1 लाख 30 हजार, कुर्मी मतदाता 1 लाख 20 हजार, ब्राह्मण मतदाता 3 लाख, क्षत्रिय मतदाता सवा लाख, भूमिहार मतदाताओं की संख्या 50 हजार और दलित मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े चार लाख है। लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को तीन जनपदों में जाकर मतदाताओं की मनुहार करनी पड़ती है। इस लोकसभा क्षेत्र में संतकबीरनगर जिले कि खलीलाबाद, धनघटा और मेंहदावल के साथ ही गोरखपुर जिले की खजनी और अम्बेडकरनगर जिले की आलापुर विधानसभा क्षेत्र भी शामिल हैं। जिसके चलते प्रत्याशियों को तीन जनपदों का भ्रमण कर वोटरों की मनुहार करनी पड़ती है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों की अपनी अलग अलग समस्याएं हैं। सभी को संतुष्ट कर अपने पक्ष में लामबंद करना प्रत्याशियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती होती है।



### जिले की लोकसभा का हाल

संतकबीरनगर। संत कबीर की निर्वाण स्थली 'मगहर' इसी क्षेत्र में है। संत कबीर नगर लोकसभा सीट से 2014 में यहां पर भाजपा के शरद त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उसके बाद भाजपा के ही प्रवीण निषाद यहां से चुने गए। घाघरा और राप्ती के बीच बसा संत कबीर नगर बस्ती मंडल का हिस्सा है। इस सीट पर पहली बार 2009 में हुए चुनाव में बसपा के भीष्मशंकर तिवारी चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के शरद त्रिपाठी ने यहां पर जीत हासिल की। डेमोग्राफी, विधानसभा और मुद्दे इस लोकसभा सीट में विधानसभा की पांच सीटें खलीलाबाद, घनघटा, मेंहदावल, अलापुर और गोरखपुर जनपद की खजनी शामिल हैं। कभी बुनकरों और जूट उद्योग के लिए प्रसिद्ध संतकबीरनगर में औद्योगिक स्थिति बदहाल है। चुनाव में यह एक अहम मुद्दा होगा। यहां की औसत साक्षरता दर 55.6 फीसद है। संतकबीर नगर की खास बातें यह हैं कि संतकबीर नगर उत्तर प्रदेश का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। इसका मुख्यालय खलीलाबाद है। यहां के मगहर में संतकबीरदास का विश्व प्रसिद्ध स्मारक है। यह उत्तर में सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज जिलों से पूर्व में गोरखपुर जिले से दक्षिण में अम्बेडकर नगर जिले से और पश्चिम में बस्ती जिले से घिरा है। महाभारत कालीन महादेव मंदिर तामेश्वरनाथ, बखीरा स्थित भंगेश्वरनाथ, हैंसरबाजार स्थित हशेश्वरनाथ और जनपद मुख्यालय स्थित प्राचीन समय माता मंदिर यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। दिल्ली से संत कबीर नगर की दूरी 728.6 किलोमीटर है और लखनऊ से 237.1 किलोमीटर है।

## चौथे चरण में 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश में चौथे चरण के चुनाव के लिए शनिवार को 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर में एक, खीरी में दो, धौरहरा में तीन, सीतापुर में एक, हरदोई में एक, मिश्रिख में एक, उन्नाव में दो, फर्रूखाबाद में एक, इटावा में दो, कानपुर में तीन, अकबरपुर में तीन व बहराइच में एक प्रत्याशियों ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये है।

## चुनावी चक्कर

- **उत्सव लोकतंत्र का हो तो सावधानियां आवश्यक :** उत्सव के दौरान लापरवाही से बचना भी एक बड़ी चुनौती होती है। फिर उत्सव लोकतंत्र का हो तो तमाम राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों को लेकर सावधानियां बरतना व्यवस्था संभालने वालों का फर्ज बन जाता है। दरअसल, मथुरा की भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में वोट की अपील करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आयी। हुआ यह कि, शाह के मंच पर पहुंचने से चंद सेंकड पहले बराबर में लगे साउंड सिस्टम के तारों में आग लग गई। चिंगारी निकलती दिखी तो सुरक्षाकर्मियों में अफरातफरी मच गई।
- **दोनों ही गठबंधनों ने कर दिया का सूपड़ा साफ? :** पहले चरण का मतदान तो हो गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर हुए चुनाव के बाद भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता एक दूसरे का सूपड़ा ही साफ हो जाने संबधी बयान दे रहे हैं। ऐसी प्रतिक्रिया देने वालों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हैं तो वहीं दूसरी ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं। दोनों ही तरफ से एक जैसा बयान यानि सूपड़ा साफ होना, सफाया होना, पश्चिम से चली हवा ने दिशा दिखा दी जैसी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

## एक नजर

### करोड़ों कीमत की शराब ड्रग व नकदी जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श आचार संहिता के तहत हुई कार्रवाई में एक करोड़ 47 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। एजेंसियों के जरिये बीते एक मार्च से 19 अप्रैल तक कुल 31399.69 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये हैं। इसमें 2951.14 लाख नकद, 4061.32 लाख की शराब, 21074.87 लाख की ड्रग, 2156.05 लाख की बहुमूल्य धातुएं व 1156.30 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गई। बीते दिन अमेठी की तिलोई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 150 ग्राम ड्रग व बरेली की मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 28 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 280 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

# कांग्रेस को वोट देकर इतिहास कलंकित न करना

## मुख्यमंत्री योगी ने राजस्थान की चुनावी जनसभाओं में कांग्रेस पर किया जोरदार हमला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चित्तौड़गढ़ और जोधपुर में योगी आदित्यनाथ ने किया रोड शो

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को दूसरी बार बतौर भाजपा के स्टार प्रचारक राजस्थान पहुंचे। भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित करने के दौरान वहां योगी के निशाने पर मुख्य रूप से कांग्रेस रही।

जनता के बीच कांग्रेस पर हमला करते हुए योगी ने कहा कि उन लोगों ने महाराणा प्रताप की जगह अकबर को महान बनाने का कार्य किया। कांग्रेस के लोग भारत की सनातन आस्था पर प्रहार करने में कोई संकोच नहीं करते। देश की आस्था पर प्रहार करने के लिए ये कहते थे कि राम हुए ही नहीं। हमें भी कांग्रेस को वोट देकर अपने इतिहास को कलंकित नहीं करना है।

शनिवार को योगी ने चित्तौड़गढ़ और जोधपुर में रोड शो किया। इसके अलावा राजसमंद में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। चित्तौड़गढ़ में जहां उन्होंने पार्टी के प्रत्याशी सीपी जोशी के लिए रोड शो किया। वहीं जोधपुर में प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत के लिए जनता से वोट की अपील की।

उप्र. भाजपा मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, वहां योगी के रोड शो में बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाओं की भी भागीदारी देखने को मिली। बेतहाशा गर्मी में योगी की एक झलक के लिए मकानों की छत पर महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। वहीं दूसरी तरफ योगी आदित्यनाथ ने राजसमंद में विशाल जनसभा करके भाजपा प्रत्याशी महिमा विश्वेश्वर सिंह मेवाड़ के पक्ष में मतदान की अपील की।



राजस्थान के जोधपुर शहर में रोड शो करते हुए मुख्यमंत्री योगी।

# लोग फिर देख सकेंगे बिजली उत्पादन व मांग की स्थिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप्र पावर कॉरपोरेशन के हस्तक्षेप पर वेबसाइट पर सार्वजनिक की गई रिपोर्ट

अमृत विचार : प्रदेश के लोग अब फिर उप्र स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की वेबसाइट पर बिजली उत्पादन व मांग की स्थिति देख सकेंगे। उप्र पावर कॉरपोरेशन के हस्तक्षेप पर वेबसाइट पर दैनिक प्रणाली रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई है।

यूपीएसएलडीसी की वेबसाइट पर 50 साल पुरानी दैनिक ऊर्जा प्रणाली की रिपोर्ट वेबसाइट से हटा दी गई थी। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसका कड़ा विरोध किया था। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना था कि पब्लिक डोमेन में जो भी रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से आम जनता के लिए रहती है, उसको छिपाना पारदर्शिता का उल्लंघन है।

अंततः पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के हस्तक्षेप और फटकार के बाद यूपीएसएलडीसी ने देर रात दैनिक प्रणाली की रिपोर्ट को वेबसाइट पर बहाल कर दिया।

### 23 हजार मेगावाट पार हुई बिजली की मांग

भीषण गर्मी में प्रदेश की बिजली की मांग 23 हजार मेगावाट पार कर गई है। शनिवार को प्रदेश की अधिकतम मांग 23,323 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 13,967 मेगावाट रही। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि निरंतर बढ़ रही मांग को देखते हुए बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को कल से चलेगा अभियान

## हादसों में 50 प्रतिशत तक कमी लाने के निर्देश, मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सरकार प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को प्रयासरत है। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। ऐसे में परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जिलों में 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मनाया जाएगा।




इस दौरान सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जायेगी। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराया जायेगा। कॉमर्शियल चालकों के लिए हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किये जायेंगे। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा सोर्स प्वाइंट पर ही रोका जायेगा।

### प्रमुख कारण

ओवरस्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। यह एक मैन मेड डिजास्टर है, इसलिये इसमें कमी लाने के लिये जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है।

### समीक्षा कर होगी कार्रवाई

निर्देश है कि सभी मण्डल एवं जनपदस्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से होनी चाहिये। इसके लिये सभी मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी दिन निर्धारित करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर उनके भी सुझाव लिये जायें।

### अमरोहा व गाजियाबाद में सभाएं करेंगी मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन जुटाने को बसपा प्रमुख मायावती रविवार को अमरोहा और गाजियाबाद के चुनावी सभाएं संबोधित करेंगी। लोकसभा चुनावों में एनडीए व इंडिया गठबंधन के खिलाफ बसपा अकेले लड़ रही है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल ने बताया कि बसपा कई राज्यों में चुनाव लड़ रही है, उप्र. में प्रत्याशियों के समर्थन में पार्टी प्रमुख की सभाएं तय समय पर संपन्न होंगी। बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय के उद्देश्य से ही पार्टी ने किसी के साथ गठबंधन नहीं किया है और पार्टी अपने लोगों के ही तन, मन, धन के बल पर चुनाव लड़ रही है। गाजियाबाद में प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर के पक्ष में और अमरोहा में मुजाहिद हुसैन के लिए चुनावी सभा संबोधित करेंगी।

# प्रत्येक तस्कर के जिम्मे थी नौ-नौ लाख कीमत की विदेशी सिगरेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गिरफ्तार हुए छह तस्करों में दो की अग्रिम जमानत खारिज

▸▸ 27 तस्कर पुलिस की पकड़ से दूर, तलाश जारी

अमृत विचार : शारजाह से तस्करी कर सामान लखनऊ लाते समय कस्टम अधिकारियों द्वारा पकड़े गए छह तस्करों में दो की अग्रिम जमानत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी। चार की याचिका पर सुनवाई होनी है, जबकि 27 तस्कर अब भी फरार हैं। फरार तस्करों की तलाश लगातार जारी है।

पहली अप्रैल को लखनऊ एयरपोर्ट पर उड़ान संख्या 6ई-1424 से उतरे यात्रियों को संदेह के आधार पर कस्टम अधिकारियों द्वारा रोका गया था। उन यात्रियों में से एक भब्बलपुरी टांडा बदिल रामपुर निवासी मो. रफीक था, जिसकी तलाशी से साढ़े 46 हजार रुपये तथा बैग की तलाशी से सिगरेट की 56 हजार स्टिक्स (मूल्य आठ लाख, 40 हजार) बरामद हुआ था। दूसरा तस्कर अब्दुल बसीर टांडा बदिल रामपुर का निवासी ही है। अब्दुल बसीर के पास से एक लाख तीन हजार रुपये नकद बरामद हुआ था, जबकि 8,61,000 मूल्य के 57,400 स्टिक्स सिगरेट बरामद हुए थे। सिगरेट की तस्करी करने वाले तस्करों की संख्या कुल 35 थी, जिसमें से छह गिरफ्तार हुए बाकी फरार हो गए थे। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने उक्त दोनों तस्करों की जमानत खारिज कर दी है।

### सक्रिय था सिंडीकेट

अधिकारियों ने बरामद सिगरेट पैकेटों का निरीक्षण करके यह बताया कि उन पर वार्निंग लेबल सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) नियम 2018 (कोट्पा) के मानकों के अनुसार अंकित नहीं थी। एयर कस्टम्स सीसीएसआई, एयरपोर्ट अमौसी की आख्या के अनुसार अभियुक्त व सह अभियुक्त के पास से बरामद सिगरेटों का कुल मूल्य तीन करोड़ तीन लाख 63 हजार रुपये है। यह एक सिंडीकेट गिरोह है, जो वाणिज्यिक मात्रा में विदेशी मूल की सिगरेटों की भारत में तस्करी करता है।



भाजपा में शामिल हुए लोगों के साथ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

### सपा प्रदेश कार्यकारणी के पूर्व सदस्य भाजपा में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में भाजपा अपना परिवार बढ़ाने में जुटी हुई है। भाजपा महानगर कार्यालय में शनिवार को सपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमेश मिश्रा समेत अन्य ने भाजपा का दामन थाम लिया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सभी को सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व पार्षद प्रत्याशी समीर मिश्रा, धीरज, अर्पित दीक्षित जिला सचिव समाजवादी छात्र सभा, सुनील मालानी, प्रशांत तिवारी आदि शामिल हैं।

# हर मतदाता को मतदेय स्थल तक पहुंचाने का करें प्रयास : नीरज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारत को विश्व गुरु बनाने का यज्ञ चल रहा है और इसको सफल बनाने में हम सबको आहुति देनी होगी। 20 मई को प्रयास करना होगा कि हर मतदाता को मतदेय स्थल तक पहुंचाकर मतदान कराया जाए।

भाजपा नेता नीरज सिंह ने उक्त बात पूर्व पार्षदों और अनुसूचित जाति के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में कही। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में अनुसूचित वर्ग को भी मिला है। आपके साथ अनुसूचित समाज के प्रत्येक व्यक्ति के घर- घर जाएंगे और उपलब्धियां को बताएंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि अनुसूचित समाज की सभी बस्तियों में प्रभावी मतदाताओं से संपर्क करना है और सभी को उनके वोट की अहमियत बताते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है।


## वर्ग पहेली-46

**बाएं से दाएं**

1. जिसे किसी चीज़ की लत हो, अभ्यस्त, व्यसनी।
2. 1. दरवाज़े के दोनों कपाटों के मध्य फ़र्श पर लगाई गई लकड़ी, देहरी, ड्योढ़ी, चौखट 2. नपुंसक, नामर्द 3. गूलर नाम का एक फल तथा उसका वृक्ष 4. एक प्राचीन जाति 5. एक प्रकार का कोढ़।
4. 1. कोमल, नाज़ुक, मुलायम 2. मनोहर, सुंदर, सुहावना, बहुत अच्छा, उत्तम 3. दक्ष, होशियार, चतुर, प्रवीण।
6. दक्षता।
9. (पुराण) सात पाताल लोकों में से एक।
10. 1. गले लगाना, आलिंगन करना 2. छूना, पकड़ना 3. मिलने पर उपहार देना।

**ऊपर से नीचे**

1. हर्ष
2. 1. भारी उलटफेर, उलट-पुलट, क्रमभंग 2. हलचल।
3. रचयिता, रचना करने वाला।
5. 1. सौरमंडल के ग्रहों में सातवां ग्रह 2. सप्ताह का आख़िरी दिन, शनिवार।
7. टीन का गिलास जिसपर चमकदार रोगन या लुक लगाया गया हो; टीन का पात्र जिसपर चीनी मिट्टी आदि की कलई हो।
8. 1. आसवन करने की क्रिया 2. काढ़ा 3. प्रसव।




### वर्ग पहेली -45 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फुँ | क | ना | | 2 फ़ | रे | बी |
| | | | | रा | | |
| | | 3 ज़ | | मो | | 4 चु |
| 5 अ | 6 म | र | 7 को | श | | ल |
| | 8 स | र | ला | | | चु |
| | नू | | 9 ह | य | शा | ला |
| 10 चो | ई | | ट | | | ना |

# कर्मचारी संगठन के लोगों को बायोमेट्रिक हाजिरी में मिलेगी छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कर्मचारी संगठनों की मांगों के शीघ्र निस्तारण के सरकार ने दिये निर्देश

अमृत विचार : सरकारी विभागों में कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र ही निस्तारण किया जायेगा, इतना ही नहीं कर्मचारी संगठनों की होने वाली निर्धारित बैठकों को लेकर पदाधिकारियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति में भी छूट मिलेगी। इसके लिए अपर मुख्य सचिव डॉ.देवेश चतुर्वेदी ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर निर्देश दिये गये हैं।

राज्य सरकार के अधीन संचालित अधिकांश विभागों में उपस्थिति दर्शाने के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू हो चुकी है। कई विभागों में कर्मचारियों ने क्षेत्रीय कार्य व्यवस्था तहत उक्त का विरोध भी किया था। कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने भी अपनी दिक्कतों से राज्य सरकार को अवगत कराया था। संगठन पदाधिकारियों का कहना था कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए समय समय पर अक्सर विभागों में आना जाना पड़ता है। इसके लिए पदाधिकारियों ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस में निर्धारित समय पर उपस्थिति दर्ज करने में असमर्थता जताई थी। उक्त समस्याओं को ध्यान में रखकर शासन द्वारा कर्मचारी संगठनों की मांगें के निस्तारण करने व बायोमेट्रिक उपस्थिति में छूट प्रदान करने के निर्देश जारी किये गये हैं।

# हनुमान जयंती को लेकर निर्देश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर डीजीपी ने व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा

अमृत विचार : पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने 23 अप्रैल को मनाए जाने वाले श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि समस्त हनुमान मन्दिरों, धर्मस्थलों तथा जुलूसों के मार्ग व महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भ्रमण करते हुए सम्बन्धित धर्म गुरुओं, प्रबंधकों व आयोजकों के साथ स्थानीय मजिस्ट्रेट तथा अन्य विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। थानों के त्योहार रजिस्टर की प्रविष्टियों का अध्ययन कर समस्त आयोजनों के आयोजकों से वार्ता कर यदि किसी प्रकार की समस्या प्रकाश में आती है तो उसका त्वरित समाधान कराया जाय। किसी नयी परम्परा की अनुमति न दी जाय। श्रद्धालुओं के आवागमन व जुलूसों के मार्गों पर प्रभावी यातायात प्रबन्ध, गश्त, पिकेट व अन्य व्यवस्था तत्काल कर ली जाय। सभी जुलूसों में बॉक्स फॉर्मेट में राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में ड्यूटी लगायी जाये तथा छोटे से छोटे जुलूसों के साथ भी आवश्यकतानुसार पुलिस की व्यवस्था की जाए।

### भाजपा का पहला शो फ्लॉप हो गया : अखिलेश यादव



अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में पश्चिम की हवा ने सब पलट दिया है। भाजपा का पहला शो फ्लॉप हो गया है। भाजपा को कोई वोट नहीं देना चाहता है। भाजपा नेताओं की घिसीपिटी कहानी अब कोई नहीं सुनना चाहता है। अखिलेश यादव शनिवार को मेरठ लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों को धोखा दिया। तीन काले कानून लाकर किसानों के खिलाफ कानून बनाया था। किसानों ने भाजपा सरकार के काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन किया। हजारों किसान शहीद हुए। किसान पीछे नहीं हटे। भाजपा सरकार काले कानून वापस लेने पर मजबूर हुई।

## सुडोकू -125

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| | 2 | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | 5 | 7 | | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| 6 | | 4 | 8 | | | | 5 | |
| | 7 | | | 5 | | | 8 | |
| 5 | | | 2 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 1 | | 6 | | |

### सुडोकू -124 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22 अप्रैल 01.11 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 17.08 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज शत्रु आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। आपकी प्रतिभा और योग्यता की सराहना होगी। आपको क्रोध करने से बचना चाहिए। अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है। संतान को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं।

**मिथुन** — आज मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी।

**कर्क** — आज रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाए रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा।

**सिंह** — आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें। गुरु तुल्य लोगों का मार्गदर्शन मिल सकता है। क्रोध और आवेश से आपको बचना चाहिए। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**कन्या** — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ाएगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों की तरक्की हो सकती है। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनाएंगे।

**तुला** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य की समस्याओं का निवारण हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का माहौल सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

**धनु** — आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**मकर** — आज दोस्तों के साथ मनोरंजन भरा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचार जन्म लेंगे। अजनबियों पर भरोसा न करें। गैरकानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ** — आज प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं। ऑनलाइन लेन-देन आपको सावधानी पूर्वक करना चाहिए। वैवाहिक जीवन को ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे। व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से ज्यादा शेयर न करें।

**मीन** — आज सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा, जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कौन करे कुर्बानी — दोपहर : 12.00
मेला — रात : 07.04

SONY MAX
पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 09.56
एनिमल — रात : 09.06

SONY PIX
घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ — सुबह : 10.46
मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

ZEE CINEMA
वीरे दी वेडिंग — सुबह : 10.15
दिल धड़कने दो — रात : 07.15

colors CINEPLEX
मासूम — सुबह : 09.00
ओएमजी 2 — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात :09.06 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक मैं काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

## एक नजर

### मध्य प्रदेश के बैतूल में बस पलटने से पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल

**बैतूल (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में शनिवार तड़के बस पलटने से उसमें सवार पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि ये जवान चुनावी ड्यूटी के बाद अपने गृह जिले राजगढ़ लौट रहे थे, तभी भोपाल-बैतूल राजमार्ग पर बरेठा घाट के पास उनकी बस पलट गई। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) शालिनी परस्ते ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के चार बजे हुई। बस में 40 जवान सवार थे, जिनमें से पांच पुलिसकर्मी और बाकी होम गार्ड थे। ये छिंदवाड़ा में चुनावी ड्यूटी करने के बाद राजगढ़ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बस पलट गई। गंभीर घायल आठ कर्मियों का इलाज बैतूल के जिला अस्पताल में चल रहा है और चोटिल कर्मियों का उपचार शाहपुर अस्पताल में हो रहा है। रास्ते में आए ट्रक से टकराने से बचने में बस पलट गई।

### ओडिशा में नौका पलटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई सात

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी से पांच और शवों के मिलने के साथ ही नौका पलटने की घटना में मारे गए लोगों की संख्या शनिवार को सात हो गई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम नाव पलटने के तुरंत बाद तलाश अभियान शुरू करने वाले ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल तथा अग्निशमन सेवा के कर्मियों ने महानदी से पांच और शव बरामद किए हैं। नदी के हीराकुंड जलाशय से पांच और शव बरामद किए गए। हादसे में मारे गए सभी लोग पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के थे। यह हादसा तब हुआ जब 50 लोग बारगढ़ जिले के पथरसेनी कुडा स्थित मंदिर में दर्शन कर नौका से लौट रहे थे।

### बीएसएफ ने अमृतसर में आधा किलो हेरोइन और ड्रोन बरामद किया

**जालंधर।** बीएसएफ ने पंजाब के अमृतसर जिले में आधा किलो हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को बीएसएफ के खुफिया विंग को अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में खेप के साथ ड्रोन की सूचना मिली। बीएसएफ ने संदिग्ध क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सैनिकों ने एक पैकेट हेरोइन (वजन – 500 ग्राम) के साथ ड्रोन मिला। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप में लपेटा गया था और ड्रोन से एक छोटी टॉर्च भी जुड़ी मिली। यह बरामदगी अमृतसर के नेस्था गांव से सटे खेत में हुई। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक के रूप में हुई है।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और वहां से कुछ संदिग्ध सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि खोजबीन और घेराबंदी के दौरान अरनास उपमंडल के दलास बरनेली क्षेत्र में आतंकवादियों के इस ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। विश्वसनीय जानकारी के बाद यह खोजबीन शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि आतंकी ठिकाने से दो डेटोनेटर, एके असॉल्ट राइफल के 12 कारतूस, एक बैटरी और कुछ तार मिले हैं। रियासी जिले की एसएसपी मोहिता शर्मा ने कहा कि इलाके में खोजबीन अभियान अब भी जारी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### दो इनामी नक्सलियों समेत तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में दो इनामी नक्सलियों समेत तीन ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि नक्सली कवासी हुंगा (42), नुप्पो भीमा (40) और महिला नक्सली हेमला शांति (19) ने आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सली हुंगा और शांति के सिर पर एक-एक लाख का इनाम है। नक्सलियों ने हिंसा छोड़ने का फैसला किया है।

# अमेठी के बाद वायनाड सीट भी हारेंगे साहबजादे: मोदी

## कांग्रेस नेता को 26 अप्रैल के बाद करनी होगी किसी सुरक्षित सीट की तलाशी

**नांदेड़, एजेंसी**



महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की प्रधानमंत्री ने की अपील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के साहबजादे केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से हार जाएंगे और उन्हें उसके बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने लोगों से महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

मोदी ने नांदेड़ रैली में कहा कि पता चलता है कि चुनाव के पहले चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि अमेठी से हार के बाद साहबजादे वायनाड से भी हारेंगे। उन्हें 26 अप्रैल के बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के संदर्भ में कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' के कुछ नेता लोकसभा छोड़कर राज्यसभा में चले गए क्योंकि उनमें चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसानों और गरीबों के विकास में बाधक रही है। मोदी ने कहा कि कृषि संकट अभी का नहीं है। यह कांग्रेस की त्रुटिपूर्ण नीतियों के कारण हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास कोई चेहरा ही नहीं है। वे जो चाहे दावे करें लेकिन हकीकत यही है कि कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर ली। उन्होंने मतदाताओं से चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। मोदी ने कहा कि आप वोट देकर कोई एहसान नहीं कर रहे हैं बल्कि आप देश का भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं। मैं विपक्ष के पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहता हूं। आपका (विपक्षी नेता) चुनाव हारना तय है लेकिन आपको कभी मौका मिलेगा। आपको भी मतदाताओं से मतदान की अपील करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल 25 फीसदी सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चार जून को चुनाव परिणाम के बाद वे एक-दूसरे से और लड़ेंगे। मोदी ने कहा कि अगर नागरिकता संशोधन अधिनियम नहीं होता तो अफगानिस्तान से आए सिखों का भविष्य क्या होता।

# नेहा हत्याकांड: कर्नाटक के गृह मंत्री ने छात्रा के परिजनों से मांगी माफी

- जी परमेश्वर ने नेहा और आरोपी फैयाज में रोमांटिक रिश्ते होने का संकेत दिया था

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक में एमसीए की छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या के मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उसके माता-पिता से अपनी पिछली टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। डॉ. परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि अगर मेरे बयान से नेहा के माता-पिता की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मुझे गहरा खेद है।

गृह मंत्री की शुरुआती टिप्पणियों में नेहा और आरोपी फैयाज के बीच 'रोमांटिक रिश्ते' होने का संकेत दिया गया था, जिससे विवाद खड़ा हो गया था और इसकी कड़ी आलोचना हुई थी। फैयाज की मां मुमताज ने भी नेहा के शोक संतप्त परिवार से सार्वजनिक माफी मांगी है और अपराध में अपने बेटे की कथित भूमिका के लिए पश्चाताप व्यक्त किया है।

इन घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेहा की मां गीता ने कहा कि उनसे मेरी बेटी को वापस लाने के लिए कहें। मैं अपनी बेटी का इंतजार कर रही हूं, आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए, उसे फांसी दी जानी चाहिए, हम अपनी बेटी को जानते हैं, दोनों में कोई रिश्ता नहीं था। क्या हमारी बेटी को नहीं पता था कि वह किस धर्म से है? हमने हमेशा एक साथ समय बिताया और उसने मेरे साथ सब कुछ साझा किया। नेहा के पिता ने लगातार इस मामले को लव जिहाद के रूप में संदर्भित किया है।

उल्लेखनीय है कि हुबली शहर के कॉलेज परिसर में नेहा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद छात्रों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए फैयाज का पीछा करके उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया था। इस घटना के बाद लोग नेहा के लिए न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

### कर्नाटक को जिहादी देश कहने पर विवादों में घिरे विपक्ष के नेता नेता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्ष नेता आर अशोक के राज्य को जिहादी देश कहने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। अशोक ने शुक्रवार को कर्नाटक में सत्तारुढ़ पार्टी के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने के बाद कहा कि जब से सिद्दाधारमैया सरकार सत्ता में आयी है, कर्नाटक एक जिहादी देश बन गया है और हिंदुओं के जीवन को कम महत्व दिया गया है। उन्होंने डीजे हल्ली दंगों से संबंधित मामलों को वापस लेने और कुकर बम मामले में संदिग्धों को बरी करने के सरकार के प्रयास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति में संलिप्त होने का आरोप लगाया। अशोक ने हत्याओं में 31 प्रतिशत की वृद्धि, डकैतियों में 41 प्रतिशत की वृद्धि और पिछले वर्ष में 17 हजार साइबर अपराध के मामलों के पंजीकरण का हवाला देते हुए अपराध दर में वृद्धि की ओर इशारा किया।

# सिसोदिया की जमानत पर कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**आबकारी नीति घोटाला**





सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश 30 अप्रैल को सुना सकते हैं फैसला

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और सिसोदिया के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के नेता ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते दोनों मामलों में अंतरिम जमानत याचिका भी दायर की है। हालांकि सिसोदिया के वकील ने शनिवार को अदालत को बताया कि नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित किए जाने के कारण वह याचिका निरर्थक हो गई है। सीबीआई तथा ईडी का आरोप है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना लाइसेंस दिए गए।

### गवाह बनने के बाद रेड्डी ने भाजपा को दिया 50 करोड़ : संजय

**नई दिल्ली।** आप ने शनिवार को आरोप लगाया कि शराब घोटाले के मुख्य आरोपी सरथ रेड्डी ने सरकारी गवाह बनने के बाद भाजपा को 50 करोड़ रुपए दिए। आप नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय टीवी चैनल पर झूठ बोलकर जनता को गुमराह किया और भाजपा पर रिश्वतखोरी के लगे आरोपों को छुपाने का प्रयास किया। जिस सरथ रेड्डी को ईडी ने मुख्य घोटालेबाज बताया, उसी ने भाजपा को करोड़ों रुपए की रिश्वत दी है।

### हाईकोर्ट सोमवार को शिक्षक भर्ती घोटाला पर सुनाएगा फैसला

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट 2016 की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प. बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में उम्मीदवारों के चयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित याचिकाओं और अपीलों पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। कोर्ट के आदेश पर जांच कर रही सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और प. बंगाल स्कूल सेवा आयोग के कुछ पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति देबांग्सु बसाक व न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की पीठ सोमवार को इस पर फैसला सुनाएगी।

# अपमानजनक पोस्ट के सिलसिले में विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज : निर्वाचन आयोग

**बेंगलुरु, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस की शिकायत पर अपमानजनक पोस्ट पर भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दी है। कांग्रेस ने भाजपा पर शांति भंग करने का आरोप लगाया है। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के 'एक्स' पर कहा गया कि 19 अप्रैल को भाजपा की राज्य इकाई के 'एक्स' पर किए अपमानजनक पोस्ट पर उड़न दस्ता टीम ने मल्लेश्वरम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### कुमारस्वामी के खिलाफ प्राथमिकी

**बेंगलुरु।** चुनाव के संबंध में झूठे बयान देने के आरोप में जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ निर्वाचन आयोग ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। कुमारस्वामी ने कांग्रेस उम्मीदवार डीके सुरेश पर निशाना साधा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के 'एक्स' पर पोस्ट किया कि चुनाव के संबंध में झूठे बयानों पर गुब्बी, तुमकुरु के उड़न दस्तों ने कुमारस्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# लोस चुनाव के तीसरे चरण के लिए महाराष्ट्र में 361 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**मुंबई, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई को होने वाले मतदान के लिए महाराष्ट्र में बारामती और सतारा निर्वाचन क्षेत्रों सहित 11 सीट के लिए 361 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, रायगढ़ सीट पर 28, बारामती में 51, उस्मानाबाद और लातूर में 36-36, सोलापुर में 41, माधा में 42, सांगली में 30, सतारा में 24, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग में नौ, कोल्हापुर में 28 और हातकणंगले में 36 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। तीसरे चरण के लिए नामांकन का आखिरी दिन शुक्रवार था। बारामती सीट से मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले और उनकी भाभी सुनेत्रा पवार (राकपा) में मुकाबला है। कोल्हापुर सीट से शाहू छत्रपति कांग्रेस के उम्मीदवार हैं जबकि सतारा सीट से उदयनराजे भोसले को भाजपा ने टिकट दिया है। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट पर भाजपा उम्मीदवार हैं, जबकि सांगली में संजय काका पाटिल का मुकाबला पहलवान चंद्रहार पाटिल से है जो शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के प्रत्याशी हैं।

### नाबालिग से गैंगरेप के जुर्म में दोषी युवक को उम्रकैद

**पटना।** पटना व्यवहार न्यायालय की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ गैंगरेप में एक युवक को उम्रकैद की सजा के साथ 25 हजार का जुर्माना लगाया है। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने सुनवाई के बाद पटना के अथमलगोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव के शिवलोक को दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़िता को मुआवजे के तौर पर पांच लाख रुपये देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। विशेष लोक अभियोजक सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि 2021 में दोषी ने नाबालिग बालिका से अश्लीलता कर विडियो बनाई और वायरल करने की धमकी देकर उसे दुकान में बुलाकर उसके साथ गैंगरेप किया गया था।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-1000 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1175
**चन्दौसी :** शिवालिक- 995 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 880

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85850 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75900 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 56500-56700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 76,150 |
| सोना रवा | 76,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74800 |
| सिल्वर (पक्की) | 832 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,800 |
| चांदी आभूषण | 84,200 |

### कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2300-2400, आरआर 21-2450-2500, गेहूं फारम 2550-2600, जौ 2000-2100, ज्वार 2000-4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200-2400, चना 5800-5900, अरहर 9000-10000, मसूर 5500-5600, मटर 3700-4000, उड़द हरा 11000-11800, उड़द काला 6000-8000, मूंग 8500-8800, अरहर फूल 15800-16000, अरहर स्पेशल 13800-14000, चना दाल 7200-7300, मटर दाल 4950-5050, मसूर मलका 7150-7200, मसूर दाल 7350-7400, उड़द दाल 9500-13000, उड़द धोवा 10700- 13250, मूँगदाल 9500-10500, मूँग धोवा 10000-11500, अरवा 2000-2300, बासमती न01.8500-10000, सेला 2500 - 3000, बासमती न02.6500-7500, आटा 1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430, लाही 4900-5000, अलसी 4500-4600, अण्डी 4600-4700, तिल्ली 11500- 12700

# केंद्र का लक्ष्य देश को विनिर्माण, सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाना : सीतारमण

## घरेलू बाजार के साथ ही निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर

**अहमदाबाद, एजेंसी**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि न केवल घरेलू बाजार के लिए बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर है। वह एलन मस्क के प्रधानमंत्री मोदी की बैठक रद करने पर सवाल का जवाब दे रही थीं।

उन्होंने कहा कि निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हम चाहते हैं कि विनिर्माता और निवेशक न केवल भारत के लिए, बल्कि यहां से निर्यात करने के लिए भी आएं और उत्पादन करें। हम नीतियों से विनिर्माताओं और निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करेंगे। टेस्ला के सीईओ मस्क ने शनिवार को कहा कि कंपनी के दायित्वों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हो रही है।

सीतारमण ने कहा कि जब बड़ी कंपनियां भारत आने में रुचि दिखाती हैं, तो हम उनके लिए यहां आने और निवेश को आकर्षक बनाने के लिए सब कुछ करेंगे। उस प्रक्रिया में, अगर चर्चा करने के लिए कुछ भी होगा, तो हम निश्चित रूप से चर्चा करेंगे। हमने जो भी किया है, नीति के जरिए किया है। उन्होंने कहा कि नीतियों को इस तरह से तैयार किया गया है ताकि भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाया जा सके।

### अर्थव्यवस्था में गुजरात का योगदान 8.3%


**अहमदाबाद।** वित्त मंत्री ने कहा कि गुजरात जीडीपी में 8.3 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है जबकि इसकी आबादी पांच प्रतिशत है। गुजरात को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) का फायदा मिल रहा है। अहमदाबाद में गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) द्वारा आयोजित विकसित भारत एट 2047 में वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति सरकार आशावान और प्रतिबद्ध है। 2014 में मोदी सरकार आने से पहले देश में मुद्रास्फीति दहाई अंक में थी और पूंजी का पलायन हो रहा था। मोदी सरकार ने निर्णायक सुधारों से अर्थव्यवस्था को नयी दिशा दी और सबके प्रयास से आज भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत है।

### एनर्जीज ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज किए पेश

**नई दिल्ली।** सोलर सेल बनाने वाली कंपनी प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। हैदराबाद स्थित कंपनी आईपीओ के तहत 1,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी। प्रवर्तकों और निवेशकों की ओर से 2.82 करोड़ तक शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) होगी। कंपनी आईपीओ से पहले 300 करोड़ तक के शेयर बड़े निवेशकों को जारी कर सकती है। यदि ऐसा किया जाता है, तो निर्गम का आकार कम हो जाएगा। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की परिचालन आय 1,428 करोड़ रुपये थी, जबकि बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर, 2023 तक यह आंकड़ा 2,017 करोड़ रुपये रहा।

# आभूषण निर्यात 12.17 % घटकर 2.65 लाख करोड़

**मुंबई, एजेंसी**



अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार से उद्योग प्रभावित

देश का रत्न और आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 लाख करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार के कारण उद्योग का प्रदर्शन प्रभावित हुआ। वित्त वर्ष 2022-23 में रत्न एवं आभूषण का निर्यात 3,01,925.97 करोड़ था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसा मुख्य रूप से अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों से उत्पन्न मंदी के कारण हुआ, जो इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। इसके अलावा, चीन में कोविड-19 के बाद सुधार की प्रक्रिया धीमी रहने से भी प्रभाव पड़ा। इस बीच, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये रह गया, जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह 1,76,716.06 करोड़ रुपये था। कृत्रिम हीरों का अनंतिम सकल निर्यात बीते वित्त वर्ष में 13.79 प्रतिशत घटकर 11,611.25 करोड़ रह गया, जो 2022-23 में 13,468.32 करोड़ रुपये था।

# जब दुनिया तनाव में है, भारत प्रगति कर रहा : सीआईआई

**कोलकाता, एजेंसी**

- भारत में सेवा और विनिर्माण, दोनों ही क्षेत्रों में बड़े अवसर है मौजूद



प्रमुख उद्योग मंडल सीआईआई के मनोनीत अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि भारत ऐसे वक्त में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त काफी दिलचस्प है। पुरी आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भी हैं। पुरी ने कहा कि सीआईआई के पास दशकों से बनी एक समृद्ध विरासत है। हम निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था और उद्योग के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त भारत का है। देश में कई नीतिगत हस्तक्षेप किए गए हैं, और वैश्विक कारक हमें आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। देश ऐसे समय में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव में है। पुरी ने कहा कि भारत में बहुत सारे अवसर हैं और यहां प्रतिभा का बड़ा भंडार है। उन्होंने कहा कि जहां तक आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल परिवर्तन का सवाल है, दुनिया हमारी ओर देख रही है। भारत के पास जनसांख्यिकीय लाभांश भी है। सेवा और विनिर्माण, दोनों क्षेत्रों में बड़े अवसर मौजूद हैं।

### विश्व बैंक ने जी-20 अध्यक्ष के तौर पर भारत की प्रशंसा की

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान कई प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत की भूमिका की सराहना की। भारत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत ने 9-10 सितंबर तक नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। शिखर सम्मेलन ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रमुख मतभेदों को दूर करते हुए आम सहमति से 37 पेज के घोषणा पत्र को अपनाया और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के मौके पर बताया कि वैश्विक स्तर के लिए प्रासंगिक कई मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 में भारत की अध्यक्षता की सराहना हो रही है। मौजूदा लोकसभा चुनाव से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में शामिल नहीं हो रही हैं।

# देश की जीडीपी 3.7 लाख करोड़ डॉलर, 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ डॉलर का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वर्तमान समय में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत

भारत के वर्ष 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यस्था बनने की उम्मीद के बीच 10 वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद के बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने के अनुमान के मद्देनजर इस अवधि में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स द्वारा सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में सर्राफ एंड पार्टनर्स के संस्थापक एवं प्रबंध पार्टनर मोहित सर्राफ ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि अभी भारत का सकल घरेलू उत्पाद 3.7 लाख करोड़ डॉलर का है जो 10 वर्षों में बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने का अनुमान है। इसको पाने के लिए 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। इस दिशा में काम जारी है लेकिन गति बनाए रखने की जरूरत है ताकि इसको हासिल कर सके। सोसायटी ऑफ इंडियल लॉ फर्म्स के अध्यक्ष डॉ. ललित भसीन ने कहा कि देश में बड़े पैमाने पर मामले लंबित है लेकिन इस मामलों को मध्यस्थता से निपटाया जा सकता है। अधिकांश मामलों में कहीं न कहीं सरकार आती है और सरकार नीतियों में खामियों की वजह से मामलों का निपटान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया जाना चाहिए लेकिन उनके स्थान पर तर्कसंगत कानून भी बनाये जाने की आवश्यकता है।

# विनेश, रीतिका और अंशु को ओलंपिक कोटा

**बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया।

वहीं, अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिए हैं। सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था।

### पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन



कोरियाई खिलाड़ी को हराने के बाद विनेश फोगाट। ● एजेंसी

यह देखना दिलचस्प होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को भारत का प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पहलवानों की एक मजबूत टीम उतारी थी जिसमें चार महिलायें सीमा बिस्ला, विनेश, अंशु और सोनम मलिक शामिल थीं। अभी तक किसी भी पुरुष पहलवान ने पेरिस कोटा हासिल नहीं किया है। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर तुर्की में नौ मई से खेला जाएगा। विनेश ने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। फाइनल में पहुंचने वाले पहलवानों को अपने देश के लिए कोटा मिलेगा।अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिसमें उसने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिम्बेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश का सामना अलीरजा से



**टोरंटो।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराकर खिताब जीतने की अपनी संभावनाएं पुख्ता करना चाहेंगे। सफेद मोहरों से गुकेश का यह आखिरी मैच होगा और अलीरजा इस समय सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।

गुकेश, अमेरिका के हिकारू नकामूरा और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि 7.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। टूर्नामेंट का सबसे अहम मुकाबला नेपोम्नियाश्चि और नकामूरा के बीच होगा। नकामूरा ने लगातार तीन जीत दर्ज की है जबकि नेपाम्नियाश्चि अकेले खिलाड़ी हैं जो 12 मुकाबलों में अपराजेय रहे हैं। फेबियानो कारूआना भी जीत के दावेदारों में से हैं जिनके सात अंक है। उनका सामना भारत के आर प्रज्ञानानंदा से और आखिरी दौर में नेपोम्नयाश्चि से होगा। गुकेश को आखिरी दौर में नकामूरा से खेलना है।

# लड़कियों के खेलों को दें बढ़ावा : सचिन



**रांची।** चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लाएंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिए पहुंचे। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है। मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने कहा कि मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था । उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं । कई बार उनका फुटबॉल खेलना माता पिता को पसंद नहीं आता। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि बच्चों को प्रोत्साहित करें । ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लाएंगे।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 07 | 297 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई) | 07 | 12 |

## खेल डायरी

### स्वियातेक को हराकर रिबाकिना फाइनल में



**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** एलिना रिबाकिना ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग की इगा स्वियातेक को 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री फाइनल में जगह बनाई। रिबाकिना ने स्वियातेक की लगातार तीसरी ट्राफी जीतने की उम्मीद तोड़ दी। दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी रिबाकिना ने मैच के दौरान 10 ऐस जमाये जबकि 13 में से 11 ब्रेक प्वाइंट बचाए। रिबाकिना ने इस तरह दो घंटे 49 मिनट में जीत हासिल की। यह स्वियातेक के खिलाफ छह भिड़ंत में उनकी चौथी जीत है। अब फाइनल में रिबाकिना का सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक और विम्बलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोयूसोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

### गार्बाइन मुगुरुजा ने टेनिस से लिया संन्यास

**मैड्रिड।** दो बार की मेजर चैंपियन गार्बाइन मुगुरुजा ने 30 साल की उम्र में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने यह फैसला लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहने के कारण लिया। वह जनवरी 2023 के बाद से टेनिस नहीं खेली हैं। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने शनिवार को मैड्रिड में कहा मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और अपनी जिंदगी में एक नया अध्याय खोलने का समय आ गया है। मुगुरुजा ने 2016 फ्रेंच ओपन फाइनल में सेरेना विलियम्स और 2017 विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था।

### कैस्पर रूड बार्सीलोना ओपन के फाइनल में

**बार्सीलोना।** कैस्पर रूड ने शनिवार को यहां बार्सीलोना ओपन में थॉमस मार्टिन ई को सीधे सेट में हराकर साल के अपने चौथे फाइनल में प्रवेश किया। छठी रैंकिंग के नार्वे के इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में 7-6 (6), 6-4 से जीत हासिल की। रविवार को खिताब के लिए अब उनका सामना स्टेफानोस सिटसिपास और डुसान लाजोविच के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। रूड ने क्वार्टरफाइनल में मात्तेओ अर्नाल्डी को 6-4, 6-3 से हराकर सत्र में 27वीं जीत दर्ज की।

### विश्व कप से युवाओं के लिए खुले रास्ते : नाइट



**लंदन।** इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट की चाहत है कि साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 से पहले इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर टीम में चयन के लिए आगे आएं। नाइट ने घरेलू खिलाड़ियों को टी-20 विश्वकप के लिए अपना नाम दावेदारी में रखने के अवसरों का संकेत दिया है। इंग्लिश समर की शुरुआत 21 अप्रैल को 50 ओवर की राचेल हेहो फिलंट ट्रॉफी के साथ होगी, जिससे घरेलू खिलाड़ियों को टी-20 विश्व कप टीम की योजनाओं में खुद को शामिल करने का मौका मिलेगा। ईसीबी की राष्ट्रीय टेप-बॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोलते हुए नाइट ने कहा कि अगर युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो उनके लिये चयन के दरवाजे कभी बंद नहीं होंगे।

# हैदराबाद के तूफान में उड़ा दिल्ली

## हैदराबाद ने दिल्ली को 67 रनों से हराया, ट्रेविस ने 32 गेंदों में खेली 89 रनों की आतिशी पारी

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.251 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |



**125** रन पहले पॉवर प्ले में ठोंक कर हेड और अभिषेक ने आईपीएल और टी20 के इतिहास में बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 67 रन से शिकस्त दी। सनराइजर्स ने सात विकेट पर 266 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद दिल्ली को 19.1 ओवर में 199 रन पर आउट कर दिया। दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर गुर्क ने 18 गेंद में 65 रन का योगदान दिया। सनराइजर्स के लिए नटराजन ने चार विकेट लिए।

इससे पहले ट्रैविस हेड (32 गेंदो पर 89 रन) और अभिषेक शर्मा (12 गेंदो पर 46 रन) के बीच 131 रन की तूफानी शतकीय साझीदारी की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 35वें मुकाबले में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले खेलते हुए सात विकेट पर 266 रन बनाए। अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीत कर पहले खेलते हुए हैदराबाद ने पारी की शुरुआत तूफानी अंदाज में की। हेड और शर्मा ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। इस साझीदारी को तोड़ने के लिए कप्तान ऋषभ पंत ने अपने विश्वनीय गेंदबाज कुलदीप को गेंद थमायी और उन्होने अभिषेक का विकेट ले लिया। अभिषेक ने मात्र 12 गेदों पर दो चौके और छह जानदार छक्के जड़े। कुलदीप ने अपने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर नए बल्लेबाज एडन मारक्रम (1) को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया। लगातार दो विकेट गिरने से हैदराबाद के तेवर नरम पड़ गए और इस बीच शतक की ओर बढ़ रहे ट्रेविस हेड भी कुलदीप का तीसरा शिकार बने। इसके बाद नितीश कुमार रेड्डी (37) ने हालांकि कुछ अच्छे शाट्स खेल कर रन गति को बढाने का प्रयास किया मगर कुलदीप की नजरों से वह भी नहीं बच सके।



जीत के बाद जश्न मनाते हैदराबाद के खिलाड़ी।

### हैदराबाद 266/7 (20 ओवर, अतिरिक्त : 5)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का स्टब्स बो कुलदीप | 89 | 32 | 11/6 |
| अभिषेक शर्मा का अक्षर बो कुलदीप | 46 | 12 | 2/6 |
| ऐडन मार्कराम का अक्षर बो कुलदीप | 1 | 3 | 0/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो अक्षर | 15 | 8 | 0/2 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का वार्नर बो कुलदीप | 37 | 27 | 2/2 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 59 | 29 | 2/5 |
| अब्दुल समद का नोर्किया बो मुकेश | 13 | 8 | 1/1 |
| पैट कमिंस रन आउट | 1 | 1 | 0/0 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 3-0-51-0, ललित 2-0-41-0, नोर्किया 3-0-31-0, कुलदीप 4-0-55-4, मुकेश 4-0-57-1, अक्षर 4-0-29-1

### दिल्ली 199/10 (19.1 ओवर, अतिरिक्त : 8)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वार्नर का कमिंस बो भुवनेश्वर | 01 | 3 | 0/0 |
| जैक फ्रेजर गुर्क का क्लासेन बो मार्कंडेय | 65 | 18 | 5/7 |
| अभिषेक पोरेल स्टं. क्लासेन बो मार्कंडेय | 42 | 22 | 7/1 |
| ट्रिस्टन स्ट्ब्स का शाहबाज बो रेड्डी | 10 | 11 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का नटराजन बो रेड्डी | 44 | 35 | 5/1 |
| ललित यादव बो नटराजन | 7 | 8 | 1/0 |
| अक्षर पटेल का कमिंस बो नटराजन | 6 | 8 | 0/0 |
| एनरिच नोर्किया बो नटराजन | 0 | 2 | 0/0 |
| कुलदीप यादव पगबाधा नटराजन | 0 | 1 | 0/0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सुंदर 2-0-46-1, भुवनेश्वर 4-0-33-1, कमिंस 4-0-35-0, नटराजन 4-0-19-4, मार्कंडेय 2-0-26-2, शाहबाज 1-0-22-0, रेड्डी 2.1-0-17-2

## चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन हैं धोनी : फ्लेमिंग



**लखनऊ।** महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के 'दिल की धड़कन' बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता।

42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाए लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा कि यह प्रेरणास्पद है ना, अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उब रने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं। इसलिए दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है।

## मनु का दमदार प्रदर्शन, अनीश ने दर्ज की अप्रत्याशित जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ओलंपियन और महिला पिस्टल शूटर मनु भाकर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल टी1 (ओएसटी टी1) प्राप्त करने के लिए, विश्व रिकॉर्ड से छह अंक अधिक अंक हासिल करते हुए चार प्रतिद्वंदी महिलाओं को शनिवार को डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में धूल चटा दी। बाद में अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी1 में अपेक्षित विनियमन जीत हासिल की।

डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 राइफल/पिस्टल के पहले दिन प्रतियोगिता के अंत में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में मनु शीर्ष पर रहीं, जबकि भावेश शेखावत ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# सूर्या की मदद करने के लिए डेविड, पोलार्ड पर जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मैच का एक वीडियो वायरल होने के कारण खड़े हुए विवाद के बाद लगाया गया है। इस वीडियो में दिख रहा था कि पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के सदस्य और सहयोगी स्टाफ कथित रूप से बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रिव्यू लेने के लिए कह रहे थे जो आईपीएल की आचार संहिता के खिलाफ है।

आईपीएल ने कहा कि डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के अंतर्गत लेवल एक का अपराध किया है। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। दोनों ने उल्लंघन स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी द्वारा लगाया जुर्माना स्वीकार कर लिया है। मुंबई इंडियंस की पारी के 15वें ओवर में अर्शदीप सिंह की गेंद ऑफ स्टंप के बाहर थी जो लाइन के बहुत करीब थी। उन्होंने इस पर शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन मैदानी अंपायर ने इसे वैध गेंद माना, लेकिन टीवी कैमरों में दिखाया गया कि मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर सूर्यकुमार को इशारा कर रहे थे कि यह गेंद वाइड है।



### धीमी ओवरगति पर राहुल-ऋतुराज की फीस कटी

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 12-12 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। लखनऊ ने अपने मैदान पर खेलते हुए चेन्नई को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था तो राहुल पर जुर्माना लगाया। इसी तरह से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज पर भी धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया है।

## बॉलीवुड हलचल

# सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज, हो गया है। इस फिल्म मे दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम के तौर पर एंट्री हो रही है, और वह फिल्म में शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में दीपिका पादुकोण सिंघम अजय देवगन की तरह पंजे वाला पोज करती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए रोहित शेट्टी ने लिखा है, मेरी हीरो...रील में भी और रियल में भी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण। दीपिका पादुकोण को इस पोस्टर में पुलिस की वर्दी में देखा जा सकता है। उनकी आंखों पर चश्मा है और सिंघम वाला पोज है।



## अरमान के रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' में मेहमान बने कैलम स्कॉट




**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने गायक-गीतकार अरमान मलिक ने अपने रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' के दूसरे एपिसोड में अंग्रेजी गायक-गीतकार कैलम स्कॉट के साथ बातचीत की। अपनी असाधारण संगीत प्रतिभा के लिए मशहूर, गायक-गीतकार अरमान मलिक एप्पल म्यूजिक पर अपना रेडियो डेब्यू करने वाले पहले भारतीय कलाकार बन गए हैं। उनके शो 'ओनली जस्ट बिगन' में संगीतकार सलीम मर्चेंट पहले अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसे दुनिया भर के प्रशंसकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। दूसरे एपिसोड में, अरमान मलिक के साथ अंग्रेजी गायक-गीतकार कैलम स्कॉट शामिल हुए, जिनके साथ उन्होंने अपने नए सिंगल 'ऑलवेज' के लिए सहयोग किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित कलाकार, कैलम स्कॉट 'यू आर द रीजन', 'डांसिंग ऑन माई ओन', 'एट योर वर्स्ट' और अन्य हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। अरमान मलिक के साथ उनका नवीनतम गाना एक प्रेम गीत है जिसमें दोनों ने पियानो और ऑर्केस्ट्रा के साथ गायन किया है। रेडियो शो के बारे में बात करते हुए, अरमान मलिक ने कैलम स्कॉट के साथ दिल को छू लेने वाली बातचीत से शुरुआत की और उनसे भारत और मुंबई में उनके अनुभव के बारे में पूछा।

# अब हारी तो पिछड़ जाएगी आरसीबी

**कोलकाता, एजेंसी**

हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे।

आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिए काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था कि गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आ गया है। केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। नारायण ने सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी के जौहर भी दिखाए हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है।



### आज के मुकाबले

**आरसीबी बनाम केकेआर**
**समय : दोपहर 3:30 बजे**

**पंजाब किंग्स बनाम गुजरात टाइटंस**
**समय : शाम 7:30 बजे**

### जीत की राह पर वापस लौटना चाहेगी गुजरात

**मुल्लांपुर।** लगातार हार के बाद अंकतालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी। पंजाब किंग्स नौवे स्थान पर है जिसे मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया। जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसने चार विकेट 14 रन पर गंवा दिये थे लेकिन उसके बाद आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने टीम को मैच में लौटाया। सात मैचों में पांच हार और दो जीत से टीम का आत्मविश्वास डिगा हुआ है लेकिन विरोधी टीम का भी वही हाल है। पंजाब को प्रभावी कप्तान शिखर धवन की कमी खल रही है और उनका रविवार के मैच में भी खेल पाना निश्चित नहीं है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कंगाल पाकिस्तान ने आईएमएफ के सामने फैलाए हाथ

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से जलवायु वित्तपोषण के साथ छह से आठ अरब डॉलर के बीच का अगला राहत पैकेज देने का औपचारिक अनुरोध किया है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ से विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत तीन साल के अगले राहत पैकेज के ब्योरे को अंतिम रूप देने के लिए अपने रिव्यू मिशन को अगले महीने भेजने का भी अनुरोध किया है।

हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नए पैकेज का सटीक आकार और समय सीमा मई 2024 में अगले बेलबाउट के प्रमुख संदर्भों पर आम सहमति बनाने के बाद ही निर्धारित की जाएगी। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन के दौरे पर है।

हालांकि एक पाकिस्तानी अधिकारी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी ओर आईएमएफ ने मध्य पूर्व और मध्य एशिया के लिए जारी अपने नवीनतम क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक (आरईओ) में कहा कि नकदी की कमी वाले देश (पाकिस्तान) के बाहरी बफर खराब हो गए हैं। यह चिंता खासकर ज्यादातर यूरोबॉन्ड के पुनर्भुगतान और ऋण सेवाओं के बारे में हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जहां महंगाई का दबाव बना रहता है, खासकर मिस्र, कजाखस्तान, पाकिस्तान, ट्यूनिशिया और उज्बेकिस्तान, वहां मौद्रिक नीति को कड़ा रहना चाहिए और मुद्रास्फीति की स्थिति बहुत अधिक पलट की ना जाए उसके जोखिम पर भी बारीकी से निगरानी करते हुए डेटा पर निर्भर रहना चाहिए।

2023 में गिरावट के बाद, पाकिस्तान की विकास दर में 2024 में 2 प्रतिशत तक सुधार होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था में यह वृद्धि कृषि और कपड़ा क्षेत्रों में सकारात्मक बदलावों से आने की अपेक्षा की जा रही है। इस बीच, पाकिस्तान वित्त मंत्री औरंगजेब ने वाशिंगटन में विश्व बैंक को बताया कि प्रमुख क्षेत्रों में सुधार एजेंडा के पूरी तरह लागू होने के साथ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के 2047 तक 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है।

### 3 बिलियन डॉलर का समझौता अप्रैल के अंत में होगा पूरा




आईएमएफ के साथ पाकिस्तान का मौजूदा 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का समझौता अप्रैल के अंत में पूरा हो रहा है। वहां की सरकार व्यापक आर्थिक स्थिरता को स्थायी बनाए रखने में मदद के लिए एक लंबा और बड़ा ऋण मांग रही है, जिससे देश बहुत जरूरी संरचनात्मक सुधारों को लागू कर सके। वहीं, आईएमएफ ने कहा है कि नए ऋण पैकेज के लिए बातचीत हो रही है वह अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और सुधारों को प्राथमिकता देने के लिए नाकाफी है।

# रोजगार के मोर्चे में राहत, फरवरी में ईपीएफओ से जुड़े 15.48 लाख सदस्य

*लोकसभा चुनाव 2024 के बीच रोजगार के मोर्चे पर सरकार के लिए राहत भरी खबर आई है। शनिवार 20 अप्रैल को जारी ईपीएफओ के प्रोविजनल पेरोल डेटा के मुताबिक फरवरी, 2024 में ईपीएफओ में 15.48 लाख सदस्य जुड़े हैं। डाटा के मुताबिक फरवरी के महीने में ईपीएफओ में 7.78 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। डेटा का एक उल्लेखनीय पहलू ये है कि इसमें 18-25 उम्र के युवाओं का दबदबा रहा है, जो कुल नए सदस्यों का महत्वपूर्ण 56.36 फीसदी है।*

### सदस्यों में ज्यादातर युवा जुड़े

ईपीएफओ के डाटा से पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले ज्यादातर युवा हैं। इसमें मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। पेरोल डाटा ये भी दर्शाता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए हैं। दरअसल इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली थी और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले ऑर्गनाइजेशन में फिर से शामिल हो गए। इन्होंने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपने जमा किए पैसों को ट्रांसफर करने का विकल्प चुना है। इससे दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण की रक्षा हुई और उनकी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार हुआ।

### पिछले साल की तुलना में हुई बढ़ोतरी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से नवंबर, 2023 में लगभग 13.95 लाख लोग जुड़े हैं। इनमें से 7.36 लाख लोग युवा हैं। ईपीएफओ के आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में अधिक है। ईपीएफओ आंकड़ों के अनुसार, नवंबर, 2023 के दौरान लगभग 7.36 लाख नए सदस्यों ने नामांकन किया है। नए शामिल हुए सदस्यों में 18-25 वर्ष के युवाओं का आंकड़ा सबसे ज्यादा 57.30 फीसदी है।

### 2.05 लाख नई महिला सदस्य हैं शामिल

पेरोल डेटा का विश्लेषण से पता चलता है कि 7.78 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.05 लाख नई महिला सदस्य हैं। इसके अलावा, फरवरी महीने के दौरान कुल महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही है। उद्योग-वार डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि मासिक आधार पर उद्योगों में लगे प्रतिष्ठानों जैसे कंप्यूटर के निर्माण, मार्केटिंग सर्विसिंग और उपयोग में लगे प्रतिष्ठान, सड़क मोटर परिवहन, ऑटोमोबाइल सर्विसिंग, कपड़ा आदि में कारोबार करने वाली कंपनियों से सबसे ज्यादा सदस्य जुड़े हैं। ईपीएफओ के डाटा के मुताबिक कुल शुद्ध सदस्यों में से, लगभग 41.53 फीसदी अतिरिक्त विशेषज्ञ सेवाओं (मैनपावर सप्लायर्स, सामान्य ठेकेदारों, सुरक्षा सेवाओं, विविध गतिविधियों आदि) से हैं।

## एक नजर



### यरूशलम में ईश्वर को लिखी सैकड़ों चिट्ठियां, ताकि जंग बंद हो

**तेल अवीव।** यरूशलम के अल अक्सा मस्जिद की पश्चिमी दीवार यहूदियों का पवित्र धार्मिक स्थान है। पश्चिमी दीवार को यहूदियों के पवित्र टेंपल माउंट का हिस्सा माना जाता है। यहां इस्लाम और ईसाई धर्म के पवित्र धार्मिक स्थल हैं। यहां लोगों ने जंग बंद करने के लिए ईश्वर को चिट्ठियां लिखी हैं।

### ट्रंप की सुनवाई के दौरान कोर्ट के बाहर आत्मदाह वाले युवक की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर खुद को आग लगाने वाले युवक की मौत हो गई है। न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने कहा कि अस्पताल उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे कलेक्ट पॉन्ड पार्क इलाके में पहुंचे व्यक्ति के पास कुछ पर्चे थे। व्यक्ति ने ये पर्चे इधर-उधर फेंके और फिर खुद को आग लगा ली। पुलिस ने कहा कि कुछ दिन पहले फ्लोरिडा से न्यूयॉर्क आए व्यक्ति ने पार्क में घुसने के लिए सुरक्षा चौकियों पर कोई सेंधमारी नहीं की थी।

### मणिपुर में मतदान केंद्रों पर गोलीबारी के मामले में 3 गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले में एक मतदान केंद्र के पास गोलीबारी की घटना में शामिल होने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्ति इंफाल पूर्वी जिले के मोइरंगकम्पु साजेब में गोलीबारी की घटना में शामिल थे। इस घटना में शुक्रवार को एक व्यक्ति घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी गोलीबारी करने के बाद चार पहिया वाहन से मौके से फरार हो गए थे और उन्हें घटनास्थल से पांच किलोमीटर से भी कम दूरी पर शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पंजाब के फाजिल्का में सवा दो किलोग्राम हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के फाजिल्का जिले से दो किलो 220 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खेप की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। बीएसएफ जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सैनिकों ने 2.220 किलोग्राम हेरोइन सफलतापूर्वक बरामद की है।

# विश्व में तीसरे युद्ध की आहट, अब इराक पर ड्रोन से हमला, दो सैन्य अड्डे तबाह

## अमेरिका और इजराइल का हमले से इनकार, तीन लोग घायल

बगदाद, एजेंसी

इराक के सैन्य अड्डों पर जबरदस्त हवाई हमले हुए हैं। ये हमले बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में आधी रात को एक अज्ञात विमान द्वारा किए गए, जिसमें दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी हुई है। हवाई हमले ड्रोन के जरिए किए गए और दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले इराक के पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) की ओर से इस्तेमाल किए गए सैन्य अड्डे पर हुए हैं। इन हमलों में तीन लोग घायल भी हुए हैं, जबकि घटनास्थल तबाह हो गया है।

इराकी अर्धसैनिक हश्द शाबी बल बाबिल प्रांत के उत्तरी भाग में ये हमला हुआ। हमले में दों सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें में एक हश्द शाबी बलों का गोला-बारूद का गोदाम तबाह हो गया और दूसरा हमला टैंक मुख्यालय पर हुआ। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से सूत्र ने कहा कि बगदाद से लगभग 30 किमी दक्षिण-पूर्व में मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में पुख्ता जानकारी अभी नहीं है।

इराक पर हमले को लेकर अमेरिका और इजराइल दोनों ने इनकार किया है। दोनों देशों ने कहा कि इसमें उनका कोई हाथ नहीं है। इससे पहले अमेरिका ने ही ऐन-अल-असद हवाई अड्डे पर एक हमले को नाकाम किया था। यहां अमेरिका और अन्य देशों के सैन्य बल मौजूद हैं।

### सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जा रही है जांचः इराक की सुरक्षा समिति

बगदाद के दक्षिण में बेबीलोन गवर्नरेट में सुरक्षा समिति के सदस्य मुहन्नाद अल-अनाजी के अनुसार, विस्फोट विशेष रूप से पॉपुलर मोबिलाइजेशन यूनिट्स (पीएमयू) से संबंधित एक जगह पर हुए।



बेबीलोन गवर्नरेट के उत्तर में राजमार्ग पर अल-मशरौ जिले के कलसू सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जांच चल रही है। ईरान को संदेह है कि यह धमाके कहीं न कहीं इस्राइल की साजिश है। हालांकि, इजराइल और अमेरिका के अधिकारियों ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीएमयू एक इराकी अर्धसैनिक समूह है जो ज्यादातर शिया ईरान द्वारा समर्थित है। पीएमयू स्थानीय प्रशासन से संबद्ध है और ईरान में शिया के साथ मजबूत संबंध हैं जो लंबे समय से इराकी राजनीति पर हावी है। बता दें, ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इजराइल पर लगाया था।

# म्यांमार: सेना व विद्रोही गुटों के बीच भड़का संघर्ष

बैंकाक, एजेंसी

- सीमावर्ती शहर में हुई हिंसक झड़प 1,300 लोगों का थाइलैंड पलायन



सीमावर्ती शहर में झड़प शुरू होने के बाद शनिवार को 1,300 लोग पूर्वी म्यांमार से भागकर थाईलैंड में प्रवेश कर गए हैं। करेन जातीय अल्पसंख्यक लड़ाकों ने पिछले हफ्ते म्यावाडी और उसके आसपास म्यांमार सेना की आखिरी चौकी पर कब्जा कर लिया, जो मोई नदी पर दो पुलों द्वारा थाईलैंड से जुड़ा है।

नवीनतम झड़पें सुबह शुरू हुईं, जब करेन गुरिल्लाओं ने म्यांमार सैनिकों के खिलाफ हमला बोल दिया जो दूसरे थाई-म्यांमार मैत्री पुल के पास छिपे थे। थाई अधिकारियों ने बताया कि म्यावाडी के कई इलाकों में झड़पों के बाद शुक्रवार से लोगों ने पुल को पार करना शुरू कर दिया। म्यावाडी का पतन उस सेना के लिए बड़ा झटका है, जिसने 2021 में आंग सान सू की की चुनी सरकार से सत्ता छीन ली थी। थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने शनिवार को इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि वह सीमा की स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा- हम अपनी सीमाओं और अपने लोगों की सुरक्षा के लिए तैयार हैं। साथ ही, अगर जरूरी हो तो हम मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भी तैयार हैं।

# अमेरिका ने पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद करने वाली संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

- चीन की तीन समेत चार कंपनियां खतरनाक हथियार बनाने में कर रही थीं मदद

पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका ने लंबी दूरी और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए तकनीकी चीजों की आपूर्ति करने वाली चीनी और बेलारूस की कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

शीआन लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, चीन की तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रैनपेक्ट कंपनी लिमिटेड और बेलारूस की मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट समेत चार कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। ये कंपनियां उन गतिविधियों में लीन थी, जिससे खतरनाक हथियारों को बनाने में मदद मिल रही थी। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा मिसाइल बनाने में ये कंपनियां मदद कर रही थी। मिलर ने कहा कि अमेरिका कोई भी गलत कदम को रोकने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। बता दें कि चीन हमेशा से पाकिस्तान का सहयोगी रहा है और इस्लामाबाद के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए हथियारों और रक्षा उपकरणों को उपलब्ध कराता रहा है। इनमें से एक कंपनी मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट ने पाकिस्तान के लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए विशेष वाहन चेसिस की आपूर्ति की। विदेश विभाग की फैक्टशीट के अनुसार, ऐसी चेसिस का उपयोग पाकिस्तान के एनडीसी द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए लॉन्च सपोर्ट उपकरण के रूप में किया जाता है, जो एमटीसीआर बैलिस्टिक मिसाइलों के विकास के लिए जिम्मेदार है।

# दोषियों को दी गई जमानत के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट पहुंची सौम्या की मां

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली हाई कोर्ट ने उम्र कैद के सजा पाए चारों को 12 फरवरी को दी थी जमानत

पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार दोषियों को दी गई जमानत के खिलाफ माधवी विश्वनाथन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की शीर्ष अदालत की पीठ सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 फरवरी को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा को निलंबित कर दिया और दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली अपीलों के लंबित होने तक सभी को जमानत दे दी। दोषियों को राहत देते हुए हाई कोर्ट ने कहा था कि वे 14 साल से हिरासत में हैं। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चारों दोषियों द्वारा दायर अपील पर जवाब देने को कहा था। कपूर, शुक्ला और मलिक को 2009 के जिगिशा घोष हत्याकांड में भी दोषी ठहराया गया था और वे अब भी जेल में हैं। बता दें, सौम्या की 30 सितंबर 2008 को दक्षिणी दिल्ली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या तब हुई, जब वह आफिस से घर लौट रही थीं।

## माउंट रुआंग ज्वालामुखी फटा



**जकार्ता:** उत्तरी इंडोनेशिया के सुलावेसी में माउंट रुआंग ज्वालामुखी में विस्फोट के चलते सुनामी की चेतावनी और सर्वोच्च लेवल-4 का अलर्ट जारी किया गया। राख आसमान में 3 किमी तक फैल गई। मानाडो के सेम रातुलांगी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करना पड़ा है। इससे हजारों विदेशी यात्री फंस गए हैं। 1100 किमी दूर मलेशिया के किनाबालू एयरपोर्ट की उड़ाने भी बाधित हुई है। ● एजेंसी

# ताइवान की हवाई सीमा में चीन की घुसपैठ, कई क्षेत्रों में घुसे लड़ाकू विमान और ड्रोन

**ताइपे, एजेंसी।** चीन और ताइवान के बीच नए युद्ध को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच खबर है कि चीन ने ताइवान की हवाई सीमा में घुसपैठ की है। ताइवान की एक न्यूज एजेंसी का कहना है कि उसके हवाई क्षेत्र में चीन द्वारा लड़ाकू विमानों और ड्रोन की सहायता से घुसपैठ की गई है। इनमें चीन के जे-16 लड़ाकू विमान, शानक्सी वाई-8 विमान और ड्रोन सहित 21 चीनी सैन्य विमान शामिल हैं। इनमें से 17 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य या उसके विस्तार की मध्य रेखा को पार कर लिया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट की गई है। इसमें बताया गया है कि ताइवान के क्षेत्र में चीन के जे-16, वाई-8 विमान और ड्रोन समेत पीपल्स लिबरेशन आर्मी के 21 विमानों द्वारा घुसपैठ की गई है। इनमें से 17 विमानों ने मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी, मध्य और दक्षिण पश्चिमी क्षेत्रों में गश्त की।

# उ. कोरिया ने सबसे खतरनाक क्रूज मिसाइल का किया परीक्षण

सियोल, एजेंसी



अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने फिर हथियारों का परीक्षण किया है। उसने पश्चिमी तटवर्ती क्षेत्र से एक सुपर-लार्ज क्रूज मिसाइल वारहेड और एक नई एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का परीक्षण किया।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा किसी भी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद उत्तर कोरिया अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने में जुटा है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया के अनुसार, रणनीतिक क्रूज मिसाइल ह्वासल-1 आरए-3 के लिए तैयार वारहेड और प्योलज्जी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने इससे पहले दो फरवरी को ऐसे ही परीक्षण किए थे, लेकिन उस समय क्रूज मिसाइल या विमान रोधी मिसाइलों के नाम नहीं बताए गए थे। केसीएनए ने कहा कि शुक्रवार के परीक्षण उत्तर कोरिया की नियमित सैन्य प्रगति गतिविधियों के तहत थे और आसपास की स्थिति से इसका कोई लेनादेना नहीं है।

**सर्वेक्षण** न्यूयॉर्क टाइम्स सिएना पोल ने किया सर्वे, दो माह पहले फरवरी में 5 फीसदी थी राष्ट्रपति की लोकप्रियता

# बाइडन की लोकप्रियता में इजाफा, ट्रंप से 1% ही पीछे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। न्यूयॉर्क टाइम्स सिएना पोल के सर्वे के मुताबिक बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में अंतर घटकर एक फीसदी रह गया है। जो दो माह पहले फरवरी में 5 फीसदी था।

लोगों से पूछा गया था कि राष्ट्रपति चुनाव आज हों तो आप किसे वोट देंगे? फरवरी में 48 फीसदी लोग ट्रंप के साथ और 43 फीसदी लोगों ने बाइडन का समर्थन किया था। लेकिन अब दोनों नेताओं में लोकप्रियता को लेकर मात्र एक फीसदी की अतंर रह गया है। बता दें इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दोनों नेता एक बार फिर आमने-सामने नजर आ सकते हैं। हालिया हुए सर्वे में पाया गया कि मतदाता देश की अर्थव्यवस्था से संतुष्ट नहीं हैं, इसके साथ वे बाइडन की क्षमता और राष्ट्रपति के रूप में उनके प्रदर्शन से भी निराश हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जार्जिया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना राज्यों में बाइडन पर दो से आठ प्रतिशत तक बढ़त बनाई।

जबकि, बाइडन केवल विस्कन्सिन राज्य में मतदाताओं का तीन प्रतिशत अधिक समर्थन प्राप्त कर सके। राष्ट्रपति बाइडन के विरुद्ध सभी राज्यों में पद के प्रदर्शन को लेकर 16 प्रतिशत नकारात्मक दृष्टिकोण रहा, जबकि चार राज्यों में यह 20 प्रतिशत तक देखा गया।

अगर ट्रंप की बात करें तो जब वह राष्ट्रपति थे तो केवल एरिजोना राज्य में उनके विरुद्ध नकारात्मक दृष्टकोण था। हालांकि, चुनाव को लेकर सभी राष्ट्रीय सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाली रीयल क्लीयर पालिटिक्स के अनुसार, 2020 की तरह इस वर्ष के चुनाव में भी ट्रंप और बाइडन के बीच कांटे का मुकाबला होने की संभावना है। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के औसत के अनुसार ट्रंप राष्ट्रपति बाइडन से 0.8 प्रतिशत से आगे हैं।

### बाइडन को वोट देने वाले डेमोक्रेट वोटर्स में लोकप्रियता बढ़ी

- राष्ट्रपति बाइडन लोकप्रिय होने के साथ डेमोक्रेट वोटर्स में भी ज्यादा पॉपुलर हुए हैं।



- 2020 में बाइडन को वोट देने वाले 89 फीसदी डेमोक्रेट्स का कहना है कि आज वोटिंग हो तो वे बाइडन को वोट देंगे, फरवरी में यह आंकड़ा 83 फीसदी ही था, जो अब 6 फीसदी बढ़ा है।
- ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी में समर्थकों में लोकप्रियता घटी है। फरवरी में 97 फीसदी रिपब्लिकन साथ थे, जो अब 3 फीसदी घटकर 94 फीसदी बचे हैं।

# अपराधों की जांच के लिए संदेशखालि पहुंची सीबीआई

कोलकाता, एजेंसी




सीबीआई टीम महिलाओं के खिलाफ कथित अपराधों और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच के लिए शनिवार को पश्चिम बंगाल के जिले के संदेशखालि पहुंची। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, संदेशखालि के सुंदरीखालि इलाके में पीड़ितों के घर पहुंचे कर उनसे व्यक्तिगत रूप से बात की, उनके आरोपों के बारे जानकारी हासिल की है।

अधिकारी ने कहा कि टीम ने संदेशखाली थाने और जांच के संबंध में स्थानीय पुलिसकर्मियों से बात की है। उन्होंने बताया कि, हम महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के संबंध में ग्रामीणों से बात करने के लिए संदेशखालि में हैं। हम उनके आरोपों को लिख रहे हैं।'' कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की पिछले सप्ताह सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था। संदेशखालि में इन मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। अदालत ने सीबीआई को आरोपों की जांच करने और एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। पांच जनवरी को कथित राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी के लिए संदेशखालि पहुंचे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ ने हमला कर दिया था।